

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 322 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 09 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## 'मुझे हिंदू होने पर गर्व.., पीएम मोदी मेरे सम्मानित', भारत आते ही ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने क्या कुछ कहा

नई दिल्ली. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का भारत में जोरदार स्वागत हुआ है. वह अपनी पत्नी के साथ भारत पहुंचे हैं. यहां आने के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कई मुद्दों पर खुलकर जवाब दिए. इसी कड़ी में जब उनसे हिंदू धर्म पर एक सवाल पूछा गया तो उन्होंने काफी उत्साहित होकर कहा, **'I am a Proud Hindu'** उन्होंने मंदिर जाने की भी बात कही.



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक जी 20 समिट में भाग लेने शुक्रवार को भारत पहुंचे हैं. उन्होंने एएनआई से बात करते हुए हिंदू धर्म से जुड़ाव पर कहा, 'मुझे हिंदू होने पर गर्व है और मेरी परवरिश इसी तरह हुई है. मैं ऐसा ही हूं. उम्मीद है कि मैं अगले कुछ दिनों के लिए यहां रहने के दौरान एक मंदिर जा सकता हूं.' मंदिर जाकर करूंगा जन्माष्टमी की भरपाई उन्होंने कहा, 'अभी रक्षा बंधन बीता है, इसलिए मेरी बहन और चचेरी बहनों से मिली राखियां मेरे पास हैं. मेरे पास दूसरे दिन जन्माष्टमी को ठीक से मनाने का समय नहीं था, लेकिन उम्मीद है अगर हम इस बार मंदिर जाते हैं तो मैं इसकी भरपाई कर सकता हूं.'

उन्होंने कहा कि यह कुछ ऐसा है जो मेरे लिए महत्वपूर्ण है. मुझे लगता है कि विश्वास एक ऐसी चीज है जो हर उस व्यक्ति की मदद करती है जो अपने जीवन में विश्वास रखता है, खासकर जब आपके पास मेरे जैसे तनावपूर्ण काम हैं. विश्वास आपको लचीलापन देता है, ताकत देता है और यह जरूरी है.

### पीएम मोदी के प्रति बहुत सम्मान है: सुनक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रिश्तों पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि मेरे मन में पीएम मोदी के प्रति बहुत सम्मान है और वह भी मेरे प्रति बहुत स्नेह रखते हैं. हम भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच एक महत्वाकांक्षी और व्यापक बिजनेस डील को पूरा करने की अपनी साझा महत्वाकांक्षा पर बहुत कड़ी मेहनत कर रहे हैं, क्योंकि हम दोनों सोचते हैं कि यह एक अच्छी बात होगी और हम दोनों को इसे सुनिश्चित करने की जरूरत है.

जी20 को लेकर सुनक ने कहा कि इस तरह के मंचों पर, मैं यह सुनिश्चित करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपोर्ट करने के लिए बहुत उत्सुक हूं कि यह G20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता है.

## दाम्पत्य विवादों को सुलझाने में भी लोक अदालतें निभा रहीं सकारात्मक भूमिका

### दांपत्य व पारिवारिक विवादों के निस्तारण में आई तेजी

यूपी स्टेट लीगल सर्विसेस अथॉरिटी की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022-23 व वर्ष 2023-24 के मध्य अब तक 6 चरणों में प्रदेश भर में लोक अदालतें लगाई गईं। इनमें पारिवारिक विवादों के निस्तारण के साथ ही दांपत्व विवादों के मामलों में त्वरित समाधान व निस्तारण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पर जोर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन विवादों को सुलझाने के लिए प्री लिटिगेशन स्टेज में ही सुलह कराए जाने और दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बनाने के लिए प्रयास किए जाते हैं। वहीं, दांपत्य व पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों के अलग से निस्तारण के लिए स्पेशल लोक अदालतें भी लगाई जाती हैं। इस क्रम में, प्रदेश भर की सिविल कोर्ट्स में लोक अदालत संबंधी हेल्प डेस्क्स की स्थापना की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 12 मार्च 2022 को हुई लोक अदालत में पारिवारिक व दांपत्य विवाद से जुडे कुल 635 मामलों का निस्तारण किया गया। जबकि, 14 मई 2022 को लगाई गई लोक अदालत में 849, 13 अगस्त 2022 को लगाई गई लोक अदालत में 936, 12 नवंबर 2022 को लगाई गई लोक अदालत में 1244, 11 फरवरी 2023 को लगाई गई लोक अदालत में 1154 व 21 मई 2023 को आयोजित लोक अदालत में 814 मामलों का निस्तारण हुआ है। इस प्रकार वर्ष 2022 से मई 2023 तक कुल मिलाकर 5632 मामलों के निस्तारण में सफलता मिली है।

## सोसाइटी में है फ्लैट तो बिना कुछ किए भी कमाई कर सकते हैं आप, कई लोग कमा रहे हजारों में!

नई दिल्ली. अगर आपके पास भी किसी हाउसिंग सोयाइटी में फ्लैट है, तो आप उस फ्लैट में रहते हुए भी हर महीने कुछ हजार रुपये कमा सकते हैं. शर्त बस इतनी सी है कि आपके पास कार या कोई चौपहिया वाहन नहीं होना चाहिए. अब आप कहेंगे की कमाई और कार का क्या संबंध? जनाब, रिलेशन कार और कमाई में भले ही न हो पर कार पार्किंग और कमाई में जरूर है. फ्लैट के साथ कार पार्किंग लेना भी अनिवार्य है. अगर आपके पास कार नहीं है तो वो पार्किंग की जगह खाली पड़ी ही होगी. आप अपने पार्किंग स्पेस को किराए पर देकर हर महीने 5 हजार रुपये तक कमा सकते हैं.

### खानपुर की पंचायत देगी 100 एकड़ जमीन

## हिसार के खानपुर में 100 एकड़ जमीन पर होगा औद्योगिक क्षेत्र विकसित- मनोहर लाल खट्टर

विनोद कश्यप
दैनिक समाज जागरण हरियाणा स्टेट हैड

चण्डीगढ़, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार के गांव खानपुर की 100 एकड़ भूमि पर पदमा योजना के तहत औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की घोषणा की है। इस योजना के शुरू होने से खानपुर और आसपास के गांवों में एमएसएमई इकाइयों को बढ़ावा मिलेगा और बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। योजना के तहत गांव खानपुर की पंचायत 100 एकड़ भूमि देने का प्रस्ताव देगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने गांव गुराना के लोगों की माँग पर गाँव की तहसील को हांसी से बदल कर बरवाला करने और इस गांव का मार्केट कमेटी क्षेत्र भी बरवाला करने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री शुक्रवार को जिला हिसार में नारनौंद विधानसभा के गाँव गुराना में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे थे।

### गांवों के लिए की विकास घोषणाएँ

मनोहर लाल ने गांव गुराना में पेयजल आपूर्ति करने, छोटूराम स्टेडियम में हॉल और चारदीवारी का निर्माण करने, गाँव के प्राथमिक और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भूमि लेवल सुधार करने और स्कूलों में नये कमरे व हॉल का निर्माण करने, शिवधाम योजना के तहत श्मशान घाट में चारदीवारी, रास्ते और शेड का निर्माण करने, पानी की सप्लाई करने, गांव मसूदपुर में खरीद केंद्र बनाने, फिरनी के निर्माण और पानी निकासी करने, गांव डाटा में सामुदायिक केंद्र का निर्माण करने तथा सिसाय गांव की पेयजल आपूर्ति को भाखड़ा से जोड़ने की घोषणा की।

इसके अलावा, गुराना से मसूदपुर सड़क निर्माण के लिए तीन करम के रास्ते को किसान द्वारा क्लेक्टर रेट पर लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने पर सड़क निर्माण की मंजूरी प्रदान की।

## डा0 अतुल कुमार सिंह को मिला उद्यान निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार

**समाज जागरण**

दिनांक 08 सितम्बर, 2023। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अपर निदेशक उद्यान डॉ. अतुल कुमार सिंह को वर्तमान पद के साथ ही उद्यान निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।



इस सम्बन्ध में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में कहा गया है कि डा. सिंह को अग्रिम आदेश जारी होने तक या नियमित तैनाती होने की अवधि तक निदेशक के रूप में तैनात किया गया है।

ज्ञातव्य है कि डा. आर.के. तोमर 31 अगस्त, 2023 को अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने उपरान्त डा0 अतुल कुमार सिंह को अस्थायी रूप से निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

## आम आदमी पार्टी की पहली सूची जारी, 10 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान



मुरैना. मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है. पहली सूची में10 सीटों के लिए नाम का ऐलान किया गया है. इसमें भोपाल की हुजूर और मुरैना जिले की दो विधानसभा सीट भी शामिल हैं. हुजूर सीट से सीट से डॉ रविकांत द्विवेदी, मुरैना से रमेश उपाध्याय और दिमनी से सुरेंद्र सिंह तोमर पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है. यहां देखें पूरी लिस्ट

## भारत-अमेरिका के रक्षा संबंध होंगे और मजबूत, PM मोदी और बाइडन में करीब 1 घंटे तक वार्ता

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत द्वारा 31 ड्रोन खरीदने और जेट इंजनों के संयुक्त विकास की दिशा में आगे बढ़ने का शुक्रवार को स्वागत किया और द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को 'प्रगाढ़ व विविधतापूर्ण' बनाने का संकल्प लिया. दोनों नेताओं ने 50 मिनट से अधिक समय तक चली वार्ता में भारत की जी20 अध्यक्षता, परमाणु ऊर्जा सहयोग, 6जी और कृत्रिम



बुद्धिमत्ता जैसी महत्वपूर्ण व उभरती प्रौद्योगिकियों और बहुपक्षीय विकास बैंकों को मौलिक रूप से नया आकार देने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया.

अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन दो दिवसीय जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए हैं. वह शाम करीब सात बजे दिल्ली पहुंचे और हवाईअड्डे पर गीत-संगीत कार्यक्रम के साथ उनका स्वागत किया गया. संयुक्त बयान में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने अमेरिकी रक्षा क्षेत्र की जानीमानी कंपनी 'जनरल एटॉमिक्स' से 31 एमक्यू-9बी ड्रोन विमान खरीदने के लिए भारत के रक्षा मंत्रालय की ओर से अनुरोध पत्र जारी होने का स्वागत किया.

भारत में जीई एफ-414 जेट इंजन बनाने पर चर्चा बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने अमेरिकी संसद की अधिसूचना प्रक्रिया पूरी होने और भारत में जीई एफ-414 जेट इंजन बनाने के लिए जीई एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड (एचएएल) के बीच एक वाणिज्यिक समझौते के लिए बातचीत शुरू होने का भी स्वागत किया. बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने इस अभूतपूर्व सह-उत्पादन एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रस्ताव की प्रगति का समर्थन करते हुए सहयोगात्मक तरीके और तेजी से काम करने की 'प्रतिबद्धता' जताई.

### बाइडन ने की भारत के जी20 अध्यक्षता की तारीफ

वार्ता के दौरान बाइडन ने यह प्रदर्शित करने के लिए भारत की जी20 अध्यक्षता की सराहना की कि कैसे एक मंच के रूप में जी20 महत्वपूर्ण परिणाम दे रहा है. संयुक्त बयान में कहा गया है कि पीएम मोदी और बाइडन ने जी20 के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी और विश्वास जताया कि शिखर सम्मेलन के परिणाम साझा लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेंगे. दोनों नेताओं ने मुक्त, खुले, समावेशी और लचीले हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हुए 'क्वाड' के महत्व को दोहराया.

बयान में कहा गया है कि मोदी 2024 में भारत की मेजबानी में आयोजित होने वाले 'क्वाड'' नेताओं के अगले शिखर सम्मेलन में बाइडन का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं. दोनों नेताओं ने अपनी सरकारों से सभी आयामों में भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी में बदलाव पर काम जारी रखने का भी आह्वान किया और लचीली वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण के लिए अपना समर्थन दोहराया.

बयान के अनुसार, 'नेताओं ने इस बात पर फिर से जोर दिया कि स्वतंत्रता, लोकतंत्र, मानवाधिकार, समावेश, बहुलवाद और सभी नागरिकों के लिए समान अवसर के साझा मूल्य हमारे देशों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं और ये मूल्य हमारे संबंधों को मजबूत बनाते हैं.'

### वाह रे बिहार ! पार्ट : -8

## गर्दन पर लटका है एससी एसटी एक्ट एवं महिला उत्पीड़न की तलवार !! कराह रहे है जनता, बुद्धिजीवी और पत्रकार !!!

**लूट की राशि से मालामाल होते जा रहे हैं थानेदार, पंचायती राज्य व्यवस्था के अधिकारी एवं पंयायत सरकार!!!! वाह रे बिहार!!!!!**

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ बिहार--झारखंड प्रदेश /धनंजय कुमार विधि संवाददाता/ सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवाददाता बिहार- झारखंड ।**

बिहार प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था की एक झलक,आज और भी बेहद चौंकाने वाला है। पत्रकारों का सर्वेक्षण में उद्देश्यों से भटक चुके अधिकारियों , थानेदारों एवं इनके चहेते क्षेत्रीय दवंग लोगो एवं असमाजिक तत्वों को जिले के तमाम वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी संरक्षण प्रदान करते नजर आ रहे है।

औरंगाबाद जिले के संबंधित थाना का 2000 से 2023 तक, यानी 23 वर्षो का सर्वेक्षण रिपोर्ट में अम्बा थाना एवं नगर थाना औरंगाबाद के पदेन थानाध्यक्ष , विभिन्न केस के आईओ और इनके अनैतिक कार्यो के संरक्षक पुलिस पदाधिकारी की भूमिका संदेहास्पद पाया गया है। और अधिकांश प्रकरण में पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं लुटेरे वर्ग को बचाने की भूमिका निभाई गई है। ऐसा एक नहीं अनेकों और दर्जनों प्रमाण मीडिया / संवाददाता के पास हैं ।

पुलिस पब्लिक मैत्री पर पुलिस विभाग के तमाम आलाधिकारी कहते हैं की जनता के बीच विश्वास को स्थापित करने के लिए पुलिस द्वारा पब्लिक पुलिस मैत्री का आयोजन किया जाता है। वरीय पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर जिले के लगभग सभी थाना में पुलिस पब्लिक मैत्री के तहत खेल का आयोजन हो चुका है और होते आ रहा है, जिसमें पब्लिक/ जनता कम थाने के चाटुकार और दलाल अधिकांश भाग लेते हैं। जिसका ज्वलंत उदाहरण औरंगाबाद जिले के अम्बा थाना में आयोजित शांति सह निगरानी समिति की बैठक पंजी एवं थाना में लगे सीसीटीवी कैमरा है।




अगर यह कहां जाए की सभी थाना में आयोजित होने वाले शांति सह निगरानी समिति की बैठक में अधिकांश वही लोग भाग लेते हैं और थाना द्वारा उन्हीं लोगों को बुलाया जाता है जो दिन रात थानाध्यक्ष के ईर्द-गिर्द घूमते हैं, रहते हैं तथा दिन-रात थाना के चक्कर लगते हैं ,थाने में आते-जाते रहते हैं। और जो थाना कहता है वही कहते भी हैं और करते भी है।

वाह रे बिहार पार्ट :- 01 से 07 का प्रकाशन दैनिक समाज जागरण समाचार पत्र में हो चुका है, सभी प्रकाशित समाचार का प्रति जिले के वरीय पदाधिकारियों को सोशल मीडिया व्हाट्सएप तथा ईमेल के माध्यम से उपलब्ध करा दिया गया है, फिर भी एक भी अधिकारी , प्रकाशित समाचार पर अपना पक्ष रखने को तैयार नहीं हैं, आखिर क्यो?

अगर यूं कहां जाए कि बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिला में प्रशासनिक अधिकारियों के संरक्षण में जनता, बुद्धिजीवी एवं कर्तव्य निष्ठ पत्रकार लूटे जा रहे है और सरकारी संपदा एवं वन संपदा की लूट सरेआम होती आ रही है तथा सरकारी खजाने एवं वन संपदा तथा सरकार प्रायोजित योजनाओं को लूटने का कार्य किया जा रहा है ।वही अनैतिक रूप से पद प्राप्त कर चुके लोगों द्वारा प्रावधानों के विरुद्ध वेतन के नाम पर सरकारी खजाने लूटे जा रहे हैं , तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। यही कारण है की आम जनता कहीं पुलिस पर पत्थर बरसा रही है तो कहीं पुलिस डंडा भाज रही है ! वार प्रति बार का दौर चल रहा है ! यह सब घटना घटी होंने के बावजूद भी वरीय पदाधिकारी के द्वारा किसी भी प्रकार का प्रतिक्रिया ना देना , कार्रवाई ना करना, उनके गंदे मानसिकता को दशार्ता है। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है की आम जनता न्याय के लिए जाए तो कहां जाए ? शेष अगले अंक , गतांक से आगे....

## भारत मंडपम से कम आकर्षक नहीं है जी 20 का यह सेंटर, यहां भी जुटेंगे विदेशी 'मेहमान'

नई दिल्ली. देशभर की निगाहें कल से राजधानी दिल्ली में शुरू हो रहे जी 20 शिखर सम्मेलन पर टिकी है. इस खास आयोजन के लिए बना भारत मंडपम कला का बेजोड़ नमूना है, जो मेहमानों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा. इस मंडपम के साथ बना एक और सेंटर भी कम खास नहीं है. इस सेंटर में बैठने वाले देश के साथ विदेश के लोग होंगे. ये सेंटर कौन सा है और क्यों खास है? आइए जानें.

जी 20 शिखर सम्मेलन को कवर करने के लिए देश के साथ साथ काफी संख्या में विदेश की मीडिया पहुंची है. मीडिया के बैठने के लिए बनाया इंटरनेशनल मीडिया सेंटर अपने आप में बेजोड़ है. इस भव्यता भी देखते बनती है. इस विशाल इंटरनेशनल मीडिया सेंटर में एक साथ 3000 मीडिया कर्मी बैठ सकते हैं.

इस इंटरनेशनल मीडिया सेंटर में भारत की प्रमुख नदियों का संगम दिखाने का प्रयास किया गया है. इस सेंटर के अंदर ही नर्मदा, महानदी, गंगा, यमुना, मंदाकिनी और सरस्वती के अलग-अलग हॉल बनाए गए हैं. इस तरह देश की पवित्र नदियों से मीडिया से रूबरू कराया जाएगा.

## *धर्म और राजनीति*

हे नेता जी यह बतला दो,
मैं मतदाता हूँ तो पूँछ रहा,
भूखे को रोटी मिल जाये,
बहुत पुण्य का काम है यह।
पर इसी क्षेत्र में आज हजारों,
वोटर क्यों भूखे सो जाते हैं ?
रोटी, कपड़ा और घर देना
भी आपकी ज़िम्मेदारी है।

हे प्रदेश के नेता जी, जब
एक गरीब बीमार होता है,
डाक्टर, अस्पताल की सुविधा,
क्या उसका अधिकार नहीं?
पढ़ने को स्कूल व शिक्षक
पाना उसका अधिकार नहीं?
बेरोजगार को नौकरी मिले,
क्या उसका अधिकार नहीं?

महिलायें, बच्चे और वृद्ध
सब रहें कुशल से और सुरक्षित,
कहिये भारत के नेताओं क्या
ये उनके अधिकार नहीं ?
खेतों में मेहनत कर किसान
उपजाता गेहूँ चावल, सब्जी
दालें, इनका उचित दाम मिलना
क्या उनका अधिकार नहीं ?

बिजली, पानी,सड़क की सुविधा
सब को अच्छे से मिल जाये,
स्वच्छ हवा में घूम सकें सारे
प्राणी ऐसा कुछ करिए नेता जी,
यात्रा रेल और बस की हो,
कुछ सुगम सुरक्षित व सस्ती,
पैसा जन धन खाते में आये,
ऐसा कुछ करिए नेता जी ।

राजनीति से धर्म अलग कर,
राज धर्म को सब अपनायें,
जाति-धर्म का भेद भूलकर,
रचनात्मकता कुछ कर पायें,
पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण
भारत के चारों कोनो में,
आदित्य व्यथित है मतदाता,
उसका हित करिये नेता जी ।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र,
आदित्य लखनऊ**

## पराया धन

पराया धन है सुनते-सुनते
बीत गया बचपन मेरा,
सास ससुर के तानों से
मुरझा गया यौवन मेरा।

जला दिया मुझे कभी बेवजह
कभी फांसी पे झुला दिया,
कभी दहेज के लोभी लोगों ने
जहर घोल के पीला दिया।

मैं नारी हूँ मेरे दुःखों का
हुआ कभी भी अन्त नहीं,
एक पल भी खुशी का जीया हो
मिला कभी वो बसंत नही।

इतना कुछ करके भी देखो
कहीं जरा संताप नहि,
पुरुष प्रधान इस दुनिया में
नारी को इंसाफ नहि।
बिंदु अग्रवाल शिक्षिका सह



**कवयित्री मध्य विद्यालय
गलगलिया, किशनगंज बिहार**

## मशवरा है कि तेरे शहर की महफिल।

मशवरा है कि तेरे शहर की
महफिल बदले,
अब तक तो कभी खंजर कभी
कातिल बदले।

जिंदगी किस्तों में गुजर गई तो क्या,
जितने हमदर्द थे सारे शामिल बदले।।

लहरें चली आई मचलते हुए
शहरों में,
अब ना तो कश्ती ना ही साहिल बदले।

कत्ल मेरा इल्जाम नहीं है उस पर,
कितना मासूम लगे रूप जब
कातिल बदले।

जिंदगी ने दिए हजारों जख्म हमें,
जिंदगी के गणित में सारे हासिल
बदले।

# बैठकी

# "राजनीति का अखाड़ा बना-सनातन धर्म"

**दैनिक समाज जागरण**

बैठकी जमते हीं मास्टर साहब बोल पड़े--"ए सरजी, हमारे देश की रक्षा अब भगवान के हीं हाथों में है!"

काहें, मास्टर साहब! काहें अईसन बात बोलतानी!!-- मुखियाजी पुछ बैठे!

अब विपक्षी पार्टियों की राजनीति का मूल आधार सनातन धर्म की निंदा और मुस्लिम तुष्टीकरण पर केंद्रित हो गया है! हमारे सनातन धर्म पर विवादास्पद बयानों का सिलसिला रुकने का नाम हीं नहीं ले रहा!-- मास्टर साहब निराश लगे!

ठीक बोले मास्टर साहब, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का बेटा और मंत्री, उदयनिधि



स्टालिन ने सनातन की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से हीं नहीं किया बल्कि बोला था कि सनातन का सिर्फ विरोध हीं नहीं करना चाहिए बल्कि इसे समाप्त हीं कर देना चाहिए! मतलब इस देश में हिंदुओं का कत्ल कर देना चाहिए तभी तो सनातन समाप्त होगा!!
अब इसके बाद डीएमके के हीं सांसद ए राजा ने, सनातन को एचआईवी और कैंसर जैसी खतरनाक बिमारी सरीखा बता कर उदयनिधि स्टालिन से भी,दो हाथ उपर निकल गये हैं!--कुंवरजी चुप हुए तभी, डा. पिंटू साथ देते हुए----
"लिजिये, विपक्षी गठबंधन इंडी एलायंस का एक मजबूत घटक, डीएमके तो है हीं, इसी एलायंस का एक और घटक राजद,के प्रदेश अध्यक्ष जगतानंद सिंह भी, भला क्यों पिछे रहते!! इन्होंने वक्तव्य दिया कि तिलक लगाकर घूमने वालों ने भारत को गुलाम बनाया! देश में मंदिर बनाने से काम नहीं चलेगा!! इसी पार्टी का बिहार का शिक्षामंत्री, प्रोफेसर चंद्रशेखर,रामचरितमानस पर बैंड लगाने की बात कर रहा है! ये जगतानंद और चंद्रशेखर दोनों प्रोफेसर कैसे बन गये जबकि इन सबों को तो पहली, दुसरी कक्षा का भी ज्ञान नहीं है! !उधर राहुल गाँधी, कहिये रहा है कि हिंदूस्तान से हिन्दू, हिन्दूत्व को बाहर भगा देना है!"

इन इंडी एलायंस वालों का सनातन धर्म पर चोट करने का सिर्फ एक हीं मकसद है-तुष्टीकरण करके मुस्लिम और इसाई वोट बैंक को अपने पक्ष में करना जबकि वे जानते हैं कि स्वार्थी और तथाकथित




सेक्युलर हिन्दू तो साथ हैं हीं! जगतानंद को इतना भी ज्ञान नहीं कि आजादी की लड़ाई में सर्वाधिक बलिदान इन ब्राम्हणों का हीं रहा है! असल में लालू की पार्टी मुस्लिमों की हीं पार्टी बन चुकी है!--पारस नेता को रहा नहीं गया!

अजी डीएमके का सांसद, ये भी बोला कि सनातन जहर है और झूठ मूठ प्रोपेगेंडा करते हैं कि बहुत पुराना है! बहुत पुराना है!--उमाकाका जोड़ दिये!

इसबीच बेटी चाय ट्रका ट्रे रख गई और हम सभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता की ओर.....

जहाँ एक ओर मोदीजी,भारत का डंका पुरे विश्व में बजवाने का उपक्रम करने के साथ साथ देश के विकास को, एक नया आयाम देने हेतु, रात दिन एक किये हुए हैं तो दुसरी ओर विपक्षी गठबंधन देश को गर्त में ले जाने का सारा उपक्रम कर रहा है! असल में उसके पास कोई मुद्दा तो है नहीं!--डा. पिंटू क्षुब्ध लगे!

ए सरजी, हमनी के सनातन धर्म कतना पुरान ह, ए प कुछ कहीं!-- मुखियाजी मेरी ओर देखकर!

तभी मास्टर साहब बोल पड़े-" ये मिडिया वालों के लिए भी "सनातन" एक मसाला मिल गया है लेकिन अज्ञान भरा जानकारी परोसकर, अपनी टीआरपी बढ़ाने का प्रयास करते हैं! एक टीवी चैनल पर, सनातन की प्राचीनता पर दिया जा रहा विवरण सुना! कह रहा था कि वेद 500 से1500 बर्ष ई.पूर्व का हीं है! बताइये भला!!ऐसे हीं ये मूर्ख, अज्ञानी, जनता में भ्रम पैदा करने लगते हैं! जबकि आधुनिक तथ्य भी कहते हैं कि महाभारत काल हीं 5 हजार बर्षों, से भी पुराना रहा है! तब वैदिक काल की गणना तो ऐसे प्रायोजित एजेण्डा परोसने वालों के लिये कल्पना से भी परे है!"

मुखियाजी, सनातन धर्म को हीं हिंदू धर्म के नाम से भी संबोधित किया जाता रहा है! वेदों पर आधारित यह दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म माना जाता है! ऋग्वेद, संसार का प्रथम पुस्तक माना जाता है! चारों वेद, हजारों बर्षो तक श्रुति ग्रंथ रहे

फिर इन्हें भोजपत्र पर लिखित किया गया! महाभारत काल से हजारों बर्ष पूर्व का काल रामायण काल रहा और रामायण में भी मनुस्मृति का उल्लेख है जो रामायण काल से हजारों हजार साल पूर्व का रहा है! पुनः मनुस्मृति में भी वेदों का उल्लेख है, तात्पर्य कि मनुस्मृति से भी हजारों बर्ष पूर्व के वेद हैं! ऐसी स्थिति में वेदों की प्राचीनता का अनुमान लगाना कठिन है और चूंकि वेद हीं सनातन का आधार हैं तो सनातन संस्कृति प्राचीनता का सही-




सही मूल्यांकन करना मुमकिन नहीं!आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सनातन संस्कृति,लगभग 12 हजार बर्ष पुराना है जबकि अन्य तथ्यों के आधार पर सनातन संस्कृति या धर्म, 90 हजार बर्ष पुराना है! पौराणिक मत के अनुसार सनातन लाखों बर्षों से चला आ रहा है लेकिन इसके स्वरूप में परिवर्तन होता रहा है तथापि वेदों के ज्ञान की स्थिति यथावत रही है!
कुरुक्षेत्र अर्थात हरियाणा, दिल्ली के भूभाग,में उत्खनन से प्राप्त महाभारत के अवशेषों की कार्बन डेटिंग से ज्ञात होता है कि महाभारत काल आज से लगभग 51 सौ साल पहले का समय रहा होगा! लेकिन इसकी सत्यता पर मुझे संदेह है! महाभारत काल भी उससे भी पुराना है! मोटे तौर पर यही समझिये कि जब सनातन संस्कृति अपनी दिव्यता की पताका पुरे विश्व में फहरा रही थी उस समय ये पाश्चात्य और अन्य संस्कृति वाले जंगली जीवन जी रहे थे तो ऐसी स्थिति में अपनी प्रस्थिति की झेप मिटाने को लेकर कार्बन डेटिंग के नाम पर हमारी संस्कृति की प्राचीनता को कमतर आंकना इनकी मजबूरी दिखती है!
मोटे तौर पर यही मानिये कि सनातन के सिवा कोई था हीं नहीं!-- मैं चुप हुआ!

छोड़िये,सनातन की प्राचीनता पर फिर कभी चर्चा करेंगे! सबसे महत्वपूर्ण है कि एक मात्र सनातन संस्कृति हीं है जिसके मूलतत्व हैं-- सत्य, अहिंसा, क्षमा, दान, जप, तप, यम, नियम आदि! तात्पर्य कि मात्र सनातन संस्कृति हीं मनुष्य को ईश्वर से जोड़ने का रास्ता दिखाती है और मानवीय मूल्यों को भी प्रतिष्ठित करती है! जबकि अन्य, तथाकथित पंथों की अवधारणा और अनुयायियों के कर्मों की समीक्षा करें तो इनके प्रसार-प्रचार का मूल आधार हिंसा, घृणा, जोर-जबरदस्ती, लालच, तृष्णा और मानवीय मूल्यों की स्पष्ट अवहेलना दिखती है!
अब ऐसे अमानवीय मूल्यों पर आधारित पंथ पोषकों को सनातन संस्कृति कैसे अच्छी लगेगी!!!--पारस नेता क्षुब्ध दिखे!







ठीक बोले नेताजी, आजतक विश्व में कहीं भी ऐसा उदाहरण नहीं है कि सनातनियों या दुसरे शब्दों में हिंदुओं ने जबरन, किसी अन्य पंथावलम्बियों को हिंदू या सनातनी बनने के लिए बाध्य किया हो! जबकि आज, सनातन संस्कृति और धर्म के आध्यात्मिक और मानवीय मूल्यों की, विशिष्टता से प्रभावित होकर, अन्य देशों में,अन्य पंथावलम्बी, स्वेच्छा से हिन्दू धर्म को अपना रहे हैं!--कुंवरजी ने सही कहा!

अजी, देख नहीं रहे हैं!!अन्य पंथ और उनके पंथावलम्बियों की प्रकृति,हमारी संस्कृति के ठीक उलट रही है और आज भी है! जबरन धर्मांतरण इनका उसूल रहा है ! आज 57 देश इस्लामिक स्टेट बन चूके हैं! कई देशों का इसाईकरण हो चूका है लेकिन ये सभी देश बुरी तरह हिंसाग्रस्त हैं! हिंसा पर आधारित पंथावलम्बियों का अमन चैन से नाता हीं नहीं रह जाता! इनके फालोवर्स में जो जितना अधिक पढ़ा- लिखा होता है वो उतना हीं अधिक अत्याचारी बनता है!-- उमाकाका मुंह बनाये!

दूर क्या जाना, अपने भारत में हीं देखिये!! आज देश की पुरी जनसंख्या का लगभग 20-25 प्रतिशत मुस्लिम हैं और बहुसंख्यक सनातनी हैं तथापि इनके धार्मिक जुलूसों से सनातनियों को कोई दिक्कत नहीं होती लेकिन हिन्दू शोभायात्राओं और जुलूसों पर पत्थरबाजी और गोलीबारी आम हो चला है! हिंदूओं के देश में हीं,जबरन धर्मांतरण और पलायन हिंदूओं का हो रहा है!--डा. पिंटू दुखी लगे!

ए सरजी, इ सब से छूटकारा ना मिली का!!-- मुखियाजी निराश दिखे!

मुखियाजी, छुटकारा मिलना कठिन है ! देश का विभाजन धर्म के आधार पर किया गया! विभाजित पाकिस्तान इस्लामिक देश बना लेकिन हिंदूओं के लिये, गांधी और नेहरू की शाजिस ने हिन्दू राष्ट्र नहीं बनने दिया! आजादी के बाद से हीं सत्ता पर अपनी पकड़ जमाये रखने की नियत से,वोट की राजनीति का आधार- धर्म और जाति बनाया गया जो आज भी है! आप देख हीं रहें हैं कि आजकल तुष्टीकरण की राजनीति में हमारे सनातन संस्कृति पर कैसे कैसे प्रहार हो रहें हैं! देश की वर्तमान लुंज पूंज संवैधानिक व्यवस्था हो या न्यायिक व्यवस्था, चुनाव आयोग हो या कार्यपालिका, बिलकुल अक्षम सिद्ध हो रहीं हैं! आवश्यकता है इन व्यवस्थाओं में आमूलचूल सुधार करने की ताकि पंथवाद पर राष्ट्रवाद हावी हो जाये!-- मैं चुप हुआ!

सरजी, बात त रउवा एक नम्बर के कहनीहां बाकि इ दिल्ली बड़ा दूर बुझाता! अच्छाअब चलल जाय!-- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी....!!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

## मजबूत हड्डियों के लिए करें यह योगासन

समय बढ़ने के साथ-साथ हड्डियां भी कमजोर होने लगती हैं, योग करने से हड्डियों में मजबूती आती है ताकत आती है योग से मिलने वाले अद्भुत स्वास्थ्य लाभों के कारण इसकी लोकप्रियता काफी बढ़ रही है। माइग्रेन से लेकर हृदय की समस्याओं तक, योग सभी प्रकार की बीमारियों के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का एक और बड़ा कारण यह है कि इससे आपकी हड्डियों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है और उन्हें मजबूती मिल सकती है।

ठउइककी एक रिपोर्ट के अनुसार, हर दिन योग का अभ्यास करने से हड्डियों को मजबूत करने और ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। हर दिन योग का अभ्यास करने से फ्रैक्चर को रोकने और ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। वृद्धावस्था में हड्डियों की समस्या बढ़ जाती है। यही वजह है कि आपको इस उम्र तक पहुंचने से पहले नियमित रूप से योग अभ्यास करना चाहिए ताकि बाद में किसी भी प्रकार की जटिलताओं से बचा जा सके।

हम आपको 5 योगासन बता रहे हैं, जो आपकी हड्डियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

### वृक्षासन

आराम की मुद्रा में चटाई पर सीधे खड़े हो जाएं। आपके पैर एक दूसरे के करीब होने चाहिए। अपने दाहिने घुटने को मोड़ें और अपने दाहिने पैर के तलवे को अपनी बाईं जांघ पर रखें। इस स्थिति में अपने शरीर को संतुलित करने का प्रयास करते हुए धीरे-धीरे सांस छोड़ें और सांस लें। अपने हाथों को ऊपर उठाएं और उन्हें अपने सिर के ऊपर ले आएं। नमस्ते मुद्रा में दोनों हथेलियों को आपस में मिला लें। इस मुद्रा में 5-10 सेकंड रुकें और ऐसा करते हुए सांस लें और सांस छोड़ें।

### वीरभद्रासन

जमीन पर खड़े हो जाएं और अपने पैरों को हिप-चौड़ाई से अलग रखें और अपनी भुजाओं को अपने बगल में रखें। सांस छोड़ें और अपने बायीं ओर एक बड़ा कदम उठाएं। अब अपने बाएं पैर की उंगलियों को बाहर की ओर मोड़ें और अपने घुटनों को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ें. अपने दाहिने पैर को लगभग 15 डिग्री अंदर की ओर मोड़ें। आपके दाहिने पैर की एड़ी बाएं पैर के केंद्र में होनी चाहिए। अपने दोनों हाथों को साइड में उठाएं। इसे अपने कंधों के स्तर पर लाएं। आपकी हथेलियां ऊपर की ओर होनी चाहिए। इस पोजीशन में कुछ गहरी सांसें लें।

# भारतीय वैदिक श्लोक और सनातन धर्म सर्वाधिक प्राचीन।

## राष्ट्र निर्माण में सनातनी धर्म, शिक्षा और संस्कृति का महत्वपूर्ण योगदान

**दैनिक समाज जागरण**

भारत में वर्तमान में सनातन धर्म और उसके अस्तित्व को लेकर विवादित राजनैतिक बयान दिए जा रहे हैं, यह निश्चित तौर पर बयान देने वाले लोगों का अल्प ज्ञान और ज्ञानहीन होना ही प्रमाणित करता है । खैर मैं विवादित बातों में नहीं उलझना चाहता हूं पर यह तथ्य सर्व विदीत एवं अवार्चीन कल से स्थापित है कि भारत में प्रागैतिहासिक वैदिक तथा सनातनी शिक्षा धर्म और उसके ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है। हमें अपनी वैदिक सनातनी परंपराओं शिक्षा के विराट स्वरूप एवं संस्कृति पर सदैव गर्व होना चाहिए। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्त्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है।
भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है'
शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है'
दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है ' राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है' भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है।
दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक,
लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जदयू कार्यकताओं ने अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर शर्मा को किया सम्मानित।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार, अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू एरिया पुंदौल गांव के समीप प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा के जिला संयोजक सह बिहार प्रदेश जनता दल (यू ) अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के महासचिव बिंदेश्वरी शर्मा को मनोनीत किया गया है। जदयू पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं बल पूर्वक सहयोग करने में हर पल कोशिश करेंगे। इन्हें प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर औरंगाबाद जिला के जदयू कार्यकताओं में खुशी की लहर व्याप्त है। तो वहीं गोह प्रखंड के जदयू अध्यक्ष व प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य सह अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि डॉ आर यू कुमार, जिला महासचिव बृज मोहन वर्मा , समाजसेवी दिलीप विश्वकर्मा एवं पूर्व डीडीओ नागेश्वर प्रसाद सिंह ने अंग वस्त्र देकर शर्मा को सम्मानित किया है। वहीं जिला महासचिव ने सुबे की सरकार नितीश कुमार को



बधाई देते हुए कहा कि शर्मा जी को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर पार्टी की एक रीढ़ साबित होगी। जो आगे की ओर अग्रसर मजबूती के साथ कार्य करते रहेगी।इस मौके पर हरिनंदन प्रसाद सिंह, यदुनंदन पासवान, सौरभ वर्मा, मुमताज अंसारी, सत्येंद्र प्रसाद चंद्र-वंशी लालमोहन कान्दू, सुखेन्द्र कुमार, मनोज राम, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मौसमी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य अभियंता कार्यालय में किया धरना प्रदर्शन का आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद( बिहार)- मौसमी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य अभियंता कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन किया. बताते चलें कि मौसमी कर्मचारियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती है ,अपनी सेवा के नियमितीकरण के लिए निरंतर तब तक धारावाहिक आंदोलन को चलाते रहना ,जब तक सरकार और सिंचाई विभाग हमारी मांगों को मान न ले . यह युक्ति किसी संवाददाता कि नहीं बल्कि बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ(गोप गुट),औरंगाबाद के जिला सचिव सत्येन्द्र कुमार ने सिंचाई विभाग,औरंगाबाद चीफ इंजीनियर के प्रांगण में आयोजित मौसमी कर्मियों के धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही . उन्होंने कहा कि अपने मजबूत संगठन के दम पर संघर्ष-आन्दोलन की धार-ावाहिकता ही ताले की वह कुंजी है, जिससे हर तरह की मांगें हासिल करने का दरवाजा खुलता है . इस धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार राज्य सिंचाई विभाग मौसमी-दैनिक-वेतनभोगी कर्मचारी यूनियन,औरंगाबाद के जोन सचिव अर्जुन प्रसाद सिंह ने कहा कि अभी तो यह संघर्ष सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों के लिए एक




अंगड़ाई है ,लेकिन आगे अभी बहुत लड़ाई है जिसे हम मौसमी कर्मचारी लड़ने के लिए कमर कसकर तैयार हैं.इसके पूर्व आज अपराह्न 12:30 बजे सैंकड़ों की संख्या में मौसमी कर्मियों ने स्थानीय गांधी मैदान से अपना प्रदर्शन शुरू किया तथा जुलूस की शक्ल में कतारबद्ध होकर अपनी मांगों से संबंधित नारे लगाते हुए पुरानी जीटी रोड पर चलकर चीफ इंजीनियर के कार्यालय के समक्ष पहुंचे. वहां सभी कर्मी शांतिपूर्वक बैठकर सभा . उपर्युक्त वक्ताओं के अलावा इस सभा को महासंघ( गोप गुट) के जिला संयुक्त सचिव- मनीष कुमार,मौसमी कर्मियों के जिला उपाध्यक्ष- अजय कुमार सिंह,बृहस्पति यादव,रविशंकर कुमार,संयुक्त सचिव- अरविंद कुमार,रविन्द्र कुमार,अम्बा डिवीजन के अध्यक्ष- असलेंद्र सिंह,नवीनगर के अध्यक्ष- विनय कुमार तिवारी, इत्यादि मौसमी कर्मचारियों के अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया .अन्त में संघ के एक शिष्टमंडल ने चीफ इंजीनियर से मिलकर अपनी14-सूत्री मांगों से संबंधित यूनियन द्वारा तैयार ज्ञापन सौंपा तथा प्रत्येक मांग के सन्दर्भ में विंदुवार वार्ता किया । चीफ इंजीनियर महोदय ने मांगों की पूर्ति हेतु नियमानुकूल हर संभव कार्रवाई करने का आश्वासन दिया.

# 42 वर्षीय किसान की तेज धारदार हथियार से गला काट कर की गई हत्या इलाके मे फैला दहशत

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 8 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के गोटीडीह सिंदुरिया गांव के किसान का तेज धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर देने का मामला प्रकाश मे आया है। घटना दिन के लगभग 11 .30 बजे की बताई जा रही है।हत्या से पूरे इलाके में दहशत व्याप्त है। मृतक की पत्नी सरस्वती देवी द्वारा माली थाने मे दी गई लिखित आवेदन के अनुसार किसान विनय प्रसाद अपने खेत मे पटवन कर रहा था कि आरोपित सुशील सिंह पिता रामाधार सिंह,रामाधार सिंह एवम अंकुश कुमार पिता सुशील सिंह ग्राम टोना थाना माली जिला औरंगाबाद आकर जातिसूचक शब्द बोलते हुए गाली गलौज करने लगे और कहने लगे की नट जाती के होकर खेती करेगा। मेरा मंझला लड़का भी खेत मे काम कर रहा था ।आरोपितों ने इनलोग पर भी हमला किया जिससे डरकर ये



लोग भाग गए।विनय प्रसाद की हत्या से घर के सदस्यों एवम परिजनों का रो रो कर हल बेहाल है और परिजन डरे सहमे है।

परिजन ने बताया कि बिनय प्रसाद द्वारा गिड़गिड़ाया गया की पटवन करने दीजीए इतने मे रामाधार सिंह और अंकुश कुमार द्वारा विनय प्रसाद को पकड़ लिया गया और सुशील कुमार सिंह बड़ा छुड़ा से गर्दन काट दिया। सरस्वती देवी द्वारा थाने मे दर्ज कराई गई आवेदन मे कहा गया है कि मैं और हत्या की सूचना पर गांव के लोग और माली थाना पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर तुरंत पहुंची तबतक हत्यारे भाग निकले थे। शव को पुलिस कब्जे में लेकर सदर अस्पताल औरंगाबाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# कांग्रेस ने महगाई के लिए केन्द्र सरकार की आलोचना की

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 08 सितम्बर**

कांग्रेस ने देशे मंहगाई और बेरोजगारी के लिए केन्द्र सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए सरकार की जमकर आलोचना की है। स्टेशन चौक स्थित पुराने नगर पंचायत कार्यालय में जयनगर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो के नेतृत्व में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी ने मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत एनडीए सरकार को देश में बढती मंहगाई और बेरोजगारी के लिए जिम्मेदार बताया।कार्यकताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। लेकिन सरकारे नफरत और जाति धर्म समुदाय को बाटने की घिनोनी राजनीति में लगी हुई। महंगाई बेरोजगारी से आम जनता छात्र किसान मजदूर युवा त्रस्त है जिसका जवाब आगामी लोक सभा चुनाव में आम जनता अपने मतों से देगी और केंद्र में मोदी तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी। उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा




कि एलपीजी सिलेंडर की कीमते पर 200 की कटौती चुनावी चाल मतदाताओं के लुभाने के लिए है। आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस जिला महासचिव नित्यानंद झा, जिला संगठन सचिव मो चांद, जिला उपाध्यक्ष नवेन्द्र झा, अजयझा, पूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र साह, धनुषलालमहतो उपस्थित थे।

# माँ अन्नपूर्णा रक्तरक्षक के तत्वाधान में एकदिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 08 सितम्बर**

जयनगर मेन रोड स्थित दुर्गा आवास परिसर में माँ अन्नपूर्णा रक्त रक्षक, जयनगर के तत्वावधान में एक-दिवसीय रक्तदान शिविर समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें 63 रक्तवीरों ने रक्तदान किया।सर्वप्रथम वैदिक विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के बीच आगत अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य अंजली कुमारी,जदयू मधुबनी के युवा जिला अध्यक्ष हीरा मांझी,उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि अर-विंद तिवारी,शुक्ला ब्लड बैंक दरभंगा के डायरेक्टर मुकेश सिंह,संरक्षक डॉ सुनील राउत,माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति के मुख्य संयोजक अमित कुमार,अन्नपूर्णा महिला मंच के अध्यक्ष कामनी साह



ने दीप प्रज्वलित कर किया।आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती हुई जिला परिषद सदस्य अंजली कुमारी ने कहा कि माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति, जयनगर के द्वारा विभिन्न समाजिक क्षेत्रों में कई सामाजिक स-रोकार से जुड़े उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं जो सराहनीय हैं।

# वोटर चेतना अभियान को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने की बैठक

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 8 सितंबर 2023 :- वोटर चेतना अभियान की तैयारी को लेकर शुक्रवार को कुटुंबा मंडल कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल के मोर्चा के पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं सभी शक्ति केंद्र के बूथ कमेटी सदस्य शामिल हुए। मंडल के सभी शक्ति केंद्र के सभी बूथो का बी.एल.ए. -2 की सूची बना कर मंडल कार्यालय में जमा किया गया। मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि आम बोलचाल की भाषा में बूथ लेवल एजेंट को बी.एल.ए. कहते हैं। यही बी.एल.ए.-2 होता है। बैठक में मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर चर्चा की गई। वहीं फार्म 6, 7, 8 को भरने, ऑनलाइन वोटर बनाने तथा मोबाइल पर प्रदेश को मतदाताओं के फॉर्म भरने की लाइव अपडेट करने की विधि बताया गया। उन्होंने कहा कि 12 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। बूथ अध्यक्ष को जिम्मेवारी दी गई है कि बूथ समिति के साथ बैठकर मतदाता सूची में जुड़ने वाले नए नाम एवं कटने वाले नाम की सूची तैयार करें।



बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। इस अवसर पर जेपी सिंह, ईश्वरी सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, जीतू तिवारी, धर्मेंद्र दुबे, सोनू मालाकार, पिंटू कुमार, अभय पासवान, रंजीत कुमार सिंह, संतन कुमार सिंह, आशीष कुमार वर्मा, राजा सिंह, चंदन गिरी, कमलेश शर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गया जी धाम पहुंचने के बाद बोधगया जाकर किया मंदिर में पूजा- अर्चना.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गया जी धाम पहुंचकर कई विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के उपरांत बोधगया पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना किया. बताते चलें कि जनता दल यूनाइटेड बिहार के प्रदेश सचिव सह डेहरी विधानसभा प्रभारी डॉ. चन्दन कुमार यादव (अधिवक्ता) ने अपने समर्थकों के साथ गया हवा-ईअड्डे पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया .गौरतलब हो कि बिहार के मुख्यमंत्री गया में आज विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास एवं उद्घघाटन करने हवाई मार्ग से गया एयरपोर्ट पहुँचे,जहाँ मुख्यमंत्री का जनता दल यूनाइटेड, बिहार के प्रदेश सचिव सह डेहरी विधानसभा प्रभारी डॉ. चन्दन कुमार यादव (अधिवक्ता) ने अपने समर्थकों के साथ उनका अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ दे कर भव्य स्वागत किया .मुख्यमंत्री उसके बाद सीता कुंड में बने सीता पथ एवं विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण कर भगवान विष्णुपद मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुँचे . वही भगवान विष्णुपद मंदिर से देवघाट तक पूर्ण निरीक्षण किया और उसके बाद मुख्यमंत्री गया में 120 करोड़ से बन रहें, गया जी धाम का शिलान्यास किया एवं उसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बोधगया पहुँचकर महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना कर बोधगया में नव निर्मित बीटीएमसी भवन का उद्धघाटन किया एवं सांस्कृतिक भवन में अधिकारियों के साथ आगामी पितृपक्ष मेले को लेकर समीक्षा बैठक किया . बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री देर संध्या हवाई



मार्ग से पटना के लिए प्रस्थान कर गए.

गौरतलब तलब हो कि सभी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ,वित्त विभाग विजय चौधरी, मंत्री जल संसाधन विभाग संजय झा एवं जनता दल यूनाइटेड प्रदेश सचिव डॉ चन्दन कुमार यादव के साथ ही जदयू और महागठबंधन के गणमान्य लोग उपस्थित थे, इस मौके पर डॉ यादव ने कहा कि गया अपने आप में एक ऐतिहासिक स्थल रहा है, जहाँ हजा-रों वर्षों से देश विदेश से लोग भगवान विष्णु के शरण में एवं भगवान बुद्ध के शरण में आते रहें है, यह बिहार के मुख्यमंत्रीनीतीश कुमार के दूर-दर्शिता का परिणाम है की आज यहाँ जो भी श्रद्धालु या, तीर्थ यात्री गया जी धाम आते है. एक सुखद अनुभूति लेकर जाते है, भगवान विष्णुपद मंदिर से लेकर सीताकुंड तक एवं सम्पूर्ण फल्गु नदी घाट का सौदर्यीकरण और तर्पण में फल्गु के दोनों तट तक पानी भरा होना इसकी महत्ता को बढ़ा रहा है . साथ हीं माँ गंगा का पानी गया पहुंचाकर जो मुख्यमंत्री काम किया है वो "गया" को "गया जी" बनाता है, उसी प्रकार बोधगया को विश्व में एक अलग पहचान दिलाने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री का अथक प्रयास जारी रहा है. आज बोधगया में भव्य सांस्कृतिक भवन और चारों तरफ सौदर्यीकरण तीर्थ यात्रियों को अविश्वसनीय अनुभूति प्रदान कर रहा है .डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री को "गया जी" के महत्ता को बढ़ाने एवं विश्व स्तरीय पहचान दिलाने के लिए सम्पूर्ण गया वासियों के तरफ से आभार व्यक्त किया .

# भाजपा जिला प्रवक्ता दीपक कुमार ने जोरदार महागठबंधन पर हमला करते हुए कहा की महागठबंधन के नेता प्रतिदिन मानसिक रूप से बीमार होते चले जा रहे हैं

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

भारतीय जनता पार्टी आज तक न जाति समीकरण की राजनीति की है और ना करना चाहती है भारतीय जनता पार्टी यह ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास पर काम करती आ रही है और जाति समीकरण की राजनीति को खत्म करने का प्रयास किया है, यह घिनौनी राजनीति महागठबंधन के नेता करते हैं जाति समीकरण में बात कर समाज को बांटने का प्रयास करते हैं, भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं अभी तक महागठबंधन के दल नेता किसी



को अपना नेता नहीं माने को तैयार है कि हमारे दल का नेता कौन होगा , बस सिर्फ चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत साबित होगी नीतीश कुमार के साथ कोई भी दल इन्हे नेता मानने को तैयार नहीं है आने वाले समय में नीतीश कुमार अपनी राजनीतिक आत्महत्या खुद कर लेंगे केजरीवाल खुद को नेता साबित करने पर पड़े हुए हैं तो ममता बनर्जी खुद को नेता साबित करने पड़ी हुई है तो जनता समझ रही है कि ऐसे दल को वोट देना एक मूर्खता के छोड़कर कुछ और नहीं है। 2024 में बरसाती मेंढक के दल वाले नेताओं को पूरी तरह जानता ना कर देगी।

# वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत एक महिला घायल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 8 सितम्बर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र मे बज्रपात से एक व्यक्ति की मौत और एक महिला की घायल होने की सूचना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टंडवा थाना क्षेत्र के ग्राम



जीराबाद के निवासी रंजीत कुमार उम्र 19 वर्ष पिता उमेश मेहता की मृत्यु वज्रपात से हो गई। इधर थाना क्षेत्र के महुआ दोहर निवासी नारद पनेरी की पत्नी अनीता देवी वज्रपात से घायल है जिसकी चिकित्सा रेफरल अस्पताल नबीनगर मे कराया जा रहा है।

# पालीगंज में तीन दिवसीय 'भगवान श्रीकृष्ण की लीला' का हुआ भव्य मंचन

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पटना जिले के पालीगंज प्रखंड स्थित प्राचीन 'श्री राम जानकी मठ' न्यास समिति के द्वारा आयोजित भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर 'इंडिजेनस नोशन एंड डिस्कवरी ऑफ इनहेरिट आर्ट, पटना' द्वारा अनिता कुमारी लिखित और उदय कुमार सिंह निर्देशित नाटक 'भगवान श्रीकृष्ण की लीला' का भव्य मंचन दिनांक 5, 6 एवं 7 सितंबर 2023 को हजारों दर्शक की उपस्थिति में सफलतापूर्वक किया गया।

जानकारी के अनुसार तीन दिनो तक मंचित नाटक में श्रीकृष्ण का जन्म, राधिका संग रास, कंश वध सहित अन्य विभिन्न घटनाओं को मनोरंजक तरीके से प्रदर्शित किया गया। पालीगंज में रहने वाले सभी वर्ग के लोगों में नाटक देखने का उत्साह चरम पर देखा गया। नाटक के अंतिम संध्या में स्थानीय सांसद



रामकृपाल यादव, पालीगंज प्रखंड के अनुमंडलाधिकारी सह मठ के अध्यक्ष जयचंद्र यादव, मठ के सचिव सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति आयोजन के सफलता की कहानी बयां कर गयी। नाटक के कलाकार अनीता कुमारी, आदर्श वैभव, सौरभ सिंह, रंजन ठाकुर, विक्की दांगी, संगीत, संतोष, समीर, संजय, राहुल, विक्की, विकास, विशाल, नैना, रूपा, पायल, रवि, ऋतिक ने अपने दमदार अभिनय से पालीगंज वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक के अंत में 'नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की ...' गाने पर अनीता कुमारी, आदर्श वैभव सहित अन्य कलाकारों ने अपने नृत्य से उपस्थित हजारों दर्शक को भी संग में झूमाकर आनंदविभोर कर दिया। नाटक के पश्चात मध्य रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया।

# मां उमंगेश्वरी के प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी के अवसर पर माता का श्रृंगार व विशाल भंडारा का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद( बिहार )- बिहार के औरंगाबाद मदनपुर प्रखंड स्थित मां उमंगेश्वरी के प्रांगण उमंगा पहाड़ मदनपुर में हर साल के भांति इस वर्ष भी





का आयोजन किया गया. वही दूसरी तरफ विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्र के साथ जप किया . विद्वान पंडितों में राजू पाठक ,विष्णु पाठक ,दिलीप पाठक ,रूपेश पाठक, ब्राह्मण पाठक ,अक्षय पाठक ,नित्यानंद पाठक ,राहुल पाठक, महेशानंद पाठक ,निखिल पाठक ,अरविंद पाठक ,मृत्युंजय पाठक ,सोनू पाठक का नाम शामिल है. वही इस दौरान समस्त पुजारी परिवार भी उपस्थित थे . उक्त जानकारी उमंगेश्वरी शक्तिपुंज आश्रम उमंगा पहाड़ मदनपुर औरंगाबाद के मुख्य पुजारी बालमुकुंद पाठक उर्फ तारा शंकर बाबा महाकाल चक्राचार्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहीं .

# अवैध महुआ शराब बरामद कारोबारी फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 8 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखण्ड के नरारी कला खुर्द थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के रामडीहा गांव के मुख्य पथ के समीप से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 40 लीटर चुलाइ महुआ शराब बरामद किया है।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र में तस्करों



द्वारा अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। हालांकि पुलिस को आने की भनक लगते ही कारोबारी भागने मे सफल रहे।

मामले में थानाध्यक्ष विरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कर्रवाई की जा रही है।

# ए एन एस कालेज नबीनगर मे रेड रीबन युवा महोत्सव का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखण्ड के एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय मे रेड रिबन युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ मेघन प्रसाद ने किया




इसके अंतर्गत तीन तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे मैराथन, टील मेकिंग और नुक्कड़ नाटक।मैराथन से 7 छात्रा एवम 7 छात्र,नुक्कड़ नाटक से 10 छात्रा एवम टील मेकिंग से 2 छात्रों का चयन किया गया था। प्राचार्य ने बताया कि ईसका मुख्य उद्देश्य युवाओं मे एचआईवी एवम अन्य स्वास्थ्य संबंधित विषय पर जागरूकता फैलाना था। प्रतियोगिता के अयोजन मे प्राचार्य डॉ मेघन प्रसाद के अतिरिक्त डॉ मदन रजक,मुकेश रंजन,विजय कुमार,निखिल तिवारी एवम महाविद्यालय के अन्य कर्मी शामिल थे। प्राचार्य डॉ मेघन प्रसाद के सूत्रों से बताया गया कि सभी चयनित छात्र छात्राएं 8 तारीख को औरंगाबाद के सिन्हा कालेज मे आयोजित प्रतियोगिता मे हिस्सा ले रहे है।

# देव में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद जिले के देव मे शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में एवं जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट औरंगाबाद बिहार के सौजन्य से शुक्रवार को राम जानकी



गायत्री मंदिर रूद्र कुंड तालाब देव के प्रांगण में निशुल्क नेत्र की जांच एवं रोगियों को दवा का वितरण किया गया शिविर का आयोजन गायत्री परिवार दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि सतनारायण , नवनीत प्रसाद सहायक ट्रस्ट महिला मंडल समन्वयक सरिता अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, समन्वयक राम जानकी गायत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष श्यामंता प्रसाद यादव, सचिव ललित शर्मा , व्यवस्थापक रामसेवक प्रसाद, राजू प्रसाद, उपाध्यक्ष बलिंदर मेहता, शिक्षक अजय बाबू, कोषाध्यक्ष आपेश्वर साहब बसंत प्रसाद अखिलेश पाल पैक्स अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सूर्यमल पाल ब्रजेश प्रसाद चौरसिया सहित गणमान्य एंव छात्र छात्रा सहयोग के साथ साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह कार्यक्रम दस बजे से तीन बजे तक चला इस शिविर में दो सौ रोगियों को नेत्र का जांच किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई बिहार कोसी बेसिन योजना अंतर्गत विभिन्न घटकों की प्रगति की समीक्षा

**अररिया। समाज जागरण**
जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के कार्य प्रगति एवं निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परमान सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला पदाधिकारी द्वारा बिहार कोसी बेसिन योजना अंतर्गत विभिन्न घटकों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रखंड स्तरीय पदस्थापित ए.बी.एफ. को प्राप्त लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा एवं मुख्यमंत्री मत्स्य विकास योजना अंतर्गत विभिन्न घटकों में प्राप्त लक्ष्य के अनुसार आवेदन सृजित करते हुए कायार्देश निर्गत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मत्स्य कृषकों को राज्य एवं राज्य के बाहर प्रशिक्षण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान मत्स्य विभाग द्वारा चौर विकास की योजना, उन्नत मत्स्य इनपुट की योजना, आदि की भी समीक्षा की गई। जीविका को तालाब का हस्तान्तरण की समीक्षा के क्रम में डी०पी०एम०, जीविका द्वारा बताया गया कि आवंटित तालाबों में कुछ अतिक्रमित एवं जीर्णोद्धार योग्य रहने के कारण मत्स्यपालन कार्य नहीं हो पा रहा है। 02 तालाब का रकवा 0.50 एकड़ से कम रहने के कारण विभाग द्वारा योजना की स्वीकृति



प्रदान नही की गई है। 03 तालाबों पर मत्स्य पालन का कार्य कराया जा रहा है। डी०पी०एम० जीविका द्वारा यह भी बताया गया कि जीविका द्वारा अबतक कुल 52 लाख रू० का मछली बिक्री की गई है। जिला पदाधिकारी द्वारा डी०पी०एम०, जीविका को निदेश दिया गया कि अतिक्रमित जलकरों से संबंधित अंचलाधिकारी के समक्ष रखें तथा जीविका दीदीयों द्वारा बिक्री से प्राप्त 52 लाख रू0 की मछली से वास्तविक/शुद्ध लाभ कितना हुआ, का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निदेश दिया गया। जीविका दीदीयों एवं मनरेगा द्वारा जीर्णोद्धारित/निर्मित तालाबों के लाभुकों हेतु जिला मत्स्य पदाधिकारी को प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार कर मत्स्य विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षित कराने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अररिया श्री संजय कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी अररिया, भूमि सुधार उपसमाहर्ता अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीपीएम जीविका एवं संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# नानु बाबा के जन्मदिन पर हजारों भक्तों ने काली मंदिर पहुंच कर बाबा के दीघार्यु जीवन की मां से कामना

**अररिया। समाज जागरण**
विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली के साधक नानु बाबा के जन्मोत्सव पर गुरुवार को महाभोग का आयोजन किया गया। नानु बाबा के जन्मोत्सव पर हजारों भक्तों के साथ-साथ एसपी समेत कई पदाधिकारियों ने काली मंदिर पहुंच कर नानु बाबा को बधाई दी। साथ ही सभी भक्तों ने मां खड्गेश्वरी के बाबा के लंबी दीघार्यु जीवन के लिए कामना किये।काली मंदिर को भी दुल्हन की तहर सजाया गया था। जबकि देर रात तक काली मंदिर आने का सिलसिला जारी रहा।मां खड्गेश्वरी को महाभोग लगने के बाद जिले के भक्त श्याम लाल यादव, देवेंद्र मिश्रा, भाजपा के लोकसभा संयोजक मीडिया सह मीडिया प्रभारी अभिनव आनंद उर्फ किमी आनंद उर्फ भैरव पांडे, तपन बनर्जी, एस डी एम ग्रुप के एमडी संजय मिश्रा,अमित कुमार अमन, अविनाश आनंद, संतोष झा सहित दर्जनों भक्तों ने नानु बाबा के जन्मोत्सव पर दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए कहा कि नानु बाबा अररिया को धरोहर के रूप में यह काली मंदिर को दिया है। इस मंदिर में सभी धर्मो के लोगों के एक अटूट आस्था लोगों के बीच जुड़ी है।इस मंदिर के बदौलत है देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी काली मंदिर से अररिया का नाम जाना जाता है।साथ ही नानु बाबा ने इस मंदिर के निर्माण कराने में अपना सब कुछ त्याग कर दिये।वही किमी आनंद ने कहा कि आज हम जो भी है गुरुदेव नानु बाबा



के बदोलत है। मंदिर व गुरुदेव नानू बाबा के लिए जान भी निछावर कर सकते हैं।जबकि अखिलेश दास, दिलीप स्वर्णकार व रमेश गोस्वामी के द्वारा उद्घोषणा किया गया। अंत में नानु बाबा ने अपने जन्मोत्सव पर कहा कि मंदिर में आज हम मां के आदेश पर ही हैं। मां हमें या कही थी तुम्हारा हर सपना को पुरा कर देंगे। किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने देंगे। भगवान का दिया हुआ जन्म है। भगवान का एक ही आदेश है की अच्छा कर्म करो। इस कारण कर्म की ओर ध्यान देना चाहिए। कर्म में सारा कुछ छिपा हुआ है। अच्छा कर्म करने से अच्छा फल मिलता है इसलिए भगवान भी कर्म की ओर ज्यादा ध्यान देते हैं। अर्जुन भी अपने कर्म कर्तव्य के कायम रहा जिस कारण उन्हें विजय प्राप्त हुई।इधर एसपी अशोक कुमार सिंह समेत दर्जनों पदाधिकारी ने नानु बाबा को गुलदस्ता देकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।साथ ही बाबा के दीघार्यु जीवन की कामना के लिए मां खड्गेश्वरी महाकाली व बाबा खड्गेश्वरनाथ महादेव से कामना की। वहीं गुरुवार की शाम स्थानीय भक्तों के द्वारा केक काटकर नानू बाबा का जन्मदिन मनाया गया। जहां भक्तों के बीच केक प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। जबकि खास कर युवा भक्ते इस क्षण को अपने-अपने मोबाईल कैमरे में सेल्फी लेने के लिए होड़ देखी गयी।

# हरे राम हरे कृष्ण गाकर समाजसेवी संजय मिश्रा ने मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को बनाया सफल

**अररिया । समाज जागरण**
हरे राम हरे कृष्ण की मधुर स्वर के द्वारा एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा ने नम आखों से दी राधेकृष्ण प्रतिमा को विदाई।बताते चले कि स्वर्गीय



दामोदर मिश्र द्वारा स्थापित अररिया के कृष्णघाड़ा मंदिर में भव्य कृष्णाष्टमी मनाया गया। जिसमें समाजसेवी संजय मिश्रा ने दी नगर व जिले वासियों को शुभकामनाएं भी दी।स्वर्गीय दामोदर मिश्र द्वारा स्थापित अररिया के भव्य राधाकृष्ण मंदिर का सुमित्रा दामोदर मिश्रा ग्रुप के निदेशक श्री संजय मिश्रा ने हरे राम हरे कृष्ण के द्वारा मूर्ति विसर्जन को और खास बना दिया साथ ही नगर व जिले की खुशहाली हेतु प्रार्थना किया।
इस उपलक्ष्य में, श्री संजय मिश्रा ने कृष्ण लीलाओं एवं भगवद गीता के महत्वपूर्ण उपदेश की चर्चा की, साथ ही इस आयोजन के माध्यम से, सुमित्रा दामोदर मिश्रा ग्रुप के निदेशक श्री मिश्रा ने अभिभाषण में भगवद भक्ति और समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओ की बीच प्रकट किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज, तैयारी पूरी

**अररिया । समाज जागरण**
कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया पत्रांक- 1139 द्वारा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने सूचित किया कि दिनांक 09-09-2023 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।09-09-2023 को व्यवहार न्यायालय, अररिया के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन श्रीमान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया के द्वारा दिनांक-09-09-2023 को व्यवहार न्यायालय अररिया के प्रांगण में 10:30 बजे पूर्वाह्न में किया जाएगा। उक्त उद्घाटन कार्यक्रम में सभी मिडिया बंधु को भी आमंत्रित किया गया है।

# नानू बाबा के जीवन पर आधारित पुस्तक का हुआ विवोचन, मुख्य अतिथि थे एसपी: किमी आनंद

**अररिया । समाज जागरण**
विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर सह बाबा खड्गेश्वरनाथ नाथ मंदिर में पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में हेमंत कुमार हीरा के द्वारा मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर व नानू बाबा पर लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक वियोजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में अररिया पुलिस कप्तान अशोक कुमार सिंह पहुंचे। जहां नानू बाबा के जन्मोत्सव के मौके पर पहुंचे दर्जनों अतिथियों के द्वारा सामूहिक तौर पर पुस्तक का विमोचन किया गया। नानू बाबा के दीघार्यु जीवन की कामना व पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने बताया कि हर खुशी को त्याग कर नानू बाबा ने बनाया विश्व स्तरीय मंदिर यह जो पुस्तक है। नानू बाबा का जीवनी व मंदिर का इतिहास को दशार्या है। इससे सभी पाठक मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर व परम पूज्य नानु बाबा के बारे में पुस्तक के माध्यम से जा सकेंगे। नानू बाबा प्रिय शिष्य सह भाजपा के लोकसभा संयोजक मीडिया किमी आनंद ने बताया कि लेखक हेमंत कुमार हीरा के द्वारा जो पुस्तक लिखा गया है। इसमें मुख्य बात यह है मंदिर व बाबा के बारे में अलग-अलग पॉइंट कर के इसे लिखा गया है इस पुस्तक में फोटो भी प्रकाशित है, जो कि पाठक को पढ़ने में काफी सुविधा होगी। वही लेखक हेमंत कुमार हीरा ने बताया कि यह पुस्तक गुरुदेव नानू बाबा के जन्म दिन के मौके पर उनके चरणों को समर्पित है। यह पुस्तक निःशुल्क है,जहां नानू बाबा के जन्मोत्सव के मौके पर भक्तों के बीच बांटा गया। इस पुस्तक प्रकाशन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी,किमी आनंद, जितेंद्र कुमार, किंग कुंदन, नगर परिषद के मुख्य पार्षद विजय कुमार मिश्रा, कसबा नगर के चेयरमैन कुमारी छाया उर्फ कोमल यादव, समाजसेवी मिट्ठू यादव व समाजसेवी शेखर कुमार शशि समेत कई भक्तों का काफी सहयोग रहा है।

# जिले में मिशन इंद्रधनुष की सफलता को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी

**अररिया । समाज जागरण**
जिले में मिशन इंद्रधनुष 5.0 की सफलता को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी हो चुकी है। अभियान का पहला चरण आगामी 11 से 16 सितंबर के बीच संचालित किया जायेगा। अभियान की सफलता को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों के कार्य व दायित्वों का निर्धारण किया गया है। प्रखंड स्तर पर एमओआईसी, बीएचएम, बीसीएम को अभियान के पर्यवेक्षण का जिम्मा सौंपा गया है। सभी बीडीओ, एमओआईसी, सीडीपीओ व बीपीएम जीविका को इसके अनुश्रवण की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अभियान के सफल संचालन को लेकर संबंधित आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व जीविका दीदियों की मदद से टीकाकरण को लेकर आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

शहरी क्षेत्र में 40 व ग्रामीण इलाकों में 954 सत्र निर्धारित-

मिशन इंद्रधनुष 5.0 के संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि अभियान की सफलता को लेकर अररिया व फारबिसगंज शहरी क्षेत्र में 40 सेशन साइट निर्धारित किया गया है। वहीं ग्रामीण इलाकों में कुल 954 साइट निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर से टीकाकरण से वंचितों की ड्यू लिस्ट तैयार की गयी है। इसके मुताबिक टीकाकरण के लिये दो वर्ष से कम उम्र के कुल 14 हजार 506 बच्चे लक्षित हैं। वहीं 02 से 05 साल के 04 हजार 41 बच्चों को एमआर 1 व 03 हजार 110 बच्चों को एमआर 2 का टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित है।

टीकाकरण कई बीमारियों से बचाव का महत्वपूर्ण जरिया -

अभियान के क्रम में टेटनेस-डिप्थेरिया का टीका लगाया जाना है। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत टीकाकरण से वंचित दो वर्ष तक के सभी बच्चे व सभी गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित कराना मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।
सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने



जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष का संचालन तीन चरणों में किया जाना है। पहला चरण 11 से 16 सितंबर, दूसरा चरण 09 से 14 अक्टूबर व तीसरा चरण 27 नवंबर 02 दिसंबर के बीच संचालित किया जाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के क्रम में दो साल तक के बच्चों को बीसीजी, ओपीवी, पेंटावेलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी मिजिल्स, विटामिन-ए, डीपीटी बूस्टर डोज व बूस्टर ओपीवी का टीके लगाया जायेगा। गर्भवती महिलाओं को बताया कि नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम की सफलता महत्वपूर्ण है। टीकाकरण गर्भवती महिला व दो से पांच साल के बच्चों को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इस क्रम में कम आच्छादन वाले क्षेत्र, दुर्गम इलाके व ईट भट्ठा व निर्माण कार्य में संलग्न मजदूर, प्रवासी व खानाबदोश परिवार के बसावट वाले इलाकों में शत प्रतिशत टीकाकरण को लेकर विशेष पहल किये जाने की जानकारी उन्होंने दी।

# बड़ा अक्षरों में विद्युत रेल इंजन पर मधेपुरा लिखा जाय : अनिल अनल

**मधेपुरा। समाज जागरण**
विद्युत रेल इंजन कारखाना में निर्मित विद्युत रेल इंजन पर अपना मधेपुरा का



नाम अंकित होकर निकलना शुरू हुआ। लेकिन नाम छोटा अक्षरों में है। क्षोभ प्रकट करते हुए पूर्व मुखिया सह जाप नेता अनिल अनल ने विद्युत रेल इंजन कारखाना प्रबंधक से अनुरोध किया कि बड़ा अक्षरों में मधेपुरा लिखा जाय ।

# जिले को 3, 537 टेलीकंसल्टेंसी के साथ मिला राज्य में दूसरा स्थान

पूर्णिया । संचार क्रांति के इस युग में राज्य की गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदों को चिकित्सीय सुविधाएं विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से टेलीमेडिसीन कंस्लटेंसी के तहत अनवरत दी जा रही है। जिसका नतीजा यह है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को घर बैठे या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों से चिकित्सा विज्ञान द्वारा उचित सलाह एवं परामर्श मिलने के साथ ही दवाओं की उपलब्धता से कई तरह की बीमारियों का उपचार हो रहा है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में नित नई-नई तकनीकी व्यवस्था को सुदृढ करने में लगी हुई है। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि विगत दिनों स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक के दौरान जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने ई-टेलीकंस्लटेंसी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया था। जिसके आलोक में जिले के सभी हब और स्पॉक्स ने बेहतर टेलीमेडिसिन सेवाएं देते हुए राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। डीपीसी जिला योजना समन्वयक डॉ सुधांशु शेखर ने बताया कि प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे बुधवार को विशेष रूप से ई-टेलीकंस्लटेंसी का संचालन किया जाता है। विगत 06 सितंबर को टेलीमेडिसीन कंस्लटेंसी के माध्यम से पूरे बिहार में 54 हजार, 9 सौ 13 ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सीय परामर्श दिया गया था। जिसमें केवल पूर्णिया जिले में 3 हजार, 5 सौ, 37 मरीजों का उचित चिकित्सीय परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया है। स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के तहत ई- टेलीमेडिसिन की सुविधाएं शुरू की गई हैं ताकि जिले के निवासियों को किसी भी बीमारी या संक्रमण को समय रहते उसका उपचार किया जा सके। इसके सफल क्रियान्वयन में प्रशिक्षित चिकित्सकों, एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों को विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थापित किया गया है।

# कॉमर्स कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में स्नातक द्वितीय खण्ड 2023 की प्रायोगिक परीक्षा 11 सितंबर से:प्रधानाचार्य

**मधेपुरा। समाज जागरण**
भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा की अंगीभूत इकाई



बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़, मधेपुरा में स्नातक द्वितीय खण्ड (उद्धक्क) प्रायोगिक परीक्षा 2023 दिनांक 11 सितंबर से महाविद्यालय में आयोजित की जायेगी ।
परीक्षा का कार्यक्रम महाविद्यालय के सूचना पट पर अंकित कर दी गई है। इस आशय की जानकारी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक डा. अरविंद कुमार ने दी।

# 21 वर्षो से भगौड़ा घोषित अन्तरजिला कुख्यात मोस्टवांटेड अपराधी मणियां पासवान गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**मधेपुरा/डा.रूद्र किंकर वर्मा।**
कोशी रेंज के डीआईजी शिवदीप वामनराव लांडे द्वारा जारी टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल खाड़ा वार्ड 13 सुखासनी गांव का रहने वाला मनियां उर्फ मणि उर्फ मणिकांत पासवान को उदाकिशुनगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मणि पासवान मधेपुरा - सहरसा - खगड़िया सीमावर्ती इलाके का स्थाई तौर पर भोगौड़ा घोषित अन्तरजिला, कुख्यात, मोस्टवांटेड, दुर्दांत अपराधी कहा जाता है। गिरफ्तार अपराधी की तालाश पांच थाने की पुलिस पिछले 21 वर्षो से कर रही थी। वह गिरोह का मुख्य सरगना कहा जाता था। गिरफ्तार अपराधी अपने गिरोह में कम उम्र के युवाओं को शामिल कर वारदात को अंजाम देता था। इसका मानना था कि अपराध करने के इच्छुक कम उम्र के युवा गिरोह के सरगना के प्रति बहुत ही इमानदार होते हैं। कई बार पुलिस से इसका एनकाउंटर भी हुआ था। हर बार वो चकमा देकर फरार होने में सफल हो जाता था। जानकारी हो कि हर साल किसान के खेतों में लहलहाती मक्का फसल के समय अपराधी मणि पासवान सीमावर्ती इलाके में अपना स्थाई आशियाना बना लेता था। जैसे ही फसल की कटनी खत्म हो जाती थी, वह आसपास के जिले में किराये के मकान में नाम बदलकर रहने लगता था। इस बार उदाकिशुनगंज पुलिस, अपनी तकनीकी सेल की मदद से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह पुलिस की बड़ी कामयाबी कही जा रही है। बताया जा रहा है कि पड़ोसी जिला मुख्यालय सुपौल नगर परिषद वार्ड नं. 27 के झकराही मुहल्ला से अपराधी मणि पासवान की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस की दबिश के कारण वह सुपौल में शरण लेकर किराये के मकान में नाम बदलकर सपरिवार रहता था। हाल के ही दिनों में वह किराये का मकान भी बदला था। जिसकी भनक पुलिस को लग गई थी।

वर्ष 2002 में मुस्लिम लड़की को जबरन भगाकर किया था शादी, पकड़ाने के बाद हुई थी जमकर पिटाई, तब से अपराध की दुनिया में रखा था कदम, तंग आकर लड़की का सपरिवार छोड़ दिया गांव

वर्ष 1999 में मणि पासवान के पिता महेंद्र पासवान की हत्या कर दी गई थी। उस समय इसकी उम्र महज 15 साल थी। पिता की हत्या के बाद वर्ष 2002 में पड़ोस में बसे एक मुस्लिम परिवार के लड़की को इन्होंने जबरन भगाकर शादी कर ली। खोजबीन में पकड़े जाने के बाद सोनवर्षा राज थाने में जमकर इसकी पिटाई कर दी गई। उसके बाद इन्होंने सर्वप्रथम अपराध के दुनिया में कदम रखा। मुस्लिम परिवार के कई सहयोगियों से पिटाई का बदला भी लिया। तंग आकर पीड़ित परिवार ने गांव छोड़ दिया, और अन्यत्र दूर जाकर बस गया। इसके बाद इसने स्वयं स्वजातीय विवाह किया।

पाही (बाहरी) जमींदार का दर्जनों एकड़ जमीन पर जमाया हुआ है अवैध कब्जा

जानकारी अनुसार इन्होंने कई दशकों से गांव में पाही (बाहरी) जमींदार का दर्जनों एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा जमाये हुए था। तब से बिचौलिए के माध्यम फसल उपज का बड़ा हिस्सा वसूल करता आ रहा है। ये जमींदार भय से कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। कई जमींदार को गांव छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

सरकारी योजनाओं के ठेकेदार से वसूल करता था रंगदारी



गांव व आसपास संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के ठेकेदार व व्यवसायियों से जबरन रंगदारी वसूल करने के कारण इसके मनबढ़ू होने का चर्चा लोगों के बीच आम है। जानकारी अनुसार वर्ष 2010 में गांव में ढ़लाई सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार से रंगदारी वसूल करने के मामले में सहयोगियों से मिलीभगत कर अपने ही सगे भाई सुदर्शन पासवान को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। अनुसंधान के दौरान उक्त बातों का पुलिस ने केस डायरी में विस्तृत उल्लेख किया है। दुसरी ओर वर्चस्व की लड़ाई में अपने ही चचेरे भाई रंजीत पासवान की हत्या सहयोगियों की मदद से इसने कर दी है। इसमें में पत्नी पुनम देवी समेत 11 लोगों के खिलाफ काशनगर ओपी में मामला दर्ज किया गया है।

मधेपुरा - सहरसा - खगड़िया सीमावर्ती इलाका अपराधियों का कहा जाता है सेफजोन

अपराधी मणि पासवान द्वारा लगातार वारदात को अंजाम देने के कारण मधेपुरा - सहरसा - खगड़िया सीमावर्ती इलाका अपराधियों का सेफजोन कहा जाने लगा। ऐसे में वारदात के बाद अपराधी पड़ोसी जिले में आसानी से घुस जाता है। नतीजतन पुलिस को त्वरित कार्रवाई में समय लग जाता है। तब तक अपराधी पहचान छिपाने में कामयाब हो जाता है।

गिरफ्तार अपराधी के बताये निशानदेही पर छापेमारी करते हुए आग्नेयास्त्र, जिंदा कारतूस व अंग्रेजी शराब की बोतल किया बरामद

गिरफ्तारी के बाद पुछताछ के दौरान अपराधी मणि पासवान द्वारा बताये गये निशानदेही पर सुखासनी स्थित आवासीय घर से एक देशी मास्केट, पांच जिंदा कारतूस एवं एक अंग्रेजी शराब की बोतल की बरामदगी की गई है। उसके बाद उदाकिशुनगंज थाना कांड संख्या 293/23 में धारा 25(1-बी)ए, 26 आर्म्स एक्ट एवं 30(ं) बिहार मद्य निषेध एवं संशोधित उत्पाद अधिनियम 2022 दर्ज कर पुलिस हिरासत में लिया गया। बताया गया है कि इसके खिलाफ आसपास के विभिन्न थानों में कुल 15 मामले दर्ज हैं। सभी में न्यायालय द्वारा स्थाई तौर पर फरार घोषित किया गया है।

गिरफ्तारी के लिए गठित टीम में शामिल पुलिस कर्मी को किया जाएगा पुरस्कृत

सूचना के उपरांत गिरफ्तारी हेतु गठित टीम में पुनि सह थानाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी, पुअनि पप्पू कुमार, पुसअनि सुरेन्द्र कुमार, सिपाही-65- धीरेन्द्र कुमार, सि.-262-प्रभात कुमार, सि.-183-सोनू कुमार, सि.-353-विकेश कुमार यादव, सि.-81-सुनील कुमार, सि.-120-धर्मदेव कुमार को शामिल कर गणतंव्य स्थान पर भेजा गया। जहां छापेमारी के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी राजेश कुमार ने कहा कि सभी पुलिस कर्मियों को सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

मणि पासवान का आपराधिक इतिहास

:: सोनवर्षा राज (काशनगर ओपी) थाना कांड संख्या 56/03 में धारा 307, 34, भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट।
:: उदाकिशुनगंज थाना कांड संख्या 09/05 में धारा 147, 148, 149, 307, 353, 414, भादवि एवं 3(1)(7) अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम।
:: उदाकिशुनगंज थाना कांड संख्या 09/05 में धारा 147, 148, 149, 307, 353, 414, भादवि 25(1-बी)ए, 26, 27 आर्म्स एक्ट।
:: उदाकिशुनगंज थाना कांड संख्या 50/2006 में धारा 392 भादवि।
:: उदाकिशुनगंज थाना कांड संख्या 128/07 में धारा 395, 397, भादवि।
:: सोनवर्षा राज (काशनगर ओपी) थाना कांड संख्या 138/09 में धारा 353, 386, 506 भादवि।
:: उदाकिशुनगंज थाना कांड संख्या 34/12 में धारा 302, 201, 120(बी), 34, भादवि।
:: सोनवर्षा राज (काशनगर ओपी) थाना कांड संख्या 25/12 में धारा 341, 342, 323, 379, 385, 34, भादवि।
:: उदाकिशुनगंज थाना कांड संख्या 165/13 में धारा 395 भादवि।
:: उदाकिशुनगंज थाना कांड संख्या 184/13 में धारा 147, 148, 149, 341, 342, 504, 307, 353, भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट।
:: सोनवर्षा राज (काशनगर ओपी) थाना कांड संख्या 134/13 में धारा 147, 148, 149, 341, 342, 323, 504, 353, 307, 225, 332, भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट।
:: सोनवर्षा राज (काशनगर ओपी) थाना कांड संख्या 17/15 में धारा 384, 427, 34, भादवि।
:: सोनवर्षा राज (काशनगर ओपी) थाना कांड संख्या 139/16 में धारा 147, 148, 149, 302, 120(बी), भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट।
:: उदाकिशुनगंज थाना कांड संख्या 80/17 में धारा 384, 385, भादवि।
:: सोनवर्षा राज (काशनगर ओपी) थाना कांड संख्या 67/19 में धारा 395 भादवि।

# भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति विसर्जन काफी धूमधाम के साथ किया गया

**भरगामा समाज जागरण**
भगवान श्रीकृष्ण महोत्सव पर गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के सिरसिया कला पंचायत के वार्ड 5 स्थिति राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में श्रीकृष्ण पूजनोत्स्व के



अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें दरभंगा के कलाकार सुश्री डोली सिंह, रुपेश सिंह,मोना बिहारी एवं स्थानीय युवा कलाकार रौशन झा के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया गया कलाकारों के प्रतिभा को सुनकर पुरे इलाका भक्तिमय माहौल में बदल गया।मंदिर प्रांगण में खचाखच भीड़ बढ़ता चला गया जिससे पूरी रात कलाकार अपनी सुन्दर सुरों से दर्शकों को मनमुग्ध कराने में सफल रहे। वहीं श्री राधे कृष्ण मंदिर को आकर्षक विधुत सज्जा से सजाया गया था।यहां बुधवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव 7 को पुजा एवं थाल व बांसुरी चढ़ावा तथा उसके बाद 8 को मूर्ति विसर्जन किया गया। इस दौरान विधि व्यवस्था के अलावे साफ-सफाई, लाइट की उत्तम व्यवस्था की गई थी मंदिर परिषर को रंग बिरंगी रौशनी से सजाया गया था। भक्ति जागरण कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त सिरसिया नवयुवक संघ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इधर थाना अध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में बिभिन्न जगहों पर श्री कृष्ण पूजन के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सुरक्षा के लिए पुलिस बलों की तैनाती की गई है। बहरहाल इस पूजा को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया।

# डीएम ने जिला परिषद, किशनगंज कार्यालय का किया निरीक्षण, कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने का निदेश

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिलाधिकारी,किशनगंज श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिला परिषद, किशनगंज, कार्यालय के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों का निरीक्षण किया है। सभी कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

डीएम ने जिला परिषद, किशनगंज, कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजियो, कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। निरीक्षण के वक्त जिला परिषद की अध्यक्षा तथा मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं सभी कर्मी कर्तव्य पर उपस्थित थे।

डीएम श्री शास्त्री द्वारा जिला परिषद का निरीक्षण के दौरान विभिन्न पंजियों का संधारण को देखा गया।रक्षी संचिका पंजी, अनुक्रमणिका पंजी, पत्र प्रेषण पंजी, जनशिकायत पंजी, भंडार पंजी,रोकड बही,सेवा पुष्त पंजी,अवकाश पंजी, लोग बुक,आगत पंजी,आवंटन पंजी आदि का निरीक्षण किया गया। डीडीसी- सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी स्पर्श गुप्ता, (भा. प्र. से.) ने बताया कि कार्यालय में कुल एक स्थायी कर्मी मो० ममनुन आलम कार्यरत है। जिनका सेवापुस्त संधारित एवं अद्यतन है। कार्यालय में पदस्थापित नियमित कर्मियों के विवरण की जानकारी हेतु सेवा इतिहास पंजी संधारित है, जिसमें कर्मी से संबंधित सभी विवरण यथा जन्म तिथि नियुक्ति तिथि वेतन वृद्धि की तिथि, सेवानिवृत होने की तिथि, लेखा परीक्षा उत्तीर्णता तिथि, स्थायी / अस्थायी पता आदि अंकित है। जिला परिषद के कर्मियों को सातवां वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में वेतन



भुगतान किया जा रहा है। योजना संबंधी कार्य (13वें वित्त, षष्ट्म राज्य वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग)की जानकारी दीं।

बताया गया कि जिला परिषद की बैठक माननीय अध्यक्ष, जिला परिषद, किशनगंज द्वारा तिथि निर्धारण किये जाने पर आयोजित की जाती है। बैठक की कार्यवाही को विधिवत संचिका में संधारित किया जाता है।

वर्तमान में जिला परिषद अंतर्गत मुख्य रूप से 15वें वित्त आयोग (Tied and Untied) एवं षष्ट्म राज्य वित्त आयोग के तहत योजनाओं क्रियान्वित है। इसके अतिरिक्त पंचम राज्य वित्त आयोग (प्रतिनिधायन) की राशि प्राप्त हुई है। जिला परिषद में कुल 35 अड़गड़ा एवं 01 बस पड़ाव नामी सैरात है। जिला परिषद में कुल 04 डाक बंगला है। 01 जिला परिषद डाक बंगला, किशनगंज 02. जिला परिषद डाक बंगला, ठाकुरगंज 03 जिला परिषद डाक बंगला, पौआखाली एवं 04 जिला परिषद डाक बंगला, बहादुरगंज, जिसमें जिला परिषद डाक बंगला, बहादुरगंज एवं ठाकुरगंज जर्जर स्थिति में है।

जिला परिषद, किशनगंज की परिसम्पत्ति को चिन्हित किया गया है। इससे संबंधित विवरण संचिका में उपलब्ध है। किशनगंज स्थित लाईन मोहल्ला में जिला परिषद भूमि अतिक्रमित है जिसे अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई की जा रही है।

गौरतलब हो कि डीएम द्वारा नियमित तौर पर विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण तथा कार्यों का अनुश्रवण किया जाता है। डीएम ने कहा कि सरकार के विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें।

# सदर अस्पताल में हर शुक्रवार को विशेष दिव्यांगता जांच शिविर आयोजित कर प्रमाण वितरित कियो जाता है – सिविल सर्जन

### -दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाने को प्रखंड वार मेडिकल बोर्ड की गई है गठित

### -14851 लक्ष्य के आलोक में 9066 का प्रमाण पत्र बनाया गया है

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की अतिमहत्त्वाकांक्षी यूडीआईडी परियोजना के तहत सूबे में दिव्यांगजनों का कार्ड बनाया जा रहा है । जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के दिशा निर्देश के आलोक में सभी प्रखण्डों के वरीय पदाधिकारी यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए विभिन्न तरह के आयोजन कर अधिक से अधिक कार्डधारी दिव्यांगजनों को आधार से लिंक करने के लिए प्रखंडों में ऑनलाइन कराना सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी क्रम में सदर अस्पताल में प्रत्येक शुक्रवार को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है।

**दिव्यांगता जांच शिविर में 24 दिव्यांगों की जांच कर प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया–**

दिव्यांगतो मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ राहुल कुमार ने बताया कि शुक्रवार को सदर अस्पताल में दिव्यांगता जांच शिविर में 24 दिव्यांगों की जांच की गई व सभी को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है। यह आयोजन सिविल सर्जन की देखरेख में किया गया है । गौरतलब हो कि नाक,कान, गला, मूके बधिर एवं मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चे के लिए अपने सम्बंधित रोग का एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जांच कराकर जांच रिपोर्ट आवेदन के साथ संग्लन करना आवयश्क है।

**दिव्यांगता प्रमाण पत्र के साथ प्रमाण पत्र का नवीकरण का कार्य भी किया गया –**

वीबीडीसी सलाहकार अविनाश रॉये ने बताया कि जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बना है अथवा नवीकरण की आवश्यकता है। जिन दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र है, उसे कैंप में ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी है। इसके लिए पारा



मेडिकल स्टाफ को आवश्यक दवाओं के साथ प्रतिनियुक्त कियो गया था। दिव्यांग प्रमाण पत्र के साथ यूनिक डिसेबिलिटी आइडेंटी कार्ड भी जारी किया गया। कुछ आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का भी प्रमाण पत्र और यूनिक डिसेबिलिटी आइडेंटी कार्ड बनाने को प्राथमिकता दी गयी । बौद्धिक अक्षमता विशिष्ट अधिगम, दिव्यांगता एवं ऑटिज्म का भी प्रमाण पत्र और यूडीआईडी बनाने का विशेष ख्याल रखा गया।

**14851 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाने के लक्ष्य के आलोक में 9066 का प्रमाण पत्र बनाया गया है–**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोरे ने बताया कि जिले के सभी दिव्यांगजनों का ऑनलाइन दिव्यांगता प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने के लिए यूडीआईडी कार्ड निर्गत किया जाना है। विदित हो की 14851 दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड बनाने के लक्ष्य के आलोक में 9066 का प्रमाण पत्र बनाया गया है। जो 61.05 प्रतिशत है। विभाग द्वारा जारी ऑफलाइन दिव्यांगता प्रमाण पत्र राज्य में मान्य नहीं है। इसको ऑनलाइन सत्यापित करना अनिवार्य है। ऑफलाइन दिव्यांगता प्रमाण पत्र को ऑनलाइन नहीं होने के कारण यूडीआईडी कार्ड के अभाव में दिव्यांगजन सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित रहे जाते हैं। जिले के सभी प्रमाणीकृत दिव्यांगजनों का शत प्रतिशत यूडीआईडी कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**यूडीआईडी कार्ड को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया में आई तेजी: सिविल सर्जन**

सिविल सर्जन डॉ किशोरे ने बताया कि यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए प्रतिदिन कार्य किया जा रहा है। अभी तक जिनलोगों का यूडीआईडी कार्ड बन गयो लेकिन आधार से जोड़ा नहीं गया है, उसको जोड़ने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। जिनका कार्ड नहीं बना है, उनलोगों को निम्नलिखित दस्तावेज को अपने साथ लाना पड़ेगा। जिसमें मुख्य रूप से दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधारकार्ड या आवासीय प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, फोटो के साथ उनकी विवरणी, आवासीय एवं पहचान पत्र से संबंधित भारत सरकार या बिहार सरकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र जैसेः मतदाता पहचान पत्र, विद्यालय पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार, पैन कार्ड, पासपोर्ट, बैंक पासबुक इत्यादि सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र मान्य होगा।

# जाति आधारित गणना रोकने के विरुद्ध जदयू का अभियान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जाति आधारित गणना रोकने की साज़िश रचने वाली भाजपा के विरूद्ध जदयू का पोल खोल अभियान/ मशाल जुलूस के तेहत कोचाधामन प्रखंड अन्तर्गत हास्पिटल चौक से प्रखंड मुख्यालय होते हुए भट्टा हाट तक विशाल मशाल जुलूस का आयोजन जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम के नेतृत्व में निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं आम जनता शामिल थे। जदयू कार्यकर्ता हाथों में मशाल, पार्टी का झंडा लिए भाजपा के आरक्षण विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हास्पिटल चौक से प्रखंड मुख्यालय होते हुए भट्टा हाट पहुंचा, जहां पर जुलूस नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया।सभा को संबोधित करते हुए जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार आरक्षण विरोधी है।वह साज़िश कर रही है कि पिछड़ा,अति पिछड़ा, दलित, महादलित एवं आदिवासियों को दी जाने वाली आरक्षण व्यवस्था को समाप्त किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार से सभी पार्टियों का एक शिष्टमंडल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर जातिगत जनगणना कराने की मांग की थी। परंतु केन्द्र की स-



रकार ने बिहार की मांग को खारिज कर दिया। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपने संसाधनों से बिहार में जाति आधारित गणना कराने का एतिहासिक निर्णय लिया जिसके लिए 500 करोड़ रुपए आवंटित किया। नीतीश कुमार के इस निर्णय से भाजपा के लोग काफी परेशान हो गए और उन लोगों ने माननीय पटना उच्च न्यायालय में रिट दायर कर जाति आधारित गणना को रूकवाने का काम किया। वहां पर कामयाबी नहीं मिली तो माननीय सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जहां पर 24 घंटे के अन्दर केन्द्र सरकार ने अपना हलफनामा बदल दिया। जिससे बीजीपी का असली चेहरा देश के सामने आ गया। बिहार में जाति आधारित गणना का काम पूरा हो गया है।अब सिर्फ डाटा का प्रकाशन होना बांकी है।सभा को संबोधित करते हुए जदयू कोचाधामन विधानसभा प्रभारी दीपक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जाति आधारित गणना होने से सरकार को एक डाटा मिल जायेगा कि किस जाति की कितनी आबादी है,और उन जातियों की आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक स्थिति किया है? जिससे उन जातियों के लिए भविष्य में योजना बनाने में सरकार को मदद मिलेगी।और उन जातियों को मुख्य धारा में लाने में सरकार को मदद मिलेगी। जदयू प्रखंड अध्यक्ष दानिश एकबाल ने अपने संबोधन में कहा कि जाति आधारित गणना कराने का फैसला माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का एतिहासिक फैसला है। जिला पार्षद प्रतिनिधि कैसर राही ने अपने संबोधन में नीतीश कुमार के कार्यों की विस्तृत रूप से चर्चा की।सभा को समाजसेवी बाबर आलम , इन्जिनियर सुभाष सिंह सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।मंच संचालन शेरशाह भारती ने किया।

कार्यक्रम में जदयू पंचायत अध्यक्ष अतहर आलम, आलम, मुखिया अब्दुस सलाम, मुखिया प्रतिनिधि सरफराज राही,मिंटू, मुखिया प्रतिनिधि कारी मशकूर अहमद, प्रखंड अध्यक्ष दानिश इकबाल, उप प्रमुख समदानी बेगम भारती, चिराग डीलर, सरपंच तनवीर कमाल, पंचायत समिति सदस्य दिलीप कुमार यादव, सतीष कुमार सिंह, इमरान आलम, इजहार आलम, अब्दुल कैयुम, जदयू जिला पार्षद प्रतिनिधि मो., कैसर आलम राही, मुनाजिर आलम हार्डवेयर, अंजार आलम, अब्दुस शकूर उर्फ खजांची, मनौवर आलम, कृष्णा कुमार उर्फ पप्पू रजक, रईस रेजा, आसिफ, अतहर आलम, मास्टर सिकंदर हयात उर्फ शैली, पंचायत समिति सदस्य शाद आलम, मुमताज आलम पप्पू, शाकिब मिजाजी, नजीब मोहम्मद, रिजवान अकरम, गुलाम महफूज, वार्ड सदस्य नूर बाबू, नाहीद अन्दर, सगीर खान सगरु, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# एकलव्य राज्य आवासीय खेल(कबड्डी) प्रशिक्षण केंद्र संचालन हेतु 20 प्रशिक्षु के लिए ट्रायल इंटर उच्च विद्यालय किशनगंज में संपन्न

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत एकलव्य राज्य आवासीय कबड्डी (बालक) खेल प्रशिक्षण केन्द्र, इंटर उच्च विद्यालय किशनगंज में नये केन्द्र का स्थापना की स्वीकृति उपरांत कबड्डी के 20 प्रशिक्षुओं का चयन हेतु ट्रायल इंटर उच्च विद्यालय किशनगंज में संपन्न हुआ। प्रशिक्षुओं का चयन हेतु छात्र एवं युवा कल्याण निदेशालय स्तर से एक चयनकर्ता और एक पर्यवेक्षक को नामित किया गया है। चयनकर्ता के रूप में सीतामढ़ी ,एकलव्य राज्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र(डुमरा कोर्ट) के प्रशिक्षक मो साजिद अनवर खान और पर्यवेक्षक के रूप में भागलपुर के जिला खेल पदाधिकारी जयनारायण खेल मैदान में मौजूद रहे। वर्षा के कारण ट्रायल के दौरान थोड़ी देर के लिए बाधा हुई ,तत्पश्चात ट्रायल इंटर उच्च विद्यालय के कैंपस में कराया गया।

बता दें कि किशनगंज समेत अन्य जिला से 60 खिलाड़ियों ने आवेदन समर्पित किए थे,इसमें 40 आवेदक उपस्थित हुए। उपस्थित खिलाड़ी बैटरी टेस्ट में प्राप्त मार्क्स के आधार पर चयनित हुए। 20 आवेदक अंतिम रूप से चयनित हुए और शेष 20 आवेदक के परफॉर्मेंस के आधार पर



प्रतीक्षा सूची तैयार की गई है।यदि नामांकन में चयनित खिलाड़ी नहीं पहुंचते हैं तो प्रतीक्षा सूची के खिलाड़ी को मौका मिल सकता हैं।

मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत एकलव्य राज्य आवासीय कबड्डी (बालक) खेल प्रशिक्षण केन्द्र, इंटर उच्च विद्यालय किशनगंज में नये केन्द्र के लिए एक उच्च कोटि के प्रशिक्षक का भी चयन होना है। मात्र तीन आवेदन प्राप्त हुए हैं। खेल कार्यालय द्वारा तीन आवेदकों की सूची निदेशालय को भेजकर इंटरव्यू की तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया जाएगा। इंटरव्यू के आधार पर निदेशालय स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा प्रशिक्षक का चयन किया जाएगा।

विदित हो कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकन के साथ नजदीक के विद्यालय में पढ़ाई हेतु नामांकन भी कराया जायेगा।चयनित प्रशिक्षु खिलाड़ी को प्रशिक्षण केन्द्र के छात्रावास में रहना अनिवार्य होगा तथा पठन-पाठन, खेल पोशाक, खेल किट्स, चिकित्सीय सुविधा, पौष्टिक नाश्ता, भोजन इत्यादि की सुविधा राज्य सरकार के नियमानुसार निःशुल्क दी जायगी।

प्रशिक्षुओं के चयन हेतु टेस्ट का आयोजन में जिला खेल पदाधिकारी रंजीत कुमार, इंटर हाई स्कूल के प्राचार्य एवम शारीरिक शिक्षक अतहर हसन,सुनील कुमार ,इकबाल हुसैन, अब्दुस सम्मद,तृप्ति चटर्जी उपस्थित रहे। किशनगंज जिला कबड्डी संघ के सहयोग प्राप्त हुआ है।

# 09 सितम्बर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

### आपसी समझौता, सुलह योग्य मामले होंगे निष्पादित,किसी प्रकार का कोई शुल्क देय नहीं

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

दिनांक 09 सितम्बर, 2023 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यवहार न्यायालय किशनगंज में आयोजन। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज से प्राप्त सूचनानुसार इसका आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज के तत्वाधान में किशनगंज जिला के व्यवहार न्यायालय के प्रांगण में उक्त तिथि को 10:00 बजे पूर्वाह्न से होगा।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में संधि योग्य लघु आपराधिक मामले, बैंक ऋण, विद्युत वाद, वाहन दुर्घटना बीमा, माप-तौल, श्रम वाद, नीलाम पत्र वाद, पारिवारिक मामले इत्यादि विचार विनिमय, समायोजन एवं सुलह के आधार पर निष्पादित किए




जायेंगे।

सभी वादकारीगण उक्त तिथि व समय पर अपने क्षेत्र के व्यवहार न्यायालय प्रांगण में उपस्थित होकर अपने मुकदमों का निस्तारण समझौते के आधार पर कराने का सुअवसर प्राप्त करें। जिला पदाधिकारी- सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज श्रीकांत शास्त्री के निदेश पर जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया है ताकि आम जनता इसका अधिक-से-अधिक लाभ उठा सके। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी भी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं है।

# शहीद जवान सैकत गिरी के याद में रक्तदान शिविर सहित कई प्रतियोगिता संपन्न

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

झाड़ग्राम जिले के फेंको में शहीद जवान सैकत गिरी के स्मृति में रक्तदान शिविर, मैराथन दौड़, फुटबॉल प्रतियोगिता, एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।तीन दिवसीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम 5 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें कुल 42 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। जिनमे 8 महिला रक्तदाता शामिल थे। दूसरे दिन 10 किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया। स्वर्णरेखा रेलमार्ग संग्राम कमिटी के अध्यक्ष सत्यव्रत राउत ने सांपधोरा एमएसके चौराहे से दौड़ प्रारंभ करने की हरी झंडा दिखाई। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का समापन फेंको स्थित सौदामिनी मैदान में संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ में प्रथम पंचानन बेरा, द्वितीय अनुपम महतो, तृतीय अमल महतो रहे। वहीं तीसरे दिन 16 टीमों के मध्य रोमांचक फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। फाइनल मुकाबले में बेहतर खेल प्रदर्शन कर सुप्रिया स्पोर्टिंग क्लब विजेता बना, जबकि एम जे जे मनापाडा क्लब को उपविजेता घोषित किया



गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया गया।तथा सभी वर्ग के प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। साथ ही साथ जिले के छह उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट परिणाम लाने के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण शहीद जवान सैकत के माता लीला गिरी, पिता रंजीत गिरी के द्वारा प्रदान किया गया। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी सह बाघझाँपा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक भवतोष भौमिक, अगुइबोनी उच्च विद्यालय के शिक्षक सुबल चंद्र मदुली, एस एस के पर्यवेक्षक बिपाशा पाणी, पूर्व सैनिक कालीपद महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

झाड़ग्राम जिले के फेंको निवासी रंजीत गिरि एवं लीला गिरी के इकलौते संतान सैकत गिरी जून 2016 में देश सेवा हेतु भारतीय सेना में शामिल हुए थे। अगस्त 2020 में सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई।सैकत के माता-पिता मातृभूमि के वीर पुत्र सैकत की याद में वर्ष भर विभिन्न सामाजिक सेवा का कार्य करते हैं। जिसमें ग्रामीण लोग रिश्तेदार एवं स्थानीय तरुण संघ क्लब के सदस्यों का सहयोग तथा परिश्रम के बलबूते सहीद सैकत गिरी के जयंती 5 सितम्बर से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जो सबों के सहयोग से सफल रहा

# रोलबाग स्थित देवघाट खगड़ा नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, नदी के दोनों किनारे लोगों का लगा जमावड़ा

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

किशनगंज शहर के रोलबाग स्थित देवघाट खगड़ा नदी में एक अज्ञात



व्यक्ति का शौक मिला. शव मिलते ही इलाके में आग की तरह बात फैल गई. वहीं इस दौरान शव को देखने के लिए नदी के दोनों किनारे लोगों का जमाबरा लग गया. वही इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई. घटनास्थल पर टाउन थाना पुलिस की टीम पहुंच कर शव को नदी से बाहर निकलने में लग गए

# सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत, तीन घायल

**राहुल, दैनिक समाज जगरण किशनगंज**

शुक्रवार को बिहार बंगाल सीमा के लोधन के पास अनियंत्रित कार पलटने से कार सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. वहीं कार सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए हाईर सेंटर सिल्लीगुडी रेफर कर दिया गया. मृतकों में रत्न कुमार शर्मा पिता सुरेन्द्र शर्मा, डुमरिया भट्टा व सम्राट महतो, पिता राजू महतो, धर्मगंज निवासी शामिल है. वहीं घायलों में धर्मगंज निवासी ओम सहनी - पिता लक्ष्मी सहनी, साहिल उर्फ सोनू व कुंदन पोद्दार -पिता स्व राधेश्याम पोद्दार शामिल है. दरअसल सभी स्विफ्ट डिजायर कार बीआर 04 वी / 2597 में सवार होकर शहर से दिन में बंगाल स्थित एक होटल में खाना खाने गए थे. खाना खाकर लौटने के दौरान दिन के करीब चार बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे एक पेड़ से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी. स्थानीय लोगो ने सभी को इलाज के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने दो युवको को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल तीन युवकों हाईयर सेंटर सिल्लीगुडी रेफर कर दिया. घटना के बाद से परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है.

# नक्सलबाड़ी सारदा विद्यामंदिर में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विज्ञान मेले का उद्घाटन।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

नक्सलबाड़ी : नक्सलबाड़ी सारदा विद्यामंदिर मे रजत जयंती वर्ष के अवसर पर शुक्रवार को विज्ञान मेले का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर इसरो वैज्ञानिक डॉ. राजदीप रॉय, शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार विजेता डॉ. पार्थ सारथी चक्रवर्ती, विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण रामदास, राष्ट्रीय छात्र विज्ञान मंथन समन्वयक डॉ. मयूरी दत्ता, राष्ट्रीय सयांग सेवक संघ के प्रचारक श्यामाचरण रॉय, रमाकांत महंत और अन्य उपस्थित थे। विज्ञान मेले का उद्घाटन इस दिन जिले के 15 सरकारी एवं निजी विद्यालयों ने भाग लिया। अतिथियों का स्वागत और विज्ञान मेले पर चर्चा के बाद दोनों वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों के विभिन्न सवालों के जवाब दिए क्विज के साथ-साथ विज्ञान पर कई कार्यक्रम भी हुए। इसरो वैज्ञानिक डॉ. राजदीप रॉय ने कहा कि छात्रों के बीच आकर अच्छा लग रहा है। छात्र बहुत चौकस हैं, चंद्रयान की सफल लैंडिंग के बाद हर किसी तक चंद्रयान की जानकारी पहुंच रही है। हालाँकि, वह विभिन्न उपग्रह प्रक्षेपणों के वैज्ञानिक डेटा प्रोसेसिंग से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा, विज्ञान के विभिन्न भाग व्यावहारिक कार्यों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसरो की ओर से गगनयान मिशन की प्रक्रिया जारी है। इस साल एक रोबोट भेजा जाएगा। दूसरी ओर, शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार प्राप्त आईआईटी खड़कपुर के वैज्ञानिक डॉ. पार्थ सारथी चक्रवर्ती मेले में मौजूद थे। उन्होंने विज्ञान के तथ्यों के साथ ग्लोबल वार्मिंग के विभिन्न तथ्यों और आम लोगों के बीच जागरूकता पर जोर दिया।

# छात्रोपस्थिति बढ़ाने को चलाएं अभियान

### पेयजल व शौचालय की कमी दूर करने के भी निर्देश

### एम.एच.ए.एन.डी. कॉलेज, ठाकुरगंज का हुआ औचक निरीक्षण

### पूर्णियाँ विश्वविद्यालय के कुलपति को भेजी गई रिपोर्ट

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ के शिक्षाविद कुलपति प्रो.(डॉ.) द्वारा चलाए जा रहे औचक निरीक्षण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अपराह्न 12:45 बजे मारवाड़ी कॉलेज, किशनगंज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. सजल प्रसाद एम.एच.ए.एन.डी. कॉलेज, ठाकुरगंज पहुँचे और औचक निरीक्षण किया. जब वे पहुंचे तो महाविद्यालय में अपराह्न 12.45 बजे छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बहुत कम थी. किंतु, प्रिंसिपल मो.अबरार एवं शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी वहाँ उपस्थित थे. जुमा की नमाज के बाद अन्य शिक्षक भी पहुँच गए. कॉलेज में उपस्थित छात्र-छात्राओं में रोजी बेगम, चांदनी कुमारी, रौनक परवीन, कृपा शंकर गणेश, आकाश कुमार पंडित, करीना कुमारी, मुकेश कुमार, किशन कुमार सिंह, राजशेखर राय आदि से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वे रजिस्ट्रेशन कराने आए हैं और कभी-कभी क्लास भी करते हैं. उन्हें 75% उपस्थिति की अनिवार्यता के बारे में बताया गया. प्रिंसिपल व शिक्षकों को छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने



के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए.

डॉ. प्रसाद ने निरीक्षण के क्रम में उपस्थिति पंजी, समय सारणी व विश्वविद्यालय को प्रेषित अटेंडेंस रिपोर्ट भी चेक किया जिसके अनुसार 05 शिक्षक व 08 शिक्षकेतर कर्मी अनुपस्थित थे.

उन्होंने पुरानी समय-सारणी को हटाकर अविलंब चार वर्षीय सीबीसीएस कोर्स के अनुरूप समय सारणी तैयार करके वर्ग संचालन करने का निर्देश दिया. सीबीसीएस कोर्स के तहत रजिस्ट्रेशन और विभाग / विषयवार आंतरिक परीक्षा कैसे आयोजित करने हैं, इसके बारे में डॉ. प्रसाद ने सभी शिक्षकों को करीब एक घंटे तक विस्तार से जानकारी दी और विभाग / विषयवार नामांकित विद्यार्थियों का व्हाट्सएप्प ग्रुप बनाकर उनसे संपर्क करने का निर्देश दिया. प्रयोगशालाओं के निरीक्षण से पता चला कि उपकरण आदि तो पर्याप्त हैं, परन्तु छात्र-छात्राओं के नहीं आने से प्रयोगशालाएं नहीं खुलती हैं.

कॉलेज परिसर साफ-सुथरा लगा किंतु, पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं थी. एक चापाकल लगा है, किंतु वह भी खराब था. छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय भी नहीं बने थे. किशनगंज से आए डॉ. प्रसाद ने प्रिंसिपल को पेयजल की व्यवस्था व शौचालय निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों से संपर्क करने की सलाह दी. शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने डॉ. प्रसाद को कॉलेज द्वारा आंतरिक कोष से भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की और सरकारी अनुदान की राशि आने के बावजूद दो गुटों के परस्पर विरोध के कारण भुगतान नहीं होने की भी शिकायत की। इस पर डॉ. प्रसाद ने कुलपति को रिपोर्ट देने की बात कही.

# झाड़ग्राम : दुआरे सरकार शिविर में उमड़ रही लोगों की भीड़

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

झाड़ग्राम जिला अंतर्गत संकराइल, झाड़ग्राम, नयाग्राम, बिनपुर एक एवं दो, गोपीबल्लभपुर एक एवं दो, जंबानी प्रखंड एवं झाड़ग्राम नगर पालिका क्षेत्र में 7 वे चरण के दुआरे सरकार शिविर कार्यक्रम के छठे दिन शुक्रवार को कुल 211 शिविर आयोजित किए गए। जिसमें 166 स्थाई शिविर एवं 45 चलन्त शिविर शामिल है। जिला प्रशासन द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक कुल 42564 आवेदकों ने आवेदन जमा क्या है। शिविर में बिना मूल्य सामाजिक सुरक्षा योजना खाता धारकों का पासबुक अपडेट,वृद्धावस्था पेंशन व लक्ष्मी भंडार में लोगों की अत्यधिक भीड़ देखने को मिल रही है।

# रेलवे के टिकटों के अवैध कारोबार में दो व्यक्ति रेलवे सुरक्षा बल के हत्थे चढ़ा

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र डेहरी आन सोन रोहतास**

मुख्यालय हाजीपुर के द्वारा अवैध टिकटों के कारोबारियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान हाजीपुर के निर्देश पर चलाया गया। व.मं.सु.आ.पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदेश पर निरीक्षक राम विलास राम के निर्देशन में उप निरीक्षक निशांत कुमार स.उ.नि मनोज कुमार चौधरी आरक्षी उमेश कुमार सिंह आरक्षी सम्मी कुमार आरक्षी पंकज कुमार रेलवे सुरक्षा बल एवं अ.आ.शा. गया के स.उ.नि अनिल कुमार चौधरी के एक विशेष टीम के द्वारा स्थानीय थाना तिलौथू के सहयोग से तिलौथू बाजार स्थित राज डॉट कॉम दुकान के ठीक ऊपर फिनो पेमेंट बैंक नामक दुकान पर छापेमारी कर उक्त दुकानों पर मौजूद दुकान के संचालक कुमार रवि



भूषण ऊर्फ दिलीप कुमार, उम्र 43 वर्ष पिता मेघ नारायण प्रसाद गुप्ता, थाना तिलौथू, जिला रोहतास तथा तिलौथू बाजार जगदेव चौक स्थित मंगलम कंप्यूटर सेंटर नामक दुकान पर छापेमारी कर उक्त दुकानों पर मौजूद दुकान के संचालक प्रमोद कुमार राम उम्र 29 वर्ष पिता लालन राम ग्राम जयनगरा थाना तिलौथू जिला रोहतास को अवैध टिकटों के व्यापार में लिप्त पाए जाने पर मौके की विधिक कार्रवाई के उपरांत गिरफ्तारी के नियमों का पालन करते हुए गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल ने पोस्ट-डेहरी ऑन सोन में लाया गया तथा दोनो व एक भगोरा अभियुक्त दीपक कुमार उम्र 32 वर्ष पिता लोकनाथ शर्मा ग्राम चंदनपुरा रोड तिलौथू निवासी के विरुद्ध संबंधित धारा के मामले मे पंजिकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय रेलवे गया को भेज दिया गया।

# राज्यकिय पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण। कमलेश कुमार मिश्र,डेहरी ऑन सोन रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत डेहरी के शिवगंज स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित प्रधानाध्यापक संजय कुमार का विद्यालय परिवार ने स्वागत और सम्मानित किया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डेहरी कन्हैया कुमार ने संजय कुमार को शाल बुके और माला पहनाकर एवं घड़ी पहनाकर कर स्वागत किया। बीईओ ने प्रधानाध्यापक के किए गए कार्यो की प्रशंसा की। कहा कि इन्होंने अपने कर्तव्य और दायित्वों का निर्वहन किया जिसका परिणाम है कि आज राज्य सरकार के द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया। वहीं प्रधानाध्यापक संजय ने कहा कि मेरा



लक्ष्य प्रारंभिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।जब तक हमारा प्रत्येक व्यक्ति साक्षर नहीं होता है।हमारे कार्य अधूरे रहते हैं। साक्षरता से ही हम जीवन के सभी अंधेरे से बाहर निकाल कर एक बेहतर और उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं। मौके पर विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष मीना कुमारी, सचिव शोभा देवी, पार्षद मीना देवी, कृष्ण कुमार, विनोद कुमार एवं पूर्ववर्ती छात्र-छात्रा के रूप में प्रियांशु कुमारी मनीषा कुमारी विपुल कुमार मनीष लाल उपस्थित थे। विद्यालय के वरीय शिक्षिका चंचला द्विवेदी द्विवेदी , मोनू गुप्ता, सुजाता प्रसाद,चिंतामणि कुमारी,नसरीन नरेश प्रसाद,प्रेमचंद प्रसाद आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन शिक्षक तनवीर अख्तर ने किया।

# बिंजली विभाग का जेई गिरफ्तार

**महिला पुलिसकर्मी की बेटी से दुष्कर्म का किया था प्रयास, नवादा पुलिस ने की कार्रवाई**

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

जिले के अकोढीगोला विद्युत कार्यालय के जेई दीपक कुमार को नवादा जिला पुलिस की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से गुरुवार की देर रात गिरफ्तार किया है। जेई की गिरफ्तारी अकोढीगोला थाना से सटे बांक पावर सब स्टेशन के पास से हुई। गिरफ्तारी के बाद नवादा पुलिस जेई को अपने साथ लेकर रवाना हो गई। किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास मामले में जेई की गिरफ्तारी हुई है। नवादा पुलिस के अनुसार गिरफ्तार जेई दीपक कुमार 2022 में अकबरपुर क्षेत्र में विद्युत विभाग के पद पर पदस्थापित था। इसी दौरान एक थाने में एसपीओ के पद पर तैनात महिला के घर जाकर जेई ने विद्युत मीटर व तार को नोचते हुए उसपर प्राथमिक दर्ज की थी। जबकि बिजली चोरी कांड की जांच में यह पाया गया कि उक्म महिला वैध उपभोक्ता थी और प्रतिमाह विद्युत विपत्र भी जमा करती थी। दर्ज प्राथमिकी के कुछ दिन बाद उसका पक्ष जानने की नीयत से जेई दीपक कुमार उसके घर में पहुंचा। उस वक्त महिला कर्मी घर में नहीं थी। इसी का फायदा उठाकर उसकी नाबालिग बेटी के साथ जोर-जबरदस्ती करने लगा और दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने के बाद जब लोग जुटे। जिसके बाद जेई भाग गया।

# उदयनिधि के सनातन बयान पर संग्राम

***भाजपा पूर्व विधायक ने "इंडिया" को घेरा, कहा- हिंदू धर्म को गाली देना कांग्रेस की नीति***

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

काराकाट विधानसभा के भाजपा पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने बीते दिनों दिए गए सनातन धर्म पर द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी को लेकर विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न पर हमला बोला। उन्होंने सवाल किया कि राहुल गांधी व तेजस्वी यादव जैसे नेता इस मुद्दे पर मौन क्यों हैं । उन्होंने ने कहा कि भारत की सभ्यता, मूल आस्था, सनातन धर्म, हिंदू धर्म को गाली देने, कोसने और अपमानित करने की एक प्रतियोगिता सी शुरू हो गई है। ये घटना अनायास या अचानक नहीं हुई है। एक सेमिनार में उदयनिधि ने ऐसा बोला है। उससे पहले घमण्डिया गठबंधन की बैठक हुई, जिसमें वो संयोजक और नेता तय नहीं कर पाए। लेकिन सनातन धर्म को नीचा दिखाने की नीति तय कर ली। राजेश्वर राज ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध करना मतलब पूरे हिंदुस्तान का विरोध है।ऐसे विरोधी पार्टी और नेता को देश में रहने का कोई अधिकार नहीं हैं। एसे लोग भारत में रहते हैं, भारत का खाना खाते हैं और विदेशी संयंत्र के तहत हिंदू संस्कृति, सनातन धर्म, हिंदू



देवी, देवताओं, और हिंदू ग्रंथो का विरोध करते हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि भारत सरकार ऐसे लोगों की बैंक खाते की जांच कराए की विदेश से पूरे हिंदुस्तान का विरोध करने के लिए इन सभी को कितना पैसा मिला है। भारतीय संस्कृति, हिंदू देवी, देवता व हिन्दू ग्रंथों का विरोध करना आने वाला समय में इनको महंगा पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी का षड्यंत्र है कि हिंदुओं का अपमान करो रामायण, गीता, महाभारत का विरोध करो रामकृष्ण का अपमान करो ताकि विदेशों से पैसा आते रहे। घमंडिया गठबंधन को जनता आनेवाले समय में सबक सिखाएगी। जो भारत में 70 साल राज किए और उनके हाथ से सत्ता जाते ही पगल हो गए हैं। इसी कारण अनाप-शनाप व्यान बाजी कर रहे है। आने वाले चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।कहा कि दक्षिण के नेताओं का देखा देखी आरजेडी के नेता शिवानंद तिवारी और जगतानंद सिंह ने भी भारतीय संस्कृति के विरुद्ध अनाप-शनाप बोलना चालू कर दिया है।ताकि कांग्रेस उनके चापलूसी के लिए उन्हें सबासी दें।

# संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज का पावन संकल्प यात्रा सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण। कमलेश कुमार मिश्र,डेहरी ऑन सोन रोहतास**

विहंगम योग सन्त समाज के शताब्दी समारम्भ महोत्सव के निमित्त सन्त प्रवर विज्ञान देव जी महाराज का राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा के क्रम में आज महर्षि सदाफल देव आश्रम कटार डेहरी में पावन पदार्पण हुआ। ज्ञात हो कि 17 जूलाई से जम्मू कश्मीर से प्रारम्भ होकर हिमाचल प्रदेश उत्तरांचल उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल होते हुए आज रोहतास जिला के महर्षि सदाफल देव आश्रम कटार डेहरी में संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा। ज्ञात हो कि सम्पूर्ण विश्व की सुख शांति और समृद्धि की मंगलकामना के संकल्प के साथ यह राष्ट्र व्यापी संकल्प यात्रा जम्मू-कश्मीर से शुरू होकर भारत के विभिन्न राज्यों से होते हुए कन्याकुमारी तक आयोजित है। इस पावन अवसर पर सन्त प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने कहा की परमात्मा तो कण कण में व्याप्त है और वह सबके अन्दर अन्तरात्मा रुप से व्याप्त है। लेकिन उसे हम इस भौतिक चर्मचक्षु से नहीं देख सकते इसके लिए हमें विहंगम योग की साधना पद्धति से जुड़ना होगा। सद्गुरु की दिव्य ज्ञान-धार से जुड़ना होगा। साथ ही आपने जीवात्मा को अपने कल्याण के संकल्प से जुड़कर मृत्यु से अमरता की ओर बढ़ने का संदेश दिया। संत प्रवर श्री ने कहा कि दुःखियों का दुख कैसे कम हो यही श्रेष्ठ चिंतन है। योगी ही उपयोगी होता है, जो सबके हित का चिंतन करता है दुःखियों के दुख को कम करता है। उन्होंने कहा कि संतो का जीवन परमार्थ के लिए ही होता है। हम अपने लिए नहीं अपनों के लिए जीते



हैं। मात्र अपने स्वयं के लिए जीवन बिता देना भारतीय संस्कृति का संदेश कभी नहीं रहा है। मानव जीवन अत्यंत अमूल्य है। जीवन जीने में ही जीवन बीत न जाये जीवन की सार्थकता तो मानव मात्र के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने में हैं। और अपनी शक्ति का उपयोग सेवा कार्य मे करना ही मानव का आभूषण है। हमारा विहंगम योग संस्थान मात्र आध्यात्मिक ही नहीं सामाजिक संगठन भी है। ज्ञात हो कि विहंगम योग सन्त समाज के इस वर्ष 100 वें वार्षिकोत्सव को शताब्दी समारम्भ महोत्सव के रुप में आगामी 17 एवं 18 दिसम्बर 2023 को स्वर्वेद महामंदिर धाम उमरहां वाराणसी में बहुत ही भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाया जाएगा एवं इस पावन अवसर पर विशालतम 25 हजार कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का वृहद आयोजन किया जाएगा। 25 हजार हवन कुंड के इस हवन-यज्ञ में आहुति देने देश विदेश से लाखों की संख्या में सेवाभावी भक्त शिष्य श्रद्धालु पधारेंगे। इस अवसर पर पंजाब विहंगम योग सन्त समाज के अध्यक्ष प्रेम कुमार जी बिहार राज्य विहंगम योग सन्त समाज के मुख्य परामर्शक ददन सिंह, क्षेत्रीय कार्यालय के निदेशक परमानन्द सिंह संरक्षक दयानाथ सिंह,राम चन्द्र तिवारी बिहार राज्य युवा विहंगम योग सन्त समाज के अध्यक्ष संजय सिंह रोहतास जिला के सचिव नवल किशोर सिंह डेहरी प्रखंड प्रभारी भृगुनाथ सिंह अमरंजय दूबे श्याम बाबू सिंह पियूष कुमार, सुनिता सिन्हा, के साथ ही हजारों की संख्या में डेहरी अनुमण्डल के भक्त शिष्य एवं जिज्ञासुओं ने सेवा सत्संग और साधना की त्रिवेणी में स्नान किया।

# दस जिन्दा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण नसीम साह नोखा रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत नोखा थाना क्षेत्र के महापुर गांव से कल बीतें रात में एगारह बजे पुलिस ने नौ जिन्दा कारतूस के साथ एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि भानस ओपी थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव के निवासी स्व रामबचन खर-वार का पुत्र विजय बिहारी खरवार है जो महापुर गांव में हथियार लेकर पहुंचा हुआ था। सूचना पर स्थानीय नोखा थाना के एस-।आई बसंत कुमार ने महापुर पहुंचकर वहां से उसको हिरासत में लिया।इस दौरान पुलिस ने उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से नौ जिन्दा कारतूस बरामद किया। बरामद हथियार के बारे में पुछपाछ की गई तो उसने बताने से इन्कार कर दिया। पुलिस शक हुआ कि कहीं फेंक दिया है। काफी खोजबीन के बाद भी हथियार नहीं मिला। पुलिस कहना है कि अंधेरे का फायदा उठाकर पानी में फेंक दिया। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि विजय बिहारी खरवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# भूमि विवाद को लेकर मारपीट एक गंभीर रूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत चेनारी थाना क्षेत्र के डोईया गांव के समीप शुक्रवार की सुबहे पूर्व से चल रहे भूमि विवाद के कारण एक दूध व्यवसायि के साथ मारपीट की गई। दूध व्यवसायिक स्वर्गीय सीता यादव के पुत्र महेंद्र यादव 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। आवेदन अभी प्राप्त नहीं हुआ हैं।भूमि विवाद की मामला जनता दरबार में भी चल रहा है।

# शांति के साथ संपन्न हुआ मोहर्रम चहल्लुम का जुलूस

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

चहल्लुम मोहर्रम के 40 दिन बाद मनाया जाता है, इस पर्व में इमाम हुसैन की याद में छोटी ताजिया निकली जाती है। हर साल के भांति इस साल भी सुबह 10 बजे ताजिया चौंक से उठी और पूरा गांव के चौक चौराहा होते हुए देर शाम अकबरपुर के कर्बला में पहलाम सम्पन हुआ। आज का यह कार्यक्रम जीशान खान के देख रेख में सम्पन कराया गया। मौके पर स्थानिय प्रसासन भी सक्रिय दिखी। मौके पर सब इंस्पेक्टर शिव मंडल, सब इंस्पेक्टर अरविंद सिंह,समाज सेवी तोराब नियाजी,नफीस अहमद,शम्स आगाज अंसारी, नजम खान आदि उपस्थित रहे।



# वेलफेयर एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल ने विधान पार्षद से सिंचाई समस्याओं को लेकर कराया अवगत

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन डिहरी इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को पूर्व सभापति सह नवनिर्वाचित विधान पार्षद श्री अवधेश नारायण सिंह से डिहरी स्थित सिंचाई विभाग के अतिथि गृह में मिल कर अपनी समस्याओं को रखा। पूर्व सभापति के द्वारा शिक्षक एवं शिक्षा पर सार्थक एवं सकारात्मक विस्तृत चर्चा कर उनकी समस्याओं को निवारण करने के लिए कही। इसी क्रम में प्राइवेट स्कूल्स के डिहरी इकाई के प्रतिनिधि मंडल में जिला सचिव समरेंद्र कुमार ने कहा कि सभापति के पद पर रहते हुए इनका व्यवहार



और विचार इतना सरल और सुगमता भरा था कि क्षेत्र के लोग जब भी जाते धे सस्नेह इनसे मुलाकात कर ही लेते हैं और उनके प्रति जो माननीय पूर्व सभापति का अपनत्व होता है। वह हम सभी को देखने को वहां मिलता है। ऐसे प्रतिनिधि होना हम सबों का सौभाग्य है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अर-विंद भारती, प्रखंड सचिव प्रशांत कुमार, महामंत्री आनंद सिंह एवं विधान पार्षद जिला प्रतिनिधि प्र-काश गोस्वामी, मिंकु सिंह उपस्थित थे। सिंह ने कहा कि विद्यालय से संबंधित कोई भी परेशानी हो तो मुझसे संपर्क करें मैं उस परेशानी को दूर करने का यथासंभव प्रयास करूंगा।

# लैंगिक उत्पीड़न को लेकर जिला सभागार में पुलिस पदाधिकारियों को दी गई प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,व्यूरो रोहतास**

डीआरडीए जिला सभागार में शुक्र वार को लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोप) अधिनियम 2013 के अन्तर्गत जिला में गठित आंतरिक समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को सेंटर फॉर कैटलिंज चेंज संस्था के प्रशिक्षकों के द्वारा कार्यशाला प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अपराध अनुसंधान विभाग, पटना एवं रोहतास पुलिस के सहयोग से किया गया। इस प्रशिक्षण/कार्यशाला में गया, औरंगाबाद, नवादा, जहानाबाद, अरवल बक्सर, भोजपुर, रोहतास,



कैमूर के पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीड़न की रोकथाम (प्रतितोष एवं प्रतिषेध) अधिनियम-2013 के कानून के तहत आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है। उपरोक्त जिलों के आंतरिक समिति के सदस्यों को इस कानून के तहत उपलब्ध अधिकारों तथा जिम्मेदारियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई, जो कार्यस्थल को संवेदनशील बनाने में मददगार साबित होगा। इस कार्यशाला में सेंटर फॉर कैटलिंज चेंज संस्था के प्रशिक्षक सुश्री गुंजन बिहारी एवं आकांक्षा श्री के द्वारा उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

# विषैलें सर्प के काटने से एक युवक की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह,कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत कोचस थाना क्षेत्र के हरिहर डिहरा गांव मे बृहस्पतिवार को मजदूरी करने आए 28 वर्षीय एक युवक को मध्य रात्रि में सोने के दौरान सर्प ने काट लिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। मृतक जिला कैमूर थाना कुदरा के औरैया गांव निवासी लाल बहादुर चौधरी का 28 वर्षीय पुत्र जयप्रकाश चौधरी बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार युवक कुदरा से जीवपार्ज करने के लिए हरिहर डिहरा गांव में मजदूरी का काम करता था जहां देर रात में सोने के दौरान सर्प ने काट लिया। सर्प के काटने के बाद युवक को लोगो के द्वारा कोचस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तुषार कुमार ने स्थिति नाजुक बताते हुए सासाराम के ड्रामा सेंटर भेज दिया। वहीं युवक की सासाराम के ट्रामा सेंटर मे इलाज के दौरान मौत हो गई। मृत युवक का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है तथा परिजनों के द्वारा इसकी सूचना कोचस थाने को दे दी गई है।

# संस्थापक स्व. बाबू राधा प्रसाद सिंह की जयंती के साथ-साथ मनाई गई महाविद्यालय का स्थापना दिवस

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत राधा शांता महाविद्यालय में शुक्रवार को संस्थापक स्व. बाबू राधा प्रसाद सिंह की जयंती एवं महा-विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तिलौथू हाउस के यशवीर सिन्हा ने की। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. अभय कुमार सिंह( काशी हिंदू विश्वविद्यालय) वाराणसी के भौतिक शास्त्र विभाग के प्रोफेसर व विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ. केके सिंह अंग्रेजी विभाग वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (आरा ) मौजूद रहे। स्थापना दिवस में महाविद्यालय प-रवार के द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय अंतरिक्ष मौसम का अध्ययन एवं आदित्य एल वन पर प्रभाव एवं दूसरा विषय नई शिक्षा नीति को लेकर चतुर्थवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पर आधारित था। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. अभय कुमार सिंह ने अंतरिक्ष मौसम एवं आदित्य एल वन पर विस्तृत चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया एवं इसके बा-



रीकियाँ से लोगों को अवगत कराया। नई शिक्षा नीति को लेकर स्नातक चतुर्थ वर्षीय विषय पर भी वक्ताओं ने अपनी अपनी विचार रखी। कार्यक्रम को तिलौथू हाउस के रंजीत बिहारी सिन्हा ने भी संबोधित किया व संचालन गुलाम सरवर ने की। इस मौके पर महाविद्यालय के वैसे छात्र-छात्राओं को जो विद्यालय के स्नातक में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किए उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसमें राधा शांता महाविद्यालय की छात्रा शिवानी कुमारी जो विज्ञान संकाय से गणित ऑनर्स से सबसे अधिकतम 75% अंक प्राप्त की उसे अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र सौंपी गई। वही प्रेमलता स्मृति पुरस्कार बी कॉम संकाय में 72% अंक लाई अन्या सिन्हा को दिया गया। कला संकाय में अच्छा अंक लाने के लिए अंतरा कुमारी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत महा-विद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने की। मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य जंगलेश प्रसाद चौरसिया , रंजना सिन्हा ,प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रोफेसर एपी सिंह, प्रोफेसर विनोद सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रिटायर शिक्षक की मृत्यु पर लोगों ने की दुख प्रगट।

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र डेहरी आन सोन रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत डेहरी शहर के जाने माने पूर्व प्रधानाध्यापक शिक्षक जगदीश प्रसाद सिंह का निधन बनारस में इलाज के दौरान हो गया। मृतक का उम्र करीब 80 वर्ष है। उनके पुत्र भारत गैस एजेंसी के प्रोपरा-इटर अनिल कुमार पटेल ने जानकारी दी। निधन की खबर सुनते ही मेहरा हाउस कैंपस पटेल निवास और शहर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त किया है और उनकी आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। निधन पर दुख जताने वालों में शहर के जाने माने चिकित्सक डॉक्टर कश्यप, प्रखंड विकास पदाधिकारी पुरुषोत्तम त्रिवेदी, निखिल सिंह व रमेश सिंह सहित सैकड़ो लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# सौ पुत्र के समान है एक पेड़

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र, डेहरी ऑन सोन रोहतास**

पर्यावरण से ही मनुष्य और जीवों का जीवन चलता है। वृक्ष ही जीवन दाता है। एक पेड़ सौ पुत्र के समान है। उक्त बातें दुसाध जागृति एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के संस्थापक, अध्यक्ष संजय पासवान ने गायत्री परिवार के लोगों तथा सामाजिक कार्यकताओं के साथ दर्जनों वृक्षारोपण करने के उपरांत कहीं। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों से गायत्री प-रवार तथा सामाजिक कार्यकताओं की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम चल रहा है। हम लोग लगातार जलवायु परिवर्तन के कारण वृक्षारोपण कर रहे हैं। पास-।वान ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग हो रहा है। समुद्र का जलस्तर कि बढ़ रहा है। आज पृथ्वी पर प्राणी मात्र को बचाने के लिए पेड़ लगाना होगा। सत्येंद्र साधु ने कहा कि धरती 25 प्रतिशत बची है। पर्यावरण को बचाने के लिए आप सभी कम से कम एक वृक्ष जरुर लगाएं क्योंकि एक पेड़ 100 पुत्र के समान है।



# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर मटकी फोड़ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत अररूआ शिव मंदिर के प्रांगण में गुरुवार की देर शाम युवाओं के द्वारा जन्माष्टमी पर्व को लेकर मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी युवाओं ने दही हांडी से भरी मटकी को फोड़कर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान श्रीकृष्ण



भगवान के बाल अवस्था का झाँकी के द्वारा मनमोहक नृत्य प्रदर्शन किया गया। बारह बजते ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर युवाओं के द्वारा सोहर गाकर प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर दिनेश पाल , मनीष सोनी, अमरजीत सोनी, दिनेश दिवाकर, निलेश पासवान, रितेश कुमार , रिंकू पासवान, चिंटू कुमार पासवान, बिकास सिंह, धीरज सोनी, सत्यम सोनी, नितीश सोनी, लवकुश पासवान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय युवा उत्सव मनाये जाने को लेकर संबंधित पदाधिकारी के साथ की बैठक

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार व्यूरो रोहतास**

जिला मुख्यालय सासाराम स्थित डीआरडीए सभागार में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार के द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव-2023 को मनाये जाने हेतु बैठक की गयी। जिसमें उप विकास आयुक्त रोहतास, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम प्रबंधक जीविका एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा (स्थापना) के द्वारा भाग लिया गया। युवा महोत्सव (जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर) हेतु प्रतियोगिता वर्ग का मापदंड निर्धारित है। इसका निर्धारण राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए भारत सरकार से किया गया है। जिसमें प्रतिभागी विभिन्न विधाओं के युवा कलाकारों की आयु 15-35 वर्ष के अन्तर्गत ही भाग ले सकते हैं। समूह गायनझसंगत कलाकार सहित कुल 20 कलाकार, समूह लोक नृत्य-संगत कलाकार सहित कुल 20 कलाकार, नृत्य एंव गायन, वाद्य वादन पारंपरिक होगें। एकांकी नाटक-अधिकतम 12 कलाकार, भाषाझहिन्दी, शास्त्रीय नृत्य (कत्थक, ओडिसी, भरत नाट्यम, मणिपुरी तथा कुच्चीपुड़ी) प्रस्तुती एकल होगी। संगत कलाकार सहित अधिकतम 5 कलाकार हो सकते हैं। इसमें संगत कलाकार - 35 वर्ष से उपर के भी हो सकते हैं। शास्त्रीय गायन-एकल प्रस्तुति-संगत कलाकार सहित 03 सदस्य (हिन्दुस्तानी/कर्नाटकी शैली), शास्त्रीय वादन (एकल) तथैव (सितार, गिटार, तबला, बांसुरी, मृदंगम (पखावज नहीं) हारमोनियम वादन (सुगम) एकल एवं 8- वक्तृता (हिन्दी या अंग्रेजी ) एकल मात्र एक सदस्य हो सकते है । उक्त बैठक में जिला स्तरीय युवा उत्सव-2023 को मनाये जाने हेतु सभी बिन्दुओं पर विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त निम्नांकित निर्देश दिये गये। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि युवा उत्सव-2023 दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को बहुउदेशीय भवन फजलगंज, सासाराम में सम्पन्न किया जायेगा। प्रभारी पदाधिकारी, विकास शाखा, रोहतास को निर्देश दिया गया कि उक्त महोत्सव में भाग लेने वाले कलाकारों एवं यु-वाओं को भाग लेने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार, वाट्सऐप ग्रुप एवं विभिन्न मीडिया समाचार पत्रों एवं बैनर, पोस्टर, नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी के सहयोग से एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से युवाओं को जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायेंगें। उक्त महोत्सव के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के सदस्य के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, नजारत उप समाहर्ता रोहतास, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी, विकास शाखा रोहतास को मनोनित किया गया। उक्त महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रमाण पत्र, विजेताओं के लिये पुरस्कार/स्मृति चिन्ह आदि के वितरण हेतु गठित पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र समिति के सदस्य के रूप में नजारत उप समाहर्ता एवं जिला खेल पदाधिकारी रोहतास को मनोनित किया गया। सभी विद्याओं में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के चयन हेतु निर्णायक मंडल का गठन एवं उसके सदस्यों का चयन उप विकास आयुक्त रोहतास, प्रभारी पदाधिकारी विकास एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा किया गया।

# पुलिस ने हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण नसीम साह नोखा रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत नोखा थाना क्षेत्र के भवा डीहरी ग्राम में हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि भावडीहरी गांव में 30 अगस्त को रविंद कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। जिसमे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक रविंदर की पत्नी पूनम द्वारा चार लोगों को नामजद अभ्युक्त बनाया गया था। मामले में आरोपित उमेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गय

# हथियार सटाकर उड़ाए 15 हजार रुपये व मोबाईल मामला दर्ज

**दैनिक समाज जागरण संझौली, रोहतास**

रोहतास जिले के संझौली प्रखंड मुख्यालय स्थित संझौली बाजार में नशाखुरानी गिरोह का कहर बढ़ता नजर आ रहा है। शुक्रवार को करीब एक बजे पीएनबी एटीएम के सामने मुख्य सड़क पर एक बाइक पर सवार दो गिरोह के सदस्यों द्वारा संझौली निवासी रवि रंजन कुमार उर्फ अंतु को अपने चपेट में लेकर 15 हजार रुपये व एक मेट्रोला कम्पनी का मोबाइल छीनकर चंपत हो गए। इस सम्बंध में देर शाम पीड़ित द्वारा संझौली थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि घटना की तहकीकात की जा रही है। अपराधी शीघ्र ही पकड़े जाएंगे।

## बांका शंकरपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने पुलिस वाहन को टक्कर मार कर वाहन किया क्षतिग्रस्त,

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) बांका ढाका मोर मुख्य मार्ग स्थित शंकरपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने पुलिस वाहन को टक्कर मार दी जिससे पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गई जिसके बाद पुलिस ने बाइक को जप्त करते हुए युवक को हिरासत में लेकर थाना लाया युवक का पहचान विदाजी गांव निवासी मोहम्मद इंतेकाब के रूप की गई बताया गया कि बाइक सवारी युवक एकोरिया से बांका आ रहा था पुलिस वाहन ढाका मोर जा रहा था इसी दौरान शंकरपुर के पास में युवक पुलिस वाहन में टक्कर मार दिया थाना अधीक्षक शंभू यादव ने बताया कि वाहन का जुमार्ना कर छोड़ दिया जाएगा!



## बांका उत्पाद विभाग की टीम ने अभियान चलाकर पांच शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) उत्पाद विभाग की टीम ने बांका जिले में जगह-जगह पर अभियान चलाकर पांच शराब तस्करों को किया गिरफ्तार अस्पताल में हुआ मेडिकल जांच उत्पाद विभाग की टीम द्वारा शराब का कारोबार एवं सेवन करने वालों लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है इसी कड़ी मैं उत्पाद विभाग विभिन्न जगह भलजोर चेक पोस्ट, दर्द मारा चेक पोस्ट पर अभियान चलाकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया की जिसमें तीन कांवरिया भी शामिल है पूर्णिया के कांवरिया विपिन कुमार मंडल मुकुंद कुमार बेगूसराय एवं अमित कुमार और बोसी के सोना लाल सोरेन एवं बाराहाट परमानंद तांती को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया सभी को मेडिकल जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया!



## आग लगने से घर का सारा समान जल कर राख

**समाज जागरण**

पीरपैंती (बिहार) प्रखंड के दुलदुलिया निवासी रामरूप यादव के पुत्र अनुज यादव के घर में अचानक आग लगने से घर का सारा समान जल कर राख हो गया कवही अनुज यादव ने बताया कि लगभग 1 बजे रात्री को नींद खुला तो देखा कि घर में आग लग गई है कहम पत्नी बच्चों सहित जल्दी से किसी तरह जान बचा कर घर से बाहर भागे ककोई समान नहीं बचा पाए कचिल्लाने का शोर शराबा सुन कर ग्रामीण इकट्ठे होकर आग बुझाने में मदद करने लगे वही सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया गुलसागर रजक भी घटना स्थाल पर पहुँच कर पुलिस प्रशासन एवं अन्य विभागीय अधिकारी को दूरभाष पर सूचना दिया कवही विभागीय अधिकारियों की मदद से मौके पर दमकल कर्मी वहाँ पहुँच आग पर काबू पाया गया, तब तक सबकुछ जलकर राख हो चुका था कवही स्थानीय लोगों ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया कवही पीड़ित परिवार को स्थानीय मुखिया गुलसागर रजक एवं वार्ड सदस्य बबलू यादव द्वारा राहत सामग्री सूखा राशन उपलब्ध करा कर सरकार द्वारा मिलने वाली उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया



## खगड़िया में महिला राजद की राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष को किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर- (बिहार) खगडिया में शुक्रवार को महिला राजद का जिलास्तरीय सम्मेलन आयोजित हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सह महिला राजद की राष्ट्रीय अध्यक्ष कांति सिंह व प्रदेश अध्यक्ष रितु जयसवाल पहुंची थी।इस सम्मेलन में नवगछिया पुलिस जिला राजद अध्यक्ष अलखनिरंजन पासवान व राजद पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अनिल यादव पहुंचे थे।इन दोनो नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष को बुके व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।फिर दोनों नेताओं ने पार्टी व संगठन के विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। प्रदेश सचिव अनिल यादव ने कहा कि पार्टी नेतृत्व को इस बात पर बल है कि हमारे कार्यकर्ता अपने- अपने गांव व कस्बों में जा जाकर केंद्र सरकार के तानाशाही व मनमाने रवैये के बारे में लोगों को बताने के साथ साथ आगामी लोकसभा के चुनाव की तैयारियों में अभी से ही जुट जाने को कहा।जिलाध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि पार्टी नेतृत्व का निर्देश है कि गांव व घर घर जाकर लोगों को यह बताना है कि केंद्र सरकार व भाजपा जाति गणना समेत बिहार के हितों पर कैसे कैसे कुचक्र रच रही है।



## बिहार राज्य वैक्सीन कोरियर संयुक्त संघर्ष मंच के द्वारा 11 सूत्री मांगों को लेकर किया मार्स

**समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर( बिहार) जिला में बिहार राज्य वैक्सीन कोरियर संयुक्त संघर्ष मंच द्वारा अपने 11 सूत्री मांगों को लेकर के सदर हॉस्पिटल से जिला स्वास्थ समिति कार्यालय भागलपुर तक रोड मार्च करते हुए. पंहुचा और अपने मांगों का ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्य मांगे प्रत्येक माह 30 दिन का कार्यो की




मांग, 1000 ग्रामीण आबादी पर एक कोरियर की बहाली, 10000 तक की मां मानदेय देने की मांग, वैक्सीन के प्रत्येक डब्बे पर ₹90 से बढ़ाकर ₹500 करने की मांग, आशा ममता की तरह मृत्यु उपरांत ₹400000 अनुदान राशि देने की मांग, प्रत्येक कोरियर की 1200000 की बीमा की मांग के ज्ञापन को सौंपा।

## महामहिम राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धन्यवाद ज्ञापित किया !!

**लक्ष्मण पासवान समाज जागरण जिला संवाददाता बांका**

बांका ! बिहार के महामहिम राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को शिक्षक संघर्ष मोर्चा के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया है ! उपरोक्त संबंध में शिक्षक संघर्ष मोर्चा के सदस्य सह टीईटी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिव्य प्रकाश आर्य और महासचिव अभिषेक कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों की समस्या पर ध्यान देने के लिए बिहार के महामहिम राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है ! संयुक्त रूप से विज्ञप्ति में जिक्र किया गया है कि शिक्षकों की मुख्य मांग राज्य

कर्मी का दर्जा से ध्यान भटकने के लिए बिहार सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा नित्य नए नए निर्देश दिए जा रहे हैं और शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षक दिवस के दिन जो प्रेस नोट जारी किया गया उसमें जनता में शिक्षकों और बिहार सरकार को भी नीचे दिखाने का प्रयास किया गया है ! दिव्य प्रकाश आर्य ने कहा कि आम जनमानस में यह प्रचारित करने का प्रयास करना कि सरकारी विद्यालय में पठन-पाठन नहीं होता है अत्यंत ही खेद जनक है और शिक्षकों का मनोबल गिराने जैसा कार्य सरकार और विभाग कर रही है ! शिक्षा



विभाग ने शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार 1 से 5 तक के प्रारंभिक विद्यालयों के लिए 200 दिन और 6 से 8 वर्ग तक के मध्य विद्यालयों के लिए 220 दिन पढ़ाई नहीं होने के तर्क को बल देने के लिए गलत और तथ्यहीन तर्क प्रेस के सामने प्रस्तुत किया है ! जिसमें शिक्षा विभाग के द्वारा शैक्षणिक सत्र को अप्रैल से जनवरी तक ही दिखाया गया है जबकि शिक्षा विभाग का शैक्षणिक सत्र अप्रैल से मार्च होता है ! फरवरी और मार्च 58 दिन में 2023 के पंचांग में आठ रविवार और 6 विभिन्न पर्वों की छुट्टी यानी 5886 =44 दिन इन 44 दिनों को शिक्षा विभाग शून्य दिख रहा है , जबकि इन 44 दिनों में भी शिक्षक पढ़ाई करते हैं , शीतलहर ल बढ़ यह प्राकृतिक आपदा है इसका कोई भरोसा नहीं की किस वर्ष वर्षा होगी या नहीं होगी किसी भी जिले में बाढ़ से विद्यालय बंद होने की सूचना नहीं है दूसरी तरफ शीतलहर की छुट्टी अवकाश तालिका में नहीं होती है , स्कूल के भावनाओं का उपयोग शिक्षक के अलावा किसी भी कार्यक्रम के लिए पूर्णतया प्रतिबंधित है तो फिर इसमें सरकार क्यों किसी को ठहरने की व्यवस्था करती है इसका दोषी शिक्षक को कैसे ठहराया जा सकता है ? हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा का आयोजन हाई स्कूल और इंटरमीडिएट स्कूलों में ही होता है प्रारंभिक विद्यालयों में बोर्ड की परीक्षाओं का आयोजन नहीं होता है , डेस्क और फर्नीचर भी परीक्षा केंद्र के नजदीक के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट स्कूलों से ही लिए जाते हैं किसी प्रारंभिक स्कूलों से नहीं वीक्षण कार्य में भी प्रारंभिक स्कूलों से अधिकतम 20% शिक्षकों को ही लगाया जाता है शेष शिक्षक स्कूल में ही रहते हैं और शिक्षण कार्य करते हैं ! शिक्षक संघर्ष मोर्चा सह टीईटी प्रारंभिक शिक्षक संघ के राज्य संयोजक राजू सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग के द्वारा छुट्टी को लेकर अनावश्यक बवाल मचाया जा रहा है , जनता को गुमराह किया जा रहा है , शिक्षा अधिकार कानून की अनदेखी की जा रही है और जनता को यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि शिक्षक छुट्टी के लिए परेशान रहते हैं और बच्चों को पढ़ते नहीं , जबकि पिछले 10 वर्ष के शैक्षणिक सत्र अप्रैल से मार्च तक का किसी भी जिला से रिपोर्ट तलब कर सरकार देखना चाहे तो देख सकती है कि प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 230 और अधिकतम 253 दिनों तक विद्यालय खुले रहे हैं और बच्चों के अध्ययन अध्यापन का कार्य होता रहा है ! शिक्षक संघर्ष मोर्चा शिक्षा विभाग से मांग करती है कि अगले बार से छुट्टी का कैलेंडर जारी नहीं किया जाए बल्कि आरटीई के आलोक में प्रारंभिक विद्यालयों के लिए 200 दिन और मध्य विद्यालयों के लिए 220 दिन कर दिवस का कैलेंडर जारी किया जाए जिससे सारा झंझट ही समाप्त हो जाएगा उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस के दिन शिक्षकों की गरिमा को आहत करने और जनता को गुमराह करने वाले शिक्षा विभाग के प्रेस नोट का संघ निंदा करती है !

## बजरंग दल निकालेगा देशव्यापी शौर्य जागरण यात्रा

**समाज जागरण अनुमंडल संवाददाता कन्हैया खंडेलवाल**

कहलगांव( बिहार )लाखों करोड़ों की संख्या में स्वागत करेंगे रामभक्त आगामी 28 सितंबर से 08 अक्टूबर तक शौर्य यात्रा से हिंदुओं को करेंगे संगठित

कहलगांव बजरंग दल आगामी 28 सितंबर से 08 अक्टूबर दक्षिण बिहार प्रांत में देशव्यापी शौर्य जागरण यात्राएं निकालेगा। इन यात्राओं के माध्यम से देश के हर कोने में रहने वाले हिंदुओं को संगठित किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कहलगांव इकाई की बैठक कहलगांव नगर स्थित हनुमान मंदिर में संपन्न हुई। बैठक के बारे में बजरंग दल के प्रांत संयोजक रजनीश कुमार ने बताया कि इसमें हिंदू परिवार व्यवस्था पर हो रहे चहुंतरफा प्रहारों तथा लव जिहाद लैंड जिहाद व धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए व्यापक कार्य योजना बनी। इसके अंतर्गत बजरंग दल देशव्यापी शौर्य जागरण यात्राएं निकालेगा, इसी उपलक्ष्य में यह शौर्य जागरण यात्रा दक्षिण बिहार प्रांत में 28 सितंबर सुबह 8 बजे प्रारंभ करेगी। जो विभिन्न मार्गो से होकर




गुजरेगीः- जैसे भागलपुर विभाग और मुंगेर विभाग में बांका जिला के बौसी मंदारहिल पर्वत से डैम रोड, कटोरिया , सुइया, साहिबगंज, रामसरैया, बांका, ढाकामोर, पूंसियां, भागलपुर ग्रामीण के धोरैया, पीरपैंती ,बाराहाट बाजार, मथुरापुर, कहलगांव ,घोघा, सनहौला, जगदीशपुर, वही भागलपुर महानगर के अलीगंज, लालूचक, जिच्छो,बूढा नाथ मंदिर ,मनोकामना मंदिर (नाथनगर ) अकबरनगर, सुल्तानगंज। मुंगेर जिले के घोरघट, बरियारपुर, जमालपुर धरारा, मुंगेर, खड़कपुर, तारापुर, असरगंज, संग्रामपुर, गंगटा मोड, जमुई जिले के लक्ष्मीपुर, मल्लेपुर, गिद्धौर, जमुई सिकंदरा। लखीसराय जिले के हलसी ,रामगढ़ (तेतरहाट), जमुई मोर, लखीसराय नगर, विद्यापीठ चौक, सूर्यग्रहा, पिपरिया, बड़हिया, पंचमहला से होकर गुजरेगी, इन यात्राओं के माध्यम से हिंदुओं को राष्ट्र विरोधी ताकते एवं विभिन्न सनातन विधर्मियों से संबंधित समस्याओं से निपटने में सक्षम बनाया जाएगा, जागरूकता लाई जाएगी। बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्राएं देशभर में ब्लॉक स्तर पर निकालकर युवा पीढ़ी को विशेष रूप से जोड़ा जाएगा। विहिप अपने बाल संस्कार केंद्रों के विस्तार के साथ गीता व रामायण आदि की परीक्षाएं भी आयोजित करेगा।

बैठक में बजरंग दल के प्रान्त संयोजक रजनीश जी , विभाग सहसंयोजक साहिल सत्यमजी, जिला संगठन मंत्री सूरज प्रताप ,जिला सहमंत्री कुंदन कुमार जिला सहसंयोजक मुनिलाल, दीपक सिंह, आनंद दुबे, वीरेंद्र पंडित, सूरत कुमार सिंह, गोपाल जोशी पुरुषोत्तम जोशी जयप्रकाश जोशी श्याम सुंदर जोशी, विजय कुमार, प्रिंस कुमार शाह, शिवलाल सिंह, कुंदन कुमार, गोपीकुमार , अविनाश कुमार, विजय कुमार, मनमोहन कुमार, गुड्डु सहनी, अजय सहनी, सावन कुमार, संतोष सहनी, सोनू कुमार, शिवम सिंह, छोटू सहनी, अविनाश कुमार हिमांशु शेखर सुमित सहनी चंदन सहनी कमलनयन चौबे अमन मिश्रा कुमार सानू राम कुमार सक्षम कुमार आनंद कुमार सौरभ कुमार केशव कुमार आकाश गुप्ता श्यामलाल शाह महेश कुमार बादल पीयूष कुमार सहित कहलगांव अनुमंडल क्षेत्र के पीरपैंती सनहौला और कहलगांव से पधारे प्रतिनिधियों समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कहलगांव नगर इकाई के प्रचार प्रसार प्रमुख कन्हैया खंडेलवाल ने दी है।

## लाठी के ईनामी मुकाबले में नेजामिया टीम, बभनगामा चैंपियन व अलीजान, बिहपुर दूसरे स्थान पर नयाटोला के फिरोज बने मैन आफ द मैच

बिहपुर - (बिहार) बिहपुर प्रखंड़ में गुरूवार को मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी,बिहपुर के संयोजन में चेहल्लमू के माके पर आयोजित डे-नाईट लाठी के ईनामी मुकाबले का नेजामिया टीम, काजीटोला बभनगामा चैंपियन बना।जबकि अलीजान टीम,बिहपुर ने दुसरा व जाहीर टीम नयाटोला बिक्रमपुर ने तीसरा,अनवर आजाद टीम बभनगामा ने चौथा,ईस्लामिया टीम बभनगामा ने पांचवा,मधेपुरा की सबरार टीम ने छठा,खगड़िया जलालनगर टीम ने सातवां,दलान टीम बभनगामा ने आंठवा,अंजुमन टीम भगवतीपुर ने नौवां,इस्लामिया बी टीम राईन टोला बभनगामा ने दसवां व मोहब्बतिया टीम बिहपुर की टीम ने 11 स्थान हासिल किया।इस दौरान भरतखंड की बालिका टीम ने भी लाठी के खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के मैन द मैच खिलाड़ी का पुरस्कार नयाटोला बिक्रमपुर के मो.फिरोज को चुना गया।टीमों के बीच पुरस्कारों का वितरण कमेटी के सरपरस्त सह बिहपुर खानका के गद्दीनशीं अली कोनैन खां फरीदी व विशिष्ट अतिथि ने किया।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि



के रूप में जिप मोईन राईन,थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह,मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज लाल,मुखिया गुलजार खां,सलाहुद्दीन समेत मौलाना अबू सालेह फरीदी व कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष मु.अरशद अली आदि समेत अन्य कई गणमान्य थे।ईतेजामिया कमेटी के सदर ईरफान समेत प्रखंड के उप प्रमुख सह कमेटी के नायब सदर एनामुल,अहमद मतवाला,सचिव ईबरार आलम,खजांची मो.युसुफ आलम,नायब सचिव खुर्शीद आलम,जावेद आलम,नायब खजांची मो.अशरफ,कासीम समेत हसन खां आदि ने मुख्य अतिथि व सभी विशिष्ट अतिथियों को अंवस्त्रम व बुके भेंटकर सम्मानित किया।वहीं इस मुकाबले में शांतिपूर्ण व सुचारू संचालन समेत विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस पदाधिकारी,बल समेत अरशद अली,अफरोज,कमेटी के मेंबर फैयाज,शेख कारे,शरीफ,मुदस्सीर,समीर,सबरार,राजू,कासीम, नौशाद, मुस्ताक, साहिद,साकिन, जमील, मुस्तकीम, जहांगीर व शाहजहां आदि अन्य जुटे नजर आए।इस मौके श्री फरीदी ने खिलाड़ियों को जीवन में स्वच्छता, शिक्षा व अनुशासन को अपने जीवनशैली का हिस्सा बना लें व इसका अपने समाज में प्रचार-प्रसार करने को भी कहा।मुकाबले के चयनसमिति में जैनूल अंसारी, अफरोज,मंजुर आलम,वाजिद व जावेद हुसैन थे।प्रतियोगिता के दौरान कमेंटरी अहमद मतावाला,ईबरार आलम, मो.ईमान व सबरार ने किया।

## नगर आयुक्त के तालिबानी फरमान से परेशान होकर वार्ड पार्षद मिलने पहुंचे भागलपुर के सांसद अजय मंडल से

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर( बिहार )नगर निगम अपने आप में एक प्रदर्शन का अड्डा बन गया है कभी यहां सफाई कर्मी तो कभी पार्षद और कभी खुद मेयर उपमेयर भी प्रदर्शन करते दिखते हैं मुख्य रूप से यह कहा जाए कि नगर निगम अभी जुबानी जंग का अड्डा बन गया है वहीं पार्षद नगर आयुक्त डॉ योगेश सागर के तालिबानी फरमान से परेशान होकर पहले विधायक अजीत शर्मा से मिलने पहुंचे और आज सांसद अजय मंडल से मिलने पहुंचे ,पार्षदों का मुख्य रूप से यह कहना है कि हम नगर निगम में भी बंधकर और तालिबानी फरमान के अंदर रहते हैं यह कहीं से सही नहीं है हम जनप्रतिनिधि फील्ड में रहने वाले लोग हैं अगर लोग हमें चुनकर पार्षद की कुर्सी पर बैठाया है तो मेरा भी कर्तव्य बनता है उनकी परेशानियों को सरलता पूर्वक ठीक करें लेकिन हम लोगों के कई हक को नजर आयुक्त ने छीन लिया है जिससे हम लोग जनप्रतिनिधि होते हुए भी जनता की सेवा नहीं कर पा रहे हैं यह कहीं से सही नहीं है साथ की पार्षद ने कहा कि शहर में डेंगू का प्रकोप बढ़ता ही चला जा रहा है 137 मरीज से ज्यादा लोग ग्रसित हो चुके हैं तीन की मौत भी हो चुकी है साफ सफाई की बात करने की बात कहने के बजाय हम लोगों को ही नोटिस देने की बात कही जा रही है हीं इस बात को लेकर अजय मंडल ने कहा इस पर नगर आयुक्त से भी वार्ता की जाएगी और ऊपर आला अधिकारी एवं मंत्रियों से भी बात की जाएगी आखिर नगर निगम भागलपुर में ऐसा तालिबानी फरमान क्यों जारी किया गया है सांसद अजय मंडल से मिलने दर्जनों पार्षद सर्किट हाउस पहुंचे थे। वही नगर निगम के तालिबानी फरमान से नगर आयुक्त मेयर व उपमेयर तीनों से परेशान दिखे। सांसद अजय मंडल ने कहा नगर निगम में क्या चल रहा है इसकी जांच सीबीआई करेगी और नगर आयुक्त की तानाशाही की जानकारी में पत्र लिखकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी दूंगा।

## जनमाष्टमी पर बच्चे काफी उमंग के साथ राधा कृष्ण बन झूला झूले।

**समाज जागरण**

भागलपुर/ नाथनगर (बिहार) जय कन्हैया लाल की,मदन गोपाल की, हाथी घोड़ा पालकी, पलके झुकी और नमन हो जाए, मस्तक झुके और बंधन हो जाए, जो भक्त उनको सच्चे हृदय से कन्हैया को याद करें, उन्हें उनका दर्शन हो जाए! बृहस्पतिवार को पूरे भागलपुर जिले के साथ अन्य जिलों में भी जन्माष्टमी पर बच्चों में राधा, कृष्ण बने का उत्साह व उमंग देखने को मिला, और बच्चे के अभिभावक राधा कृष्ण के रूप में सजते सवारते हैं! इसके लिए सुबह से ही दृश्य को देखने को मिला, वही नाथनगर में भी बच्चों के बीच राधा, कृष्ण काफी उत्साह एवं उमंग से भरी प्रेम का दर्शन देखने को मिला, और अभिभावक भी भक्ति भाव वातावरण में डूबे थे! क्योंकि अपने बच्चों को जन्माष्टमी को लेकर राधा कृष्ण के रूप में देखने सुबह से ही व्यस्त और अच्छे से भरपूर थे! वहीं पूर्व विधायक प्रत्याशी श्री पप्पू यादव भी अपने बच्चों को राधा कृष्ण के रूप में सजाए और उनका पूजा भी किये! जिले मे चर्चित विकास पुरूष नाथनगर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी श्री पप्पू यादव कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बच्चे को राधा कृष्ण बनाकर काफी उत्साह व आनंद में थे। नाथनगर भागलपुर में सभी शिवालय और सभी मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी को धूमधाम से मनाया मनाई गई! आकाश यादव ,अमन भारती, जानवी, मयंक, आर्यन, अनिल यादव ,प्रवीण यादव, सोनाक्षी प्रिया, खुशी कुमारी, वर्षा कुमारी, मुस्कान कुमारी, समाजसेवी नीतू देवी शामिल थे!



## प्रगतिशील मानवाधिकार मानव सेवा संघ भारत को अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था ने किया पुरस्कृत

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**

गोपालगंज-बिहार - प्रगतिशील मानवाधिकार मानव सेवा संघ भारत को अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था के द्वारा पुरस्कृत किया गया, यह एक बहुत ही गौरव की बात है




प्रगतिशील मानवाधिकार मानव सेवा संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० रौशन कुमार ने बताया कि यह संगठन पूरे भारत वर्ष में मानव सेवा के लिए बनाया गया है जिसमें किसी प्रकार के दुःखी व्यक्तियों की सहायता करने का काम करती हैं

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० रौशन कुमार ने बताया कि हम लोग भारत के साथ साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठन के भी सदस्य बन गये हैं।

उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे साथियों हम लोगों को किसी भी परिस्थिति में समाज में डट कर काम करना है।

आपको बता दें कि पहले कुछ समय से समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी सराहनीय भूमिका निभाते आ रहे

उन्होंने कहा कि समाज सेवा ही सच्ची राष्ट्र सेवा है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यस्त जीवन में से समय निकालकर समाज के लिए जरूरी कुछ विशेष करना चाहिए इसमें हमारे बच्चे ही समाज के प्रति अपने दायित्व को समझ पाएंगे जब तक हम समाज में रहते हैं तब तक समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है

प्रगतिशील मानवाधिकार मानव सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रोशन कुमार को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के चलते भारत सरकार से पंजीकृत विश्व वेलफेयर फाउंडेशन की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सामान्य अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया

## पंचायत समिति मद से निर्मित सड़क के उद्घाटन समारोह में पहुंचे सांसद महबूब अली केसर

**समाज जागरण**

खगड़िया (बिहार)सांसद चौधरी महबूब अली कैसर खगड़िया समसपुर पंचायत सरपंच के आवास पर कार्यकताओं एवं जनता जनार्दन से भेंट किया, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने अपनी अपनी समस्या को लेकर सांसद का ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर सांसद ने निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया है, वही चौथम प्रखंड अंतर्गत पिपरा पंचायत में पंचायत समिति मद से निर्मित सड़क के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया , जहां सांसद महबूब अली केसर का भव्य स्वागत हुआ, वहीं सांसद ने पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान कहा अभी हाल फिलहाल डेंगू के कारण एक महीने तक संपर्क बंद रहा बाकी क्षेत्रों में लोगों से मिलना जुलना शिलान्यास उद्घाटन को लेकर हमेशा बने रहते हैं मौजूद पत्रकारों ने भारत सरकार के समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालयों में लगे आईसीटी लैब के उद्घाटन को लेकर प्रश्न किया, आखिर आईसीटी लैब का उद्घाटन को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है क्योंकि सांसद महबूब अली केसर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा था 13 एवं 14 सितंबर को परबत्ता एवं गोगरी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में लगे आईसीटी लैब का उद्घाटन करूँगा क वही दूसरी तरफ परबत्ता के जदयू विधायक डॉ० संजीव कुमार ने खुद से अपने कार्यकताओं के साथ उद्घाटन कर दिया जिसको लेकर तरह-तरह की बातें हो रही थी पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद महबूब अली कैसर ने साफ तौर पर कहा भारत सरकार द्वारा निर्मित आईसीटी लैब, सोलर स्ट्रीट लाइट, जैसे कार्य का उद्घाटन करने का अधिकार विधायक को नहीं है वह अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए जबरन उद्घाटन कर दिया जो गलत है कसाथ ही सांसद ने कहा कि विधायक अपनी कुंचित सोच के लिए अक्सर जाना जाता है परबत्ता प्रखंड के करना में भी 1 वर्ष पूर्व निर्मित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्घाटन स्थानीय विधायक डॉ० संजीव कुमार ने किया था जो गलत था कजिसे तत्कालीन जिला प्रशासन ने उस शिलापट्ट को हटाकर मेरा शिलापट्ट लगवाया तब मैंने इसका विधिवत उद्घाटन किया था क जनता सब कुछ जान रही है समझ भी रही है उन्होंने कहा प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत लंबित सड़क योजना का टेंडर निकलवा कर पास करवाना कितना मुश्किल होता है पर मैंने अपने कार्यकाल में बड़े-बड़े प्रधानमंत्री सड़क योजना को चालू करवाया, जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में बिजली के क्षेत्र में हाई मास्क लाइट का अधिष्ठापन कार्य किसी से छिपी नहीं, सरकारी विद्यालयों में मेरे फंड से आईसीटी कंप्यूटर लैब, खगड़िया सदर अस्पताल की व्यवस्था की तुलना पहले से कर कर देखें, रेलवे के क्षेत्र में भी अधिकतर मामलों में सफलता मिलती चली गई, फिर भी मैं जनता के लिए दिन-रात प्रयासरत हूँ



## बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर डीएसपी डाक्टर गौरव कुमार के नेतृत्व में जागरुकता अभियान

**समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर( बिहार )सुलतानगंज में बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कृष्णगढ़ चौक पर डीएसपी डाक्टर गौरव कुमार के नेतृत्व में पुलिस पब्लिक के बीच विभिन्न समस्याओं को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गयो इस दौरान डीएसपी डाक्टर गौरव कुमार, थानाध्यक्ष प्रिय रंजन कुमार ने पुलिस पब्लिक के विभिन्न विभिन्न समस्याओं के बारे में विस्तार से बताते हुए शहर से पंचायत तक हर घर में दस्तक देते उनके साथ मित्रता बनाकर उनकी हर समस्याओं को कैसे निदान किया जाएगो इसके लिए सारी बातें बताया गयो इस दौरान सरपंच अध्यक्ष विमल किशोर यादव, लोजपा प्रखण्ड अध्यक्ष मनिष कुमार, समाजसेवी शिबम चौधरी,वार्ड पार्षद संजय चौधरी, नविन कुमार बन्नी, विभुति यादव, भाजपा नेता मनोज सिघानिया, राजद नेता दिलिप गुप्ता ने कहा पुलिस पब्लिक के साथ मित्रता बनाकर कार्य करने पर शहर व पंचायत में रुकेगा अपराधे इस दौरान महिला थानाध्यक्ष किरण सोनी, एसआई सबनम कुमारी, प्रमोद कुमार, नीरज कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी एंव ग्रामीण मौजूद थे।



# फीडर फाल्ट ठीक करते समय तेज धमाका, चार कर्मचारी झुलसे

## वृंदावन योजना सेक्टर 9 और दस की बिजली सप्लाई सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई बहाल

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ**

लखनऊ पी जी आई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 9 बी में फीडर फॉल्ट ठीक करते समय अचानक तेज धमाका हो गया । इससे मौके पर मौजूद चार बिजली संविदाकर्मी झुलस गए । सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अन्य कर्मचारियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां पर सभी का इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक, 33/11, केवी विद्युत उपकेंद्र वृंदावन योजना सेक्टर 9 बी में गुरुवार देर रात करीब एक बजे पावर हाउस में बने वृंदावन योजना के सेक्टर 9 और दस के फीडर में फॉल्ट आ गई,जिसे बाकी इलाकों की सप्लाई चालू करने के लिए मेंटेंस का कार्य किया जा रहा था फीडर में डिस्चार्ज रॉड लगाते ही अचानक तेज धमाका हो गया । जिससे एस एस ओ सुजीत कुमार सहित तीन लाइन मैन गंभीर रूप से झुलस गए । बताया जा रहा है कि जिस समय यह दर्दनाक हादसा हुआ उस समय जेई सुरेश चंद्र भी मौके पर मौजूद थे । हादसे की सूचना पाकर रात करीब दो बजे एस डी ओ वृंदावन अभिषेक दुबे भी मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली । घायलों के नाम सुजीत,दीप,नीरज, आशीष, गंभीर रूप से झुलस गए है जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है



# चार दिन से हो रही झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**भीषण गर्मी से लोगों को मिली निजात, बच्चे बोले- थैंक यू इंद्रदेव**

**बारिश ने खोली नगर पालिका परिषद के सफाई व्यवस्था की पोल**

**शहर के कई इलाके हुए जलमग्न, कीचड़ युक्त मार्गो से निकलने को मजबूर दिखे शहरी**

**धान के खेतों में भरा पानी, किसानों के चेहरे पर लौटी मुस्कान**

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाताआशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। इस बार जनपद में औसत से कम बारिश होने की वजह से लोग भीषण गर्मी से जहां दो-चार होते हुए नजर आते थे। वही पर्याप्त बारिश न होने की वजह से धान की बुवाई करने वाले किसान खासा परेशान थे। इसके अलावा स्कूल आने जाने वाले बच्चे भी भीषण गर्मी की वजह से बेहाल दिखते थे। लगातार चार दिनों से हुई झमाझम बारिश में मौसम को सुहाना बना दिया और लोगों को भीषण पड़ रही गर्मी से निजात मिली। हालांकि चार दिनों के बीच हुई बारिश ने नगर पालिका परिषद के सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी और मार्गो पर भरा पानी एवं कीचड़ पालिका प्रशासन के सफाई विभाग को मुंह चिढ़ाता रहा। इन दिनों हुई झमाझम बारिश से जहां एक ओर आम जनमानस भीषण गर्मी से राहत महसूस कर रहा हैं। वही बारिश का मजा ले रहे बच्चे इंद्रदेव को थैंक यू कहते नजर आए। लगातार चार दिनों से हुई बारिश ने किसानों के माथे पर आयी सिकन को गायब कर दिया और धान के खेतों में लबालब पानी भरा होने की वजह से उनके चेहरे की खोई मुस्कान वापस लौटती दिखी।



# घोसी उपचुनाव में मिली जीत से सपाई गदगद

## दलबदलू व जनता के साथ धोखा करने वाले को वोटरों ने सिखाया सबक : सपाई

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। प्रदेश की घोसी विधानसभा में बीते 05 सितंबर को हुए मतदान में जनता ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जीत का सेहरा बांधते हुए विधानसभा भेजने का रास्ता निर्धारित कर दिया था। आज शुक्रवार (08 सितम्बर) को हुई मतगणना का परिणाम पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के पक्ष में रहा और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने जो प्रथम चक्र से लीड बनाई वह अंतिम 32 चक्रों तक जारी रही जिसका परिणाम रहा की सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दारा सिंह चौहान को भारी मतों के अंतर से पराजित कर दिया। ज्ञातव्य रहे कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में दारा सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे और प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार न बनने के बाद से ही उनका मन भारतीय जनता पार्टी में जाने के लिए व्याकुल हो गया था। जिसकी वजह से उन्होंने समाजवादी पार्टी की सदस्यता त्यागते हुए विधानसभा से भी इस्तीफा दे दिया था। दारा सिंह चौहान का विधानसभा से इस्तीफा होने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें अपना प्रत्याशी घोषित किया और पूरी ताकत के साथ उन्हें चुनाव भी लड़वाया, किंतु बार-बार दल बदलने एवं श्री चौहान के स्वार्थ की राजनीति जनता समझ चुकी थी जिसका परिणाम रहा की भाजपा के दारा सिंह चौहान को सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह से भारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। जहां एक ओर घोसी उपचुनाव में हार से भाजपा खेमे में मायूसी नजर आई। वही सपा नेताओं एवं कार्यकताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। सपा नेताओं का कहना रहा की अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे बड़ी लड़ाई है। सपा नेताओ का दावा रहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मैदान में उतरेगी और पूरे प्रदेश से भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। सपा नेताओं का कहना रहा की इंडिया गठबंधन को घमंडिया कहने वाले लोग अब सावधान हो जाएं, क्योंकि प्रदेश समेत देश की जनता भाजपा की नीति और नियत समझ चुकी है। महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से ऊबी जनता अब इंडिया गठबंधन को बड़े विकल्प के तौर पर देख रही है। आपको ये भी बता दें कि सपा के सुधाकर सिंह ने भाजपा के दारा सिंह चौहान को करीब चालीस हजार वोटो के अंतर से बुरी तरह पराजित किया है।

# स्मार्ट सिटी के चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने के साथ व्यापारियों और पार्षदों की कमिश्नर ने सुनी समस्याएं

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। आगरा मंडल की कमिश्नर रितु माहेश्वरी में शुक्रवार को फिरोजाबाद आकर नगर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और पार्षदों व्यापारियों की समस्याओ को भी सुना आगरा मंडल की कमिश्नर रितु माहेश्वरी शुक्रवार को फिरोजाबाद पहुंची जहां उन्होंने नगर निगम कार्यालयका निरीक्षण किया तत्पश्चात वह नगर निगम में स्थापित यातायात निरंतरण कक्ष का भी निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए तत्पश्चात वह जिला अस्पताल परिसर में स्थित अटल पार्क का निरीक्षण किया इसके बाद वह नगर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए चल रहे। निर्माण कार्यों को भी देखा उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ कछुआ गति से चल रहे कार्यों पर नाराजगी जाहिर की और कार्यों कोजल्द पूरे करने के निर्देश दिए इसके बाद वह पालीवाल हाल पहुंची और वहां व्यापारियों तथा पार्षदों की समस्याओं को सुना वार्ड नंबर 50 के पार्षद अजय गुप्ता और वार्ड नंबर 43 के पार्षद सुनील कुमार राठौर ने स्टेशन रोड स्थित कर्बला की पुलिया के समीप बने सार्वजनिक शौचालय की वजह से सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है इसके बाद भी स्मार्ट सिटी बनाने के लिए चल रहे नाले की खुदाई का कार्य सार्वजनिक शौचालय को तुड़वाकर बनवाना चाहिए जिससे नाला सीधा निकाला जा सके परंतु अधिकारियों ने सार्वजनिक शौचालय के आगे से नाले को घूमा कर बनाया जा रहा है जिससे यही नहीं बस स्टैंड से लेकर कर्बला की पुलिया तक नाले को सीधा ना बनाकर टेढ़ा बनाया जा रहा है। फिर किस प्रकार बनेगी स्मार्ट सिटी पार्षदों की समस्याओं के बाद आयुक्त ने व्यापारियों की समस्याओं को भी सुना और उनका समाधान कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए व्यापारियों ने नाला निर्माण के दौरान बस स्टैंड के बाहर दुकानें तोड़ने कीभी समस्याएं भी रखी और बताया कि निगम ने जि न ा दुकानदारों की दुकान तोड़ी गई है। उन्हें लोहे का खोखा बनवा कर देले का भी आश्वासन दिया था। परंतु इस दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है। दुकानदार पटरी के सहारे पर लगाकर अपना जीवन यापन करने को मजबूर हैं इस दौरान महापौर कामिनी राठौर, जिला अधिकारी डॉक्टर उज्जवल कुमार, सीडीओ दीक्षा जैन, नगर आयुक्त घनश्याम मीणा, व्यापार मंडल के रवीन्द्र लाल तिवारी, कैलाश उपाध्याय,सुनील अग्रवाल, देश दीपक यादव, अजय गुप्ता, सुनील कुमार राठौर आदि लोग उपस्थित थे।



# दो बुलेरो की भिड़ंत में एक युवक की मौत, दो घायल

शिकोहाबाद। मैनपुरी रोड़ पर माड़ई व रामनगर के पास दो बुलेरो की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलो को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मार्ग पर लगे जाम को खुलवाया।

एक बुलेरो शिकोहाबाद से अरांव की ओर जा रही थी। बुलेरो माड़ई व रामनगर के मध्य पहुँची ही थी कि तभी अरांव की ओर से आती हुई बुलेरों से भीषण भिड़ंत हो गई। हादसा होते ही बुलेरो में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। हादसे में मौके पर ही अभिषेक (30) निवासी अरांव की मौत हो गई जबकि नितेश व एक अन्य युवक घायल हो गया। हादसा होते ही मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। जिससे मार्ग पर जाम लग गया। सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुँच गए। घटना से परिवार में हाहाकार मच गया। परिजन रोने बिलखने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गई। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया जबकि घायलों को भी इलाज के लिए भेज दिया। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक हरवेंद्र कुमार मिश्रा का कहना है कि दो बुलेरो में टक्कर हुई है। जिसमें एक युवक की मौत हुई है दो लोग घायल हुए हैं। घायलो व मृतक को मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। यातायात सामान्य है। एक बुलेरो के गलत साइड से आने के कारण हादसा हुआ है।

# दलदल में तब्दील होकर रह गया भाजपा का विकास

## डेढ़ किलोमीटर की रोड नहीं बना पाई यह भी सरकार

**दैनिक समाज जागरणअतुल बाजपेई**

खागा -विकास की गंगा बहाने वाली भाजपा सरकार के विकास की गंगा इस तरह बही कि वह विकास अब रास्तों में दलदल बनकर बह रहा है और उसी विकास पर फंसकर राहगीर परेशान हो रहे हैं और सरकार के जिम्मेदार हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ने का दावा ठोक रहे हैं ।

आपको बता दें कि विजयीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल में आज भी कई जगह दलदल भरे रास्तों को लेकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हो सका है जबकि भाजपा सरकार मे विकास की बात करते-करते बीत गए ज्ञात हो कि विजयीपुर विकासखंड के दूसरी सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल में यह करीब 29 गांव हैं पर आज इस ग्राम पंचायत में ही कई ऐसे गांव हैं जहां आने जाने के लिए कोई पक्का मार्ग नहीं है इसमें से एक है बहियापुर गांव हैं जहां पर प्राथमिक विद्यालय जाने के लिए केवल कच्चा मार्ग है जो कि बरसात के मौसम में निकलना दूभर हो जाता हैं पर ना तो उस गांव को जाने के लिए कोई पक्का मार्ग है और ना ही उस विद्यालय में जाने के लिए किसी पक्के मार्ग का निर्माण कराया गया है जिससे आज भी बरसात के मौसम में उस गांव में अगर कोई बीमार पड़ जाए तो सरकारी एंबुलेंस तक गांव में नहीं पहुंच पाती और ना ही बहियापुर में बने प्राथमिक विद्यालय में नौनिहाल शिक्षा ग्रहण करने के लिए पहुंच पाते हैं जबकि जनपद की सभी विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का ही कब्जा है जनपद में एक लोकसभा सीट उस पर भी वर्तमान सरकार भाजपा का कब्जा है जनपद से तीन मंत्री विधायक होने के बावजूद भी रास्तों की हालत खस्ता है वहीं सबसे बड़ी हैरान करने वाली बात यह है कि इतनी बड़ी ग्राम पंचायत में साल में करोड़ों रुपया खर्च करने वाली सरकार क्या कभी जिम्मेदारों से लेखा-जोखा नहीं लेती या फिर कभी कोई प्रतिनिधि इन गांव में जनता से मिलने नहीं जाता या फिर यह कहें कि यह सब जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते हो रहा है सबका साथ सबका विकास क्या यही है



# एक बुक बैंक ऐसा भी !

## यहां पैसों की नहीं, किताबों का होता है लेनदेन...जरूरतमंदों के लिए बना वरदान

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर बैंक का नाम सुनते ही हमारे दिमाग में उभरने वाली तस्वीर से हम सभी वाकिफ हैं. एक ऐसा स्थान जहां पर पैसों का लेनदेन होता है. लेकिन आज हम आप को ऐसे बैंक के बारे में बताते हैं, जहां पैसे नहीं बल्कि किताबों का लेन देन होता है. जरूरतमंद बच्चों (नेकी की किताब बैंक) को शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस बैंक से सैकड़ों की संख्या में बच्चे लाभ ले रहे हैं. खास बात यह है कि यहां पर पहली कक्षा से लेकर इंजीनियर कॉलेज और प्रतियोगी परीक्षाओं की बुक्स निशुल्क उपलब्ध है. फतेहपुर शहर के सिविल लाइन स्थित गांधी पार्क में खुला यह बुक बैंक अपने आप में अनोखा है. इस बैंक में आकर कोई भी जरूरतमंद छात्र अथवा छात्रा पुस्तकें लेकर जा सकता है. इसके लिए छात्र एवं छात्रा से कोई शुल्क जमा नहीं कराया जाता है. बल्कि इसके बदले में यदि कोई पुरानी किताबों को डोनेट करना चाहता है तो आकर कर सकता है युवा विकास समिति प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा जी ने कहा कि इस बुक बैंक का सबसे ज्यादा लाभ उन बच्चों को मिल रहा है, जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नही है. इस बुक बैंक में स्कूल से लेकर सभी तरह की कॉलेज की पुस्तक उपलब्ध है




### स्टूडेंट्स को भी आ रहा रास

:बुक बैंक का लाभ ले रहे गीता और पूनम बताती हैं कि इस बैंक की शुरूआत से उन्हें काफी सहायता मिली है. इस बुक बैंक में कई तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की बुक्स उपलब्ध है , जो कई बार बाजार में भी नहीं मिलती है. उन्होंने कहा कि यहां पर हर तरह की बुक उपलब्ध होने से स्टूडेंट आसानी से अपनी कंपटीशन परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं.उन्होंने बताया कि वह भी इस बैंक की बुक्स का लाभ ले रहे हैं . स्टूडेंट राकेश बताते हैं कि उन्होंने यहां पर अपने कॉलेज की बुक्स को डोनेट किया है. उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है. कई बार हम अपनी पुरानी किताबों को कबाड़ में बेच देते हैं या फेंक देते हैं . उनका कोई उपयोग नहीं होता , लेकिन यहां पर अगर कोई भी स्टूडेंट्स अपनी पुरानी बुक्स को डोनेट करता है तो उससे दूसरे जरूरतमंद बच्चों को लाभ मिल सकेगा.

# लीज के नाम पर स्कूल प्रबंधन और पूर्व प्रिंसिपल ने बेच डाली स्कूल की बेस कीमती जमीन

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में तेलीबाग स्थित रामभरोसे मैकूलाल इंटर कॉलेज की जमीन कालेज के प्रबंधक और पूर्व प्रधानाचार्य द्वारा धीरे धीरे लीज के नाम पर बेच डाली,किसी समय अनुशासन और अपनी अच्छी शिक्षा के लिए जाना जाने वाला यह विद्यालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है,और प्रबंधन अपने अनैतिक कार्य में व्यस्त है।

इसी को देखते हुए तेलीबाग के आरटीआई कार्यकर्ता आनंद कुमार की अगुआई में जुटे स्थानीय लोगों ने तेलीबाग बाजार में बैनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। आरटीआई कार्यकर्ता आनंद कुमार का कहना था कि अगर सरकार इस भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगाती और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती तो प्रदर्शन जारी रहेगा।

**पहले भी हुए हैं प्रदर्शन,**

**उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने उठाया था मुद्दा।**

राम भरोसे मैकूलाल इंटर कॉलेज में जमीन घोटाले पर दर्ज हुए मुकदमें में बीते 14 दिसंबर 2021 को तत्कालीन सह विद्यालय निरीक्षक पूनम शाही द्वारा स्थलीय निरीक्षण करने के बाद, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्रेस वार्ता की थी।

**वर्जन,**

कालेज के प्रबंधक श्रीकांत साहू से लग रहे आरोपों और विरोध प्रदर्शन के बारे में जानकारी चाही तो उनका कहना था कि,जिस अवैध कब्जे का आरोप लगाया जा रहा है,वह तेलीबाग के 5 संभ्रांत लोगों को उनके निवेदन पर पार्किंग के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई है,जिसके लिए उनसे शपथ पत्र भी लिया गया है।

नगर निगम से विद्यालय प्रबंधन का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है जो निर्णय होगा माना जाएगा।

# कमिश्नर केआने से पूर्व नगर निगम कर्मियों ने बुलडोजर से तोड़ा चाट ठेला

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। एक तरफ केंद्र और प्रदेश सरकार रेडी पटरी वालों को रोजगार मुहैया कराने और दोजून की रोटियां के लिए धन उपलब्ध करा रही है। वही दूसरी तरफ निगम कर्मचारी इन रेडी पटरी बालों को उजाड़ने का काम कर रहे हैं। जिसका उदाहरण शुक्रवार को उसे समय नगर निगम के सामने देखने को मिला जब आयुक्त आगरा मंडल के आने से पूर्व निगम कर्मचारियों ने एक चाट विक्रेता का ठेला बुलडोजर से तोड़ दिया इस घटना को सभी हैरत में पड़ गए लोगों की भीड़ जमा हो गई सूचना मिलते ही सीओ सिटी कमलेश कुमार मौके पर पहुंच गए जिन्होंने समझा बजाकर मामला शांत कर दिया। चाट विक्रेता कि इस दौरान हुई हजारों की क्षति की भरपाई आखिर कौन करेगा यह एक यक्ष प्रश्न बनकर रह गया है।

आगरा मंडल की कमिश्नर रितु माहेश्वरी का शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय और अटल पार्क के अलावा नगर में बन रही स्मार्ट सिटी की सड़क का अवलोकन करने आई थी नगर निगम के सामने चार्ट विक्रेता रोजाना की तरह अपनीचाट एवं अन्य खाद्य सामग्री लगाने की तैयारी कर रहा था। उसीदौरान नगर निगम के कर्मचारी वहां पहुंच गए और उन्होंने बुलडोजर की सहायता से उसका ठेला तोड़ दिया इस बात को लेकर चार्ट विक्रेता और निगम के कर्मचारियों में गर्म गर्मी हो गई जिसकी जानकारी होते ही सीओसिटी कमलेश कुमार मौके पर पहुंच गए और उन्होंने समझा भी जाकर मामला शांत कराया इस संबंध में दुकानदार का कहना था की निगम कर्मियों ने बिना किसी सूचना के ठेला तोड़ दिया है जबकि कमिश्नर के आने कीसूचना इनकोकल ही दे देनी चाहिए थी। जिससे हम अपना ठेला यहां से हटा लेते और नुकसान नहीं होता है।



# चंद्रयान 3 की सफलता पर देश के प्रधानमंत्री कोटि-कोटि बधाई----ब्लॉक प्रमुख

**दैनिक समाग जागरण**

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद सदर ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर चर्चा हुई ब्लॉक प्रमुख डॉक्टरलक्ष्मी नारायण यादव ने कहा यह देश की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक सफलता है। जिसके लिए प्रधानमंत्री और इसरो के वैज्ञानिकों को बहुत-बहुत बधाई दी उन्होंने कहा यह दिवस स्वर्णअक्षरों में लिखा जाएगा इससे हमारा मान सम्मान और देश की शान विश्व में बढ़ेगी इस बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य कुसुम लता शर्मा ओम प्रकाश रीना देवी शिशुपाल रामवती महेश चंद्र सतीश चंद्र चांदनी सीमा देवी राजबहादुर शशि और जितेश आदि सदस्य गण उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख डॉक्टरलक्ष्मी नारायण यादव ने की।



# अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध एसपी से कार्रवाई की मांग

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

यूपी के फतेहपुर जिले के ललौली थाना क्षेत्र के छीट का पुरवा गांव के रहने वाले धर्मेंद्र सिंह ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है पीड़ित धर्मेंद्र सिंह ने गांव के ही रहने वाले मनोज सिंह पर आरोप लगाते हुए बताया कि वह दबंग प्रवत्ति का व्यक्ति है उसके खिलाफ ललौली थाने में कई मुकदमे भी पंजीकृत हैं मनोज सिंह अराजक तत्वों के साथ हूटर बजाते हुए गाड़ियों का काफिला गांव में घुमाया जिसका गांव के ही व्यक्तियों द्वारा वीडियो बनाया गया और हूटर बजाते हुए असलालैस कार सवारों के द्वारा जमकर गाली गलौज की गई मेरे घर पर भी जाकर धमकी दी गई गाली-गलौज की गई जिसको लेकर पीड़ित ने ललौली थाने में इसकी सूचना दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित अब एसपी की चौखट पहुंचा और एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए बताया की उक्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें



# आकाशीय बिजली गिरने से भैंस चरा रहे किसान की मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के थरियांव थाना क्षेत्र के एकारी गांव के समीप बीती शाम जंगल में भैंस चराने गए किसान पर बारिश के साथ आकाशी बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के एकारी गाँव निवासी स्व. राम आसरे का 50 वर्षीय पुत्र चुन्नू पाल गांव के समीप बीती शाम जंगल मे भैस चराने गया था। तभी बारिस के साथ गिरी आकाशिय बिजलीं की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मौत की खबर परिजनों को हुई तो मृतक के घर मे कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक चुन्नु पाल खेती किसानी करके अपने परिवार का जीवन यापन करता था।

# जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने कलेक्ट्रेट परिसर से पोषण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर छठवीं पोषण माह सितम्बर, 2023 जनपद फतेहपुर में दिनांक 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक छठा राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहता है। तत्क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने कलेक्ट्रेट परिसर से पोषण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली की मुख्य थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत कुपोषण छोड़ पोषण की ओर थामे क्षेत्रीय भोजन की डोर (वोकल फॉर लोकल) है। पोषण रैली में बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय मुख्य सेविकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा हाथों में स्लोगन की तख्ती लेकर जनमानस को रैली के माध्यम से जागरूक किया गया। रैली में जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्तियों ने रैली में प्रतिभाग किया।



# किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ हालत गम्भीर, जिला अस्पताल में भर्ती

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले की खागा कोतवाली क्षेत्र के हरदो गांव में एक किशोरी ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो घर मे हड़कम्प मच गया। तुरन्त किशोरी को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के हरदो गाँव निवासी शिव करन की 14 वर्षीय पुत्री दिब्या ने परिवारिक कलह के चलते घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो घर मे हड़कम्प मच गया। तुरन्त किशोरी दिब्या को इलाज के लिए परिजन हरदो सीएचसी लेकर पहुंचे। जहाँ डॉक्टर ने किशोरी की हालत गम्भीर देखते हुए उसको सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर किशोरी को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

# महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के ललौली थाना क्षेत्र के बगेरन डेरा गांव में एक महिला ने सन्दिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के बगेरन डेरा गाँव निवासी सन्तोष की 25 वर्षीय पत्नी आरती ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। मृतिका का मायका जाफरगंज थानां क्षेत्र के डांडा गाँव था उसके एक पुत्र है जिसको वह रोता बिलखता छोड़ कर चली गई।

# ग्राम चौपाल लगाकर सुनी जन समस्याएं

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जसराना खण्ड विकास अधिकारियों के द्वारा जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु ग्राम स्तरीय चौपाल दिवस का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

विकास खण्ड हाथवंत के ग्राम नगला जाट के पंचायत भवन में शुक्रवार को ग्राम चौपाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विकास अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से शिकायत की। मौके पर कई समस्याओं का निस्तारण किया। ग्राम प्रधानपति प्रेम सिंह जाट ने बताया कि ग्राम स्तरीय चौपाल का आयोजन वृद्धा पेंशन योजना, आवास योजना, शौचालय निर्माण, विधवा पेंशन योजना, ग्राम स्वच्छता अभियान आदि को लेकर किया गया। जिसकी अध्यक्षता विकास खण्ड अधिकारी दौलतराम उपाध्याय (एडीओ AG) ने की।

ग्राम चौपाल में सैक्रेटरी प्रवेंद्र यादव, प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार जाट, मीडिया प्रभारी सत्यवीर सिंह जाट, गौरव जाट, अजीत कुमार, विजय कुमार, मौहरपाल सिंह, जुगेंद्र सिंह, मनोज कुमार बघेल, राघवेन्द्र सिंह जाट, पवन कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



# कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही अनेक योजनाएं- स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी

रायसेन। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में सांची जनपद के ग्राम कुल्हाडिया, आमखड़ा तथा रायसेन स्थित तितली पार्क में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामग्री वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरणपादुका पहनाकर, साड़ी और पानी की बॉटल प्रदान की गईं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक भाई-बहन तेंदूपत्ता इकठ्ठा करने के लिए सुबह-सुबह जल्दी ही जंगलों में नंगे पाव चले जाते हैं। तेंदूपत्ता इकठ्ठा कर दोपहर में घर आते हैं, फिर गिड्डी बनाते है और शाम तक फड़ पर जाकर जमा करते हैं। नंगे पांव होने की वजह से तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैरों में कांटे चुभने एवं छाले पड़ने सहित अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन सभी कठिनाईयों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना शुरू की गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को बताया कि वह स्वयं भी अपने बचपन में सुबह 04 बजे उठकर तेंदूपत्ता तोड़ने जाते थे। उन्होंने वह सभी कठिनाईयां स्वयं



महसूस की है जो तेंदूपत्ता संग्राहक भाई-बहनों को होती हैं। मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना में तेंदूपत्ता संग्राहक भाई-बहनों का जीवन सरल बनाने के लिए तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को जूते, चप्पल, साड़ियां, पानी की बॉटल, छाता तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि वह स्वयं गांव-गांव जाकर चरण पादुका योजना अंतर्गत सामग्री प्रदाय कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, इलाज, रोजगार, विवाह में सहायता की व्यवस्था की गई है। जो युवा काम सीखना चाहते हैं उनके लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लागू की गई है। बहन-बेटियों के सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहना योजना शुरू की जिसमें जून महीने से एक हजार रू प्रतिमाह उपलब्ध कराए जा रहे थे और अब प्रतिमाह 1250 रूपए उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसे बढ़ाकर 3 हजार रुपए किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने भी संबोधित किया। वन मंडल अधिकारी सामान्य रायसेन विजय कुमार ने बताया कि वन मंडल रायसेन अंतर्गत कुल 39610 परिवार तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं जिनके लिए शासन द्वारा निर्धारित कुल संग्रहको को 200 प्रति छाते के मान से रुपए संग्रहको के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर कर दिए गए हैं। प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को एक जोड़ी जूता, एक जोड़ी चप्पल, एक पानी की बोतल और परिवार की प्रत्येक महिला सदस्यों को साड़ी वितरित की जा रही है। इसके लिए जिला यूनियन रायसेन से 39610 पानी की बोतल, इतनी संख्या में जूते एवं चप्पल तथा 49950 साड़ियां वितरित की जाने का लक्ष्य है। दिनांक 07 सितम्बर को खरबई समिति से योजना का शुभारंभ किया गया है। आज 08 सितम्बर को चार स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में 04 हजार से अधिक संग्राहकों द्वारा कार्यक्रम में भागीदारी की गई है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जिले की सभी जनपदों में सुरक्षा गार्ड तथा सुपरवाईजरों के चयन हेतु आयोजित होंगे भर्ती शिविर

**रायसेन, 08 सितम्बर 2023**
जिला पंचायत एवं मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से जिले की सभी जनपद पंचायतों में संस्था एसएससीआई नीमच द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाईजर पद पर चयन प्रक्रिया हेतु भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत गैरतगंज में 11 सितम्बर को, बेगमगंज में 12 सितम्बर को, सिलवानी में 13 सितम्बर को, उदयपुरा में 14 सितम्बर को, बाड़ी में 15 सितम्बर को, औबेदुल्लागंज में 18 सितम्बर को तथा सांची में 19 सितम्बर को भर्ती शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह सभी भर्ती शिविर संबंधित जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित किए जाएंगे। इन भर्ती शिविरों में ऐसे युवक जिनकी आयु 21 से 36 वर्ष है, ऊंचाई 168 सेमी तथा वनज 55 किलोग्राम व शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम हाईस्कूल 10वीं कक्षा उत्तीर्ण है, वह दसवीं की छायाप्रति, दो फोटो तथा आधार कार्ड के साथ शामिल हो सकते हैं। संस्था द्वारा चयनित होने के उपरांत 500 रुपए पंजीयन शुल्क देय होगा। साथ ही चयनित युवक को प्रशिक्षण का व्यय संस्था द्वारा निर्धारित 13500 रू का भुगतान प्रशिक्षण केन्द्र नीमच में स्वयं करना होगा। चयनित उम्मीदवारों को एक माह का प्रशिक्षण देकर औद्योगिक क्षेत्रों, ऐतिहासिक स्थलों पर सुरक्षा गार्ड, सुपरवाईजर की 65 वर्ष की स्थाई नौकरी दी जाएगी।

# एडीजी आलोक सिंह मतलब ऑल इज वेल कानपुर जोन : सकुशल जन्माष्टमी और चेहल्लुम

**सुनील बाजपेई**
कानपुर। यहां कानपुर जोन के अंतर्गत आने वाले आठ जिलों कानपुर देहात, इटावा , औरैया, कन्नौज, फतेहगढ़ जालौन ,ललितपुर और झांसी में जन्माष्टमी और चेहल्लुम को भी शांति और सदभाव पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में सफलता प्राप्त की गई। इसके लिए यहां के एडीजी जोन आलोक सिंह ने आवश्यक आदेश निर्देश पहले ही दे रखे थे। जिसके फलस्वरुप सतर्क रही पुलिस जन्माष्टमी और चेहल्लुम को शांति और सदभाव पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में सफल हुई। यद्यपि जोन के अंतर्गत आने वाले कानपुर देहात, इटावा ,औरैया, कन्नौज ,फतेह गढ़ ,जालौन ,ललितपुर और झांसी में किसी भी त्यौहार और पर्व को सद्भाव और शांति तरीके से संपन्न कराना बहुत




सरल नहीं माना जाता ,फिर भी इसमें पूर्ण सफलता भी इसलिए मिलकर रही, क्योंकि आजकल एडीजी के रूप में कानपुर जोन की कमान अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की सहायता में भी सदैव अव्वल राष्ट्रपति तक के गोल्ड और प्लेटिनम समेत सभी तरह के मेडलों और पुरस्कारों के रुप में अनेक दुर्लभ उपलब्धियों के प्रसंसनीय धारक नोएडा के पहले सफल और सर्वोत्तम पुलिस कमिश्नर भी रहे देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और इमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक स्वाभिमानी स्वभाव के परोपकारी वरिष्ठ आई पी एस आलोक सिंह के हाथ में है ,जिनकी कर्तव्य के प्रति पूर्ण निष्ठा, जिनकी निष्पक्षता, जिनकी पारदर्शिता, जिनकी ईमानदारी, जिनकी अभूतपूर्व नेतृत्व क्षमता, जिनकी अदम्य साहस वाली कर्मठता, जिनकी निडरता और जिनकी कठोर परिश्रम शीलता अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन करने सदैव अग्रणी ही रहती है। यही नहीं बेहद तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और शांति तथा कानून व्यवस्था के खिलाफ किसी भी तरह की अनुचित सिफारिश को जूते की नोक पर मारने के लिए भी चर्चित कानपुर जोन के जुझारू तेवरों वाले एडीजी आलोक सिंह का अबतक का इतिहास यह साबित करता है कि उनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा हर छोटी से छोटी घटना को भी बहुत गम्भीरता से लेकर पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही और पीड़ितों की सहायता में भी कभी पीछे नहीं रही। इस बीच उन्होंने लोगों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनायें भी दीं हैं।

# मोहनलालगंज कोतवाली में काफी धूमधाम से मनाई गयी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**(संवाददाता)विवेक कुमार**
**समाज जागरण मोहनलाल गंज लखनऊ!**
मोहनलालगंज कोतवाली में जन्माष्टमी महोत्सव गुरुवार देर रात अनोखे तरीके से बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर थाने को बेहतरीन लाइटिंग और फूल मालाओं से सजाया गया। देर रात भजन कीर्तन व सुंदर सुन्दर झकिया भी निकाली गई थी और इसी के साथ श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना की गई और बड़े ही हर्षोल्लास के साथ विधि विधान से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया।कोतवाली थाना प्रभारी संतोष आर्य ने बताया जैसा कि सभी जानते हैं कि श्री कृष्ण का जन्म कारागार



में हुआ था उसी तरह श्री कृष्ण का जन्म विधिविधान से हुआ। विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया ओर इसी के साथ थाना परिसर में आये सभी सम्मानित मुख्य अतिगढो ने भंडारे का प्रसिद्ध प्रसाद ग्रहण इस दौरान थाने का समस्त स्टाफ और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी मौजूद रहे। तो वहीं। दूसरी तरफ मोहनलालगंज के मऊ नगर पंचायत गांव में दुर्गा माता मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व काफी धूमधाम से मनाया गया। ओर नन्हें-मुन्हें बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में लोगों का मन रिझाया, मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया. भक्तों में भारी उत्साह है. सुबह से ही भक्त मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे हैं.` श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था. इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रदीप गुप्ता , दिलीप गुप्ता ने सभी को पर्व की शुभकामनायें दी और श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबे सनातन धर्मावलंबियों के घर-घर में प्रभु श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया गया। इस दौरान, सभी भक्तगण मौजूद रहे।

# नवीन कालेज का नाम महारानी दुर्गावती के नाम पर खोलने के लिए सौंपा गया ज्ञापन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**
बालाघाट।( 09 सितम्बर )हर साल 24 जून को महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया जाता है। उससे दो दिन पहले ही यानी 22 जून को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की थी। बीजेपी महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर गौरव यात्रा भी निकालती है। ऐसे में अब गोंडवाना स्टूडेंट फेडरेशन ने बालाघाट में खोले जाने वाले मेडिकल कॉलेज का नाम महारानी दुर्गावती के नाम से किये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों के गौरव को जानती है



और हमें पूरा विश्वास है कि बालाघाट मेडिकल कॉलेज का नाम, महारानी दुर्गावती के नाम पर रखा जाएगा। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो गोंडवाना स्टुडेंट यूनियन धरना-प्रदर्शन भी करेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन के जिलाध्यक्ष राहुल प्रधान ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने 22 जून से महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस के दो दिनो पूर्व बालाघाट से गौरव यात्रा निकाली थी। जिसका समापन शहडोल में किया गया था। बालाघाट में इस यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे थे। बालाघाट में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा की थी। जिस्का गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन स्वागत करता है और सरकार से मांग करता है कि मेडिकल कॉलेज का नाम महारानी दुर्गावती के नाम पर रखा जाए। अध्यक्ष प्रधान ने बताया कि इस मामले की मांग को लेकर आज मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है। इसके अलावा नर्मदा घाटी विकास मंत्री गौरीशंकर बिसेन और आयुष मंत्री राम किशोर कावरे को भी ज्ञापन सौंपकर उनके सामने यह मांग रखी जाएगी।

# नक्सलबाड़ी सारदा विद्यामंदिर के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विज्ञान मेले का आयोजन

**उत्तम सिंह: संवाददाता:दैनिक समाज जागरण: ब्यूरोचीफ :सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**
नक्सलबाड़ी सारदा विद्यामंदिर के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विज्ञान मेले का आयोजन किया गया है। इस दौरान इसरो वैज्ञानिक डॉ. राजदीप राय, शांति स्वरूप भटनागर, पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिक डॉ.पार्थ सारथी चक्रवर्ती, विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण रामदास, राष्ट्रीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन कोर्डिनेटर डॉ. मयूरी दत्त, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक श्यामाचरण




राय,रमाकांत महंत समेत अन्य लोग उपस्थित थे। जिले के सरकारी और निजी स्कूलों को मिलाकर कुल 15 स्कूलों ने इस विज्ञान मेले में भाग लिया है। क्विज समेत विज्ञान पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये है।दो वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों के विभिन्न सवालों का जवाब दिया। इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत करते हुए इसरो के वैज्ञानिक डॉ. राजदीप राय ने कहा कि छात्रों के बीच आकर अच्छा लग रहा है। फिलहाल इसरो का गगनयान मिशन चल रहा है। इस साल एक रोबोट भेजा जाएगा। वहीं, आईआईटी खड़कपुर के वैज्ञानिक डॉ. पार्थ सारथी चक्रवर्ती ने ग्लोबल वार्मिंग के बारे में विभिन्न जानकारी देते हुए आम लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया।

# हिंदू उत्सव समिति और हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र का पुतला दहन कर जताया विरोध।

रायसेन। सनातन धर्म के प्रति तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदय निधि स्टालिन द्वारा धर्म के प्रति खराब टिप्पणी करने एवं विवादित बयान देने के विरोध में श्री हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी कार्यकताओं एवं हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय स्थित भोपाल सागर चौराहा पर विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया एवं मुरदाबाद के नारे लगाए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदय निधि स्टालिन का पुतला बनाकर उसे सड़कों पर



घुमाया गया इसके पश्चात उसे लात घुसो से पीटा गया । इसके बाद गुस्साए हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने पुतले का आग लगाकर दहन कर दिया । इसके पश्चात भोपाल मार्ग पर विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली के माध्यम से श्री हिंदू उत्सव समिति के कार्यकर्ता एवं हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता पुलिस थाना कोतवाली पहुंचे जहां लिखित में उदय निधि स्टालिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई कराई जाने की मांग की गई। इस अवसर पर श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष बंटी महेश्वरी भाजपा नेता राकेश तोमर, बृजेश चतुवेर्दी, शिवराज सिंह कुशवाह, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, राहुल परमार, रवि खत्री, बृज बिहारी मिश्रा, निमित्त चतुवेर्दी, मयंक चतुवेर्दी, जितेंद्र शर्मा, कम्मू सेन, सहित श्री हिंदू उत्सव समिति के अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद शास.महाविद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

रायसेन। प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनीष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीष/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती संगीता यादव की उपस्थिति में जिला प्राधिकरण रायसेन, द्वारा शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता षिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक साक्षरता षिविर में उपस्थित सचिव श्रीमती संगीता यादव द्वारा उपस्थित छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय



साक्षरता दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1966 में यूनेस्कों द्वारा 08 सितम्बर को ही साक्षरता के क्षेत्र में विष्वभर में षिक्षा को कार्यो को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते को स्वीकृति दी थी। हर साल अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। यूनेस्को द्वारा इस वर्ष की थीम ह्यह्यट्रांजिषन में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देनाः टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माणह्यह्य तय की गयी है। शिविर में श्रीमती संगीता यादव द्वारा नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाएं जैसे निषुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, जिला पारिवारिक विवाद समाधान केन्द्र योजना, जिला परामर्ष योजना, नालसा पोर्टल एवं नालसा मोबाईल ऐप के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार जुनेजा एवं डॉ. बी. मिंज सह-प्राध्यापक समेत छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी 09 सितम्बर को गैरतगंज तहसील में लगभग 10 करोड़ रू के कार्यो का करेंगे लोकार्पण तथा भूमिपूजन

**रायसेन, 08 सितम्बर 2023**
स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी 09 सितम्बर को गैरतगंज में 640.27 लाख रू लागत से निर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय भवन तथा ग्राम सिंहपुर में 10 लाख रू लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। इनके अतिरिक्त ग्राम हरदौट में 306.80 लाख रू लागत के विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी 09 सितम्बर को प्रातः 11 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 01 बजे गैरतगंज पहुचेंगे तथा यहां 640.27 लाख रू लागत से निर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02 बजे से दोपहर 02.20 तक रेस्ट हाउस गैरतगंज में आरक्षित समय रहेगा। स्वास्थ्य मंत्री दोपहर 02.20 बजे गैरतगंज से प्रस्थान कर दोपहर 02.40 बजे ग्राम हरदौट पहुचेंगे तथा लगभग 306.80 लाख रू लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक नग जी एवं एक नग एच टाईप आवास गृह, बाउन्ड्रीवाल तथा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी अपरान्ह 03.40 बजे प्रस्थान कर अपरान्ह 03.50 बजे ग्राम सिंहपुर पहुचेंगे तथा यहां अनुसूचित जाति बस्ती में 10 लाख रू लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे।

# मंत्री बिसेन एवं विधायक जायसवाल ने वारासिवनी में पोस्टमार्टम भवन निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**
बालाघाट।( 09 सितम्बर ) नर्मदा घाटी विकास मंत्री गौरीशंकर बिसेन के मुख्य आतिथ्य एवं खनिज विकास निगम के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल की अध्यक्षता में 08 सितंबर को सिविल अस्पताल वारासिवनी में आयोजित कार्यक्रम में 25 लाख 97 हजार रुपए की लागत से बनाए जाने वाले नवीन पोस्टमार्टम भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री बिसेन ने इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुये कहा कि दुर्घटना या अन्य कारणों से मृत व्यक्तियों के पोस्टमार्टम के लिये सर्वसुविधा युक्त भवन की काफी दिनों से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने इस दिशा में प्रयास



किया और लालबर्रा से इसकी शुरूआत की है। लालबर्रा में पोस्टमार्टम के लिये सर्वसुविधा युक्त भवन बनाया जा चुका है। शासन की नीति है कि सभी बड़े अस्पतालों में पोस्टमार्टम हाउस बनाये जायें। रामपायली में भी सर्वसुविधा युक्त पोस्टमार्टम हाउस बनाया जायेगा और इसके लिये जिला खनिज निधि से राशि उपलब्ध करायी जायेगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष विधायक प्रदीप जायसवाल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन वारासिवनी क्षेत्र के लिये एक ऐतिहासिक दिन है। वारासिवनी के अस्पताल को आज पोस्टमार्टम हाउस की सौगात मिलने जा रही है। कोविड काल में विकास कार्यो को लेकर कुछ विलम्ब जरूर हुआ लेकिन इस दौरान वारासिवनी के अस्पताल में बाउण्ड्रीवाल, सीमेण्ट कांक्रीट रोड एवं लैब की सुविधा उपलब्ध हुई है। वारासिवनी के इस अस्पताल में महिला डाक्टर की कमी है इसकी भी व्यवस्था करने का प्रयास किया जायेगा। पोस्टमार्टम के लिये जाये जाने वाले शव को गरिमामय ढंग से रखा जा सके इसके लिये वारासिवनी के अस्पताल में 26 लाख रुपये की लागत से पोस्टमार्टम हाउस बनाया जायेगा। इसी प्रकार खैरलांजी के अस्पताल में भी 26 लाख रुपये की लागत से सर्वसुविधा युक्त पोस्टमार्टम हाउस निर्माण के लिये शीघ्र भूमिपूजन किया जायेगा। रामपायली के अस्पताल में भी पोस्टमार्टम हाउस की व्यवस्था की जायेगी।

# घर का खाना खाने के बाद मां बेटी की बिगड़ी तबियत, इलाज के दौरान दोनों की मौत

**मायका पक्ष ने खाने में जहरीला पदार्थ मिलाकर मारने का लगाया आरोप**

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**
बालाघाट ।( 09सितम्बर )वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम केरा में भगवान कृष्ण की प्रतिमा के विसर्जन के बाद भोजन खाने से चार वर्षीय बालिका एवं मां की तबियत बिगड़ने से इलाज के दौरान मौत हो गई।मृतका के मायके पक्ष वालों ने पति और ससुरालवालों पर जहरीला पदार्थ खाने में मिलाकर खिलाने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी अनुसार केरा निवासी महेंद्र चौरे के परिवार में पत्नी मीना चौरे और दो बच्चे है। 06 सितंबर को महेंद्र चौरे के पुत्र ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद पडोसी के यहां खाना खा लिया था,जबकि मीना चौरे और बेटी चहक ने घर में ही खाना खाया,खाना-खाने के बाद दोनों मां-बेटी को उल्टियां होने लगी और उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ पुत्री चहक की मौत हो गयी जबकि मां मीना की मौत शुक्रवार को हो गयी जिसकी सुचना पाकर अस्पताल पहुंचे मृतका के मायका पक्ष के लोगों ने हंगामा कर दिया।

**मां बेटी के मौत से गांव में छाया सन्नाटा**

पत्नी मीना एवं पुत्री चहक की खाना खाने के बाद तबियत खराब होने पर पति महेंद्र ने दोनों को जिला अस्पताल लाया। यहां रात में चहक ने दम तोड़ दिया। इसके शव का सुबह अस्पताल चौकी पुलिस ने पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। इसके शव का अंतिम संस्कार करने परिजन लेकर जा रहे



थे, इसी दौरान अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती मीना चौरे ने 08 सितंबर की दोपहर में दम तोड़ दिया। मीना की मौत के बाद उसके मायके पक्ष वालों ने हंगामा खड़ा कर दिया। मीना के पति महेंद्र चौरे और उसके परिजनों पर जहरीला भोजन कराकर मां-बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। मीना के खापा निवासी मायके पक्ष वालों में मां शीला माने और मामी मंजू मेश्राम ने आरोप लगाया कि बेटी मीना के पति महेंद्र चौरे का किसी अन्य महिला से अवैध संबंध है।इसके कारण वह अक्सर बेटी मीना से विवाद करता रहता था। अन्य महिला से संबंध को लेकर महेंद्र चौरे को पूर्व में समझाइश भी दी गई थी, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था और इसी कारण उसने हमसे बात करना बंद कर दिया था। उन्होंने बताया कि कन्हैया विसर्जन के बाद महेंद्र के पुत्र ने मोहल्ले में किसी की घर खाना खाया, जबकि पति महेंद्र ने घर पर खाना नहीं खाया। बेटी मीना और उसकी बेटी चहक ने ही खाना खाया और उसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई।

# महिला की रहस्यमयी मौत के मामले में प्रेमी गिरफ्तार

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: ब्यूरोचीफ :सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**
सिलीगुड़ी में महिला की रहस्यमयी मौत मामले में पुलिस ने प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सौभिक दास है। सूत्रों के अनुसार काकुली मंडल नामक उक्त महिला की शादी करीब 10 साल पहले एक व्यक्ति के साथ हुई थी। लेकिन वह अपने पति को छोड़कर एक साल से दूसरे व्यक्ति के साथ रह रही थी। दोनों सिलीगुड़ी के 41 नंबर वार्ड अंतर्गत ज्योतिनगर इलाके में किराए के मकान में रहते थे। आप को बता दें कि महिला का अपने परिवार से कोई संपर्क नहीं था। बुधवार रात को महिला का फंदे से लटकता शव बरामद किया गया था। बाद में घटना की जानकारी मिलते ही भक्तिनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया।

गुरूवार को शव को उत्तरबंग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद परिवार को सौंप दिया गया। इसके बाद मृतक महिला के परिवार वाले और पति काकुली के प्रेमी के घर के सामने शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। मृतका के पिता और पति ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रेमी सौभिक दास ने ही काकुली मंडल की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की है। काकुली के मौत के लिए सौभिक दास के साथ उसके माता-पिता भी जिम्मेदार है। मृतका के परिवार वालों ने आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। आज आरोपी को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया है।

# भारतीय एथलीट्स का पहला बैच एशियाई खेल, 2022* के लिए रवाना हुआ

आगामी एशियाई खेलों का हिस्सा बनने जा रही भारत की रोइंग टीम बुधवार, 6 सितंबर को चीन के हांगझू के लिए रवाना हो गई।

टीम में कोचिंग स्टाफ के रूप में एशियाई खेलों के पदक विजेताओं सहित 43 सदस्य (20 पुरुष और 13 महिलाएं) शामिल हैं, जो दशार्ता है कि कैसे पदक विजेता पूर्व नाविक अपने इस खेल में योगदान दे रहे हैं। 13 महिलाओं की भागीदारी वाला यह दल एशियाई खेलों के लिए यात्रा करने वाली महिला नाविकों का सबसे बड़ा दल है। यह ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण है, ऐसा पहली बार हो रहा है कि महिलाओं की आठ स्पधाओं को एशियाई खेलों में शामिल किया गया है और भारत इस आयोजन के लिए एक टीम उतार रहा है। इसके साथ ही पहली बार टीम 16 सितंबर को एशियाई खेल गांव में जाने से पहले एक सप्ताह के लिए हांगझू में सरकार द्वारा वित्त पोषित (1 करोड़ रुपये की) अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण लेंगी, जिससे उन्हें अपनी प्रतियोगिता शुरू होने से पहले अच्छी तरह से अनुकूलित होने का मौका मिल जाएगा।

चीन रवाना होने से पहले इस दल को भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) मुंबई के अधिकारियों ने जोरदार विदाई दी।

इस सप्ताह की शुरूआत में, भारतीय नाविकों और मुक्केबाजों का पहला बैच भी मल्टीस्पोर्ट प्रतिस्पर्धा से पहले प्रशिक्षण के लिए चीन के लिए रवाना हो गया। जहां भारतीय मुक्केबाज वुइशान शहर में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# जौनपुर की अर्चना केबीसी में पहुंचींबिग बी के सवालों का जवाब देकर जीतीं साढ़े 12 लाख रुपए

**चंदन गुप्ता संवाददाता समाज जागरण**

इटाये बाजार, मड़ियाहूं । लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती...। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को यह पंक्तियां कहते हुए आपने कई बार सुना होगा। इन्हीं पंक्तियों को आत्मसात करते हुए जौनपुर की बेटी अर्चना राहुल उपाध्याय ने अपने ज्ञान की बदौलत सुपर स्टार अमिताभ बच्चन के दुनिया भर में मशहूर रियलिटी शो ह्यकौन बनेगा करोड़पतिह्न में जगह बनाने में कामयाब रहीं। उन्होंने शो तक पहुंचने के लिए कई परीक्षाएं दीं। अंत में फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट में सबसे तेज उत्तर देकर वह हॉट शीट पर पहुंचने में कामयाब हो गयीं। इस बाबत पूछे जाने पर अर्चना ने बताया कि वह 2021 से केबीसी में जाने के लिए प्रयासरत थी। आखिरकर 3 वर्षों की कड़ी मेहनत रंग लाई और शो में पहुंचने में कामयाब हो गयी। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पति डॉ. राहुल उपाध्याय, मां गीता पांडेय और पिता ओंकार पांडेय को दिया है। हॉट शीट पर पहुंचने के




बाद अर्चना ने कम्प्यूटर जी के सवालों का जवाब देते हुये 12 लाख 50 हजार रुपए जीता। अर्चना ने बताया कि पिता जी का सपना था कि वह अमिताभ बच्चन से मिले लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया परंतु मैं अपने ज्ञान के दम पिताजी के सपनों को साकार करते हुए वहां पहुंची और अपने पिता का सपना साकार किया। इन बातों को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उनके पति डॉ. राहुल ने बताया कि अर्चना कई वर्षों से पढ़ाई में ध्यान दे रही थी। उस दौरान मुझे लग रहा था कि यह इतनी मेहनत क्यों कर रही है? लेकिन जब पहली बार केबीसी से फोन आया था तो हमें विश्वास ही नहीं हो रहा था। हम जब केबीसी शो पर पहुंचे तो हम दोनों का सपना पूरा हो गया। इस उपलब्धि से हमारे परिवार में खुशी का माहौल है। यह शो बुधवार और गुरुवार की रात 9 बजे सोनी टीवी टेलिकास्ट किया गया था। वर्तमान में डॉ. राहुल नवी मुंबई के तलोजा में रहते हैं जो मूल रूप से जनपद के मड़ियाहूं तहसील के इटाएं पड़राव के रहने वाले हैं।

# टीडी इण्टर कालेज में जनपदीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण**

जौनपुर। नगर के टीडी इण्टर कॉलेज में शुक्रवार को जनपदीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बालक वर्ग में ग्रामोदय इंटर कालेज गौराबादशाहपुर, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज रामदयालगंज, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज, टीडी इंटर कॉलेज तथा बालिका वर्ग में टीडी इंटर कालेज तथा महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज की टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें सीनियर बालिका वर्ग में टीडी इण्टर कॉलेज विजेता और महाराणा प्रताप उपविजेता रहा। वहीं बालक वर्ग में महाराणा प्रताप विजेता रहा और टीडी इण्टर कॉलेज उपविजेता रहा। जूनियर वर्ग के बालक वर्ग में टीडी इण्टर कॉलेज विजेता और महाराणा



प्रताप उपविजेता रहा। प्रधानाचार्य डॉ सत्य प्रकाश सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुये कहा कि खेल में हार जीत का महत्व नहीं होता है, इसलिए खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। इससे शारीरिक एवं मानसिक विकास होताहै। परिचय प्राप्त करते सभी खेल प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया। निर्णायक की भूमिका में राजीव सिंह टीडी कॉलेज, निखिल सिंह महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, सोमेश गुप्ता ग्रामोदय इंटर कॉलेज रहे। टीडी कॉलेज से रमेश चंद्र सिंह, राजेश सिंह, अम्बर सिंह सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। अन्त में जिला क्रीड़ा सचिव हृदय सिंह से सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हाफिज जेसीआई सप्ताह के बने चेयरमैन एवं रंजीत को-चेयरमैन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण**

जौनपुर। जेसीआई जौनपुर द्वारा सितम्बर माह में जेसी सप्ताह का आयोजन किया जाता है जिसमें सप्ताह भर किये गये कार्यक्रम पर प्रकाश डाला जाता। साथ ही तमाम लोगों को सम्मानित भी किया जाता है। इसी को लेकर संस्थाध्यक्ष दिलीप सिंह की उपस्थिति में बैठक हुई जहां जोन अधिकारी गौरव सेठ ने 9 से 15 सितम्बर तक होने वाले जेसी सप्ताह में किये जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दिया तो मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल व आलोक सेठ के निर्देशन में जेसीआई सप्ताह के लिए सप्ताह चेयरमैन का चुनाव




सर्वसम्मति से हुआ। हाफिज शाह को सप्ताह चेयरमैन व रंजीत सिंह को को-चेयरमैन बनाया गया जिस पर जोन अधिकारी धर्मेन्द्र सेठ सहित मंच व सदन के सदस्यों ने बधाई दिया। बैठक का संचालन सचिव आकाश केसरवानी ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल, संजय गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, रमेश श्रीवास्तव, दिलीप जायसवाल, प्रदीप सिंह, सौरभ बरनवाल, राजकुमार जायसवाल, विशाल मनीष तिवारी, नीरज श्रीवास्तव, सन्तोष अग्रहरि, अजयनाथ जायसवाल, डॉ आनंद प्रकाश, शुभम जायसवाल, अभिषेक अग्रहरि, प्रशांत सिंह, अभिषेक बैंकर, संदीप जायसवाल, अंजनी प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# फेसबुक पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र पोस्ट करने पर ब्राह्मण समाज खफा

कालपी जालौन फेसबुक पर ब्राह्मण समाज के प्रति अभद्र पोस्ट पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा खफा है। शुक्रवार महासभा ने पोस्ट डालने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। गुरूवार को फेसबुक पर रवि कुमार के नाम से बनी फेसबुक आईडी से पोस्ट डाली गयी थी जिसमें समाज को डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को जोडकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया था। पोस्ट वायरल हुई तो ब्राह्मण समाज को युवक की हरकत नागवार गुजरी थी। हालांकि ज्यादा आक्रोश पनपता इससे पहले अखिल भारतीय ब्राह्मण रा के जिलाध्यक्ष राजू पाठक ने शुक्रवार को समाज के जिम्मेदारो के साथ कोतवाली प्रभारी से शिकायत की है और समाज के प्रति



अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है। वही मामला तूल न पकडे इसके लिए शिकायत मिलते ही सक्रिय हो गयी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर के अनुसार समाज मे बैमनस्यता फैलाने वाले के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी जिसमे अभद्र पोस्ट डालने वाले युवक की भी पहचान हो गई है ।युवक रविकुमार सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम पाल का रहने वाला है। अतिरिक्त इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ ने पुलिस बल के साथ आरोपी के पिता को पूछताछ के लिये लाया गया ।इस मौके पर नगर अध्यक्ष हरिश्चन्द्र दीक्षित,रामकुमार तिवारी ,शिवदत्त मोनस,रामदास तिवारी , वेदाँश ,विवेक तिवारी,आर एन शुक्ला सहित बडी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# चौकी प्रभारी आफताब आलम ने श्री राधा–कृष्ण को अपने हाथों से खिलायी मिठाई

**पुरानी बाजार पुलिस चौकी में उमड़ी भीड़, लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद**

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण**

जौनपुर। नगर के पुरानी बाजार पुलिस चौकी पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी गयी। देखा गया कि पुलिस चौकी सहित मन्दिर को विद्युत झालरों से सजाया गया था जो अलौकिक लग गय था। भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। लोगों की काफी भीड़ एकत्रित हुई जहां लोगों ने दर्शन–पूजन करके प्रसाद ग्रहण किया। देखा गया कि दो बच्चे कृष्ण एवं एक



बच्ची राधा बनी थी जो लोगों के लिये आकर्षण का केन्द्र बनी रही। चौकी प्रभारी आफताब आलम ने अपने हाथों से बाल रूपी इन बच्चों का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर गोविन्द पंडित, मो. अनीस, समाजसेवी सोनू जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अन्त में चौकी प्रभारी आफताब आलम ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बगैर बाप की बेटी अपने मासूम के साथ दर दर भटकने को मजबूर दहेज के भूखे अंधे भेड़ियों ने निकाला घर से

## पीड़िता पहंची पुलिस के दर लगाई न्याय की गुहार

कालपी जालौन धन की चाहत मनुष्य को कितने नीचे गिरा देती है उनके सामने न तो इन्सानियत रहती है और न दया और न हि सोचने की शक्ति तभी तो अतरिक्त दहेज की मांग करते हुए एक बिधवा मां की बेटा जो अपने मासूम बेटे को लेकर कोतवाली पंहुच गई और पुलिश से न्याय दिलाने की गुहार रगाते हुए अपने ऊपर हो रहे जुर्म की दांस्ता सुनाने लगी! आज भी ऐसे लोग हैं जिनके लिए सिर्फ पैसा ही माई बाप है! ऐसे समाज और इन्सानियत के दुश्मनों को उनके किए की सजा अवश्य मिलनी चाहिए। घटना थाना व कस्बा कालपी के मुहल्ला राम चबूतरा की है जहां ब्हायी रानी पुत्री लायक हसन पत्नी जावेद मुहल्ला जुलाहापुरी सराय इकदिल थाना इकदिल जनपद इटावा की निवासनी है ! कोतवाली कालपी में दिए गये शिकायती पत्र में उसने अवगत कराया कि प्रार्थनी का निकाह (शादी)19-01-2021 को जावेद पुत्र पुत्र नसीर निवासी मुहल्ला रामचबूतरा नई बस्ती कस्बा व थाना कालपी जनपद जालौन के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था ! निकाह में प्रार्थनी की बिधवा मां और रिस्तेदारों ने मय दान दहेज के कुल 900000/- रुपए की शादी की थी !शादी के बाद प्रार्थनी जब अपनी



ससुराल गई तब उसके पति जावेद, ससुर जहीर , सास मुस्तरी, जेठ नासिर, जेठ वाजिद व देवर आरिफ, तारिक व जेठानी सबा और रन्नो ने कहा कि अभी 300000/- रुपए और अपाचे मोटर साइकिल नहीं आई जब तक ये सभी नहीं मिल जाता तब तक इससे बराबर कहो और यदि न लाए तो टार्चर करना शुरू कर दो ! इतना ही नहीं एक साल तक विदा भी नहीं की !प्रार्थनी ने कई बार प्रार्थना पत्र दिया कि मेरे पिता नहीं हैं मेरी बिधवा मां है हम मांगी गई रकम व मोटर साइकिल कहां से दिलवा पायेंगे! जब जब इन लोगों ने मांग की प्रार्थनी ने असमर्थता जताई! उसके बाद इन लोगों ने कभी बाल पकड़ कर कभी पटक पटक कर मारना शुरू कर दिया इस दौरान प्रार्थनी गर्भवती हो गई पर उस अवस्था में भी बहुत मारा पीटा !प्रार्थनी ने एक पुत्र जुनैत को जन्म दिया पर इन लोगों का अत्याचार नहीं रूका और अतरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार मारते पीटते रहे और प्रार्थनी को मायके छोड़ गये ! प्रार्थनी ने कई बार बात करने का प्रयास किया पर बात भी नहीं करते ! आज 08-09-2023 को प्रार्थनी स्वतःससुराल आई तो घर में नहीं घुसने दिया! प्रार्थनी ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए मेरी मदद की जाये! प्रार्थनी द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि डाक द्वारा मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश, महिला आयोग नई दिल्ली ,अल्प संख्यक आयोग, पुलिश अधीक्षक जालौन व पुलिश अधीक्षक इटावा को भी प्रेशित की है!

# सहकार भारती पदाधिकारी अधिक से अधिक बी पैक्स के सदस्य बनाएं

**डा.प्रवीण सिंह जादौन**

कालपी जालौन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ( आर एस एस) के सहकारिता क्षेत्र के देश व्यापी संगठन सहकार भारती उत्तर प्रदेश की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक उद्यमिता पीठ चित्रकूट के विवेकानंद सभागार में हो रही है जिसमे उत्तर प्रदेश के पांच सौ दायित्व पदाधिकारी शामिल होगे उपरोक्त जानकारी आज सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने ओम हस्तशिल्प उद्योग भवन जोल्हूपुर कालपी में बी पैक्स के सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु आयोजित बैठक में कही! उन्होंने कहा कि 30 सितंबर तक चलने वाले बी पैक्स सदस्यता अभियान में सहकार भारती के पदाधिकारी अधिक से अधिक सदस्य बनाए सहकार भारती उत्तर प्रदेश की चित्रकूट मे आगामी 9 वा 10 सितंबर को उद्यमिता विद्या पीठ विवेकानंद सभागार चित्रकूट में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में जाते समय जोल्हूपुर में सहकार भारती के पदाधिकारियों से बी पैक्स के सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु पदाधिकारियों को बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने सहकारीजनों का आह्वान करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान 1 सितंबर 2023 से शुरू हुआ और 30 सितंबर 2023 तक उत्तर प्रदेश में




चलाया जाएगा बी-पैक्स सदस्यता अभियान में शामिल होने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल www.pÔc-smember.i»»f , टोल फ्री नंबर 1800212884444 है पैक्स में 20 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है, जिससे शेयर पूंजी के रूप में 100 करोड़ रुपये जमा हो सकेंगे. उत्तर प्रदेश में लगभग 7500 बी पैक्स हैं सहकार भारती झांसी विभाग के सह संयोजक एवम् कालपी क्रय विक्रय सहकारी समिति लि के उप सभापति उदय प्रताप सिंह ने कहा कि चित्रकूट में आयोजित होने वाली सहकार भारती की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में झांसी मंडल से 30 पदाधिकारी सहभागिता करेगे बैठक में सहकारिता के विकास के लिए चिंतन, मनन एवं भविष्य की योजनाओं को तैयार किया जाएगा बैठक ने सहकार भारती के जिला अध्यक्ष एवम् जिला केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लि जालौन के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि सहकारी समितिया अब केवल खाद बीज तक सीमित नहीं रहेगी सरकार द्वारा बहुउद्देशीय बनाकर जन औषधि केंद्र जन सेवा केंद्र पेट्रोल पंप गैस एजेंसी अनेक व्यवसाय से सहकारी समितियों को जोड़ा जायेगा बैठक में जिला उपाध्यक्ष कुंदन सिंह सह संपर्क प्रमुख जितेंद्र कुमार पांडेय जिला मंत्री योगेंद्र अहिरवार अमर सिंह कुशवाहा जगपाल सिंह यादव समर सिंह चौहान ब्रजेश तिवारी सुनील उपाध्याय अमित गुप्ता ब्रज किशोर सहित सहकार भारती के पदाधिकारी मौजूद थे।

# जिलाधिकारी से श्री दुर्गा पूजा महासमिति का प्रतिनिधिमण्डल मिला

## शारदीय नवरात्रि को लेकर सौंपा ज्ञापन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

जौनपुर। शारदीय नवरात्रि को लेकर श्री दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक अध्यक्ष अनिल अस्थाना के नेतृत्व में केंद्रीय कार्यालय नवदुर्गा शिव मंदिर नखास पर हूई। बैठक में आगामी शारदीय नवरात्र को संपन्न कराये जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। तदुपरांत श्री अस्थाना के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी अनुज झा से मिला। जिलाधिकारी से वार्ता करते



हुए श्री अस्थाना ने जनपद की दुर्गा पूजा सहित शारदीय नवरात्रि में नगर में खुदाई करके छोड़ी गयी सड़कों में बड़े–बड़े गड्ढों को समतल किये जाने, गैस पाइप लाइन से क्षतिग्रस्त गलियों की मरम्मत, लो वोल्टेज की समस्या, सफाई सहित अन्य समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। प्रतिनिधिमण्डल में महासचिव राहुल पाठक, सचिव मनीष गुप्ता, आय व्यय निरीक्षक रवि शर्मा, मीडिया प्रभारी आशीष रावत, दीपक श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# एक देश एक कानून का क्यों बिरोध कर रहे हैं विपक्षी छोटे छोटे राजनीतिक दल

## *इस पर क्या बोले नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष*

कालपी जालौन देश में हजारों करोड़ रूपया आम चुनावों में खर्च होता है ! इसके अतरिक्त जब जब किसी प्रदेश के चुनाव आते हैं तो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तथा अन्य प्रमुख नेताओं को उन चुनवों मे अपनी अपनी पार्टी को जिताने के लिये हवाई यात्राएं करनी पड़तीं हैं !जिसके लिए मोटा पैसा खर्च किया जाता है !और आप समझ सकते हैं कि इन सब का प्रभाव देश के विकास कार्यों पर पड़ता है !"एक देश एक चुनाव" से हम इस झंजट से मुक्ति पा सकते हैं और वर्तमान में चल रही मंहगी चुनाव प्रक्रिया के द्दष्टिगत बहुत कम खर्चे में सारे देश के चुनाव एक साथ हो सकते हैं !फिर क्यों विपक्षी जिस दिन से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "एक देश एक चुनाव" की बात कही तब से तमाम विपक्ष और छोटे छोटे राजनीतिक दलों को अपनी जमीन खिसकती नजर आने लगी और बिरोध करना शुरू कर दिया आखिर विपक्षी क्यों इसका बिरोध कर रहा है इसे आम भारतीयों को समझना बहुत आवश्यक है !

उक्त बात नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक बाजपेई ने एक भेंट में कही ! वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बाजपेई ने इस पर विस्तार से बताते हुए कहा कि साथियों अगर इस पर विचार किया जाए कि देश का विपक्ष "एक देश एक चुनाव " पर सहमत क्यों नहीं है !तो इसका उत्तर यह है कि वह जिस प्रकार अब "इंडिया" नाम के गठबन्धन को तैयार कर रहा है एक देश एक चुनाव की स्थिति लागू होते ही इस गठबन्धन के टूटने की प्रबल संभावनाएं बन जायेगीं !क्योंकि राज्य स्तरीय



राजनीतिक दल किसी भी कीमत पर अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री पद की दावेदारी को किसी गठबन्धन के नाम पर बलि नहीं चढ़ाएंगे! यहां यदि बात उत्तर प्रदेश की करें तो यहां अखिलेश यादव अपने आप को भावी मुख्यमंत्री के रूप में देख रहे हैं !वे यह कदापि नहीं चाहेंगे कि अपने गढ़ में किसी गठबन्धन के नाम पर कांग्रेस य किसी भी राजनीतिक दल को वे लाभ पहुंचा दें! ठीक एसा ही प्रत्येक प्रांत में है ! तब इन सब इडिया वालों के सामने सरकार के प्रयास की आलोचना करने के अतरिक्त कोई अन्य विकल्प नहीं है ! बाजपेई ने आगे कहा कि माना कि अपने चुनावी घोषणिपत्रों में देर से एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया की वकालत कर रही भाजपा एक देश एक चुनाव के विचार से तात्कालिक लाभ ले सकती है पर हम आप जैसे लोगों को किसी भी राजनीतिक गुणा भाग के पड़े बिना देश के हित में विचार करना चाहिए! हमारा मानना है कि इस समय देश का हित इसी में है कि एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया को यथा शीघ्र पूर्ण कर इसे सही ढंग से लागू कर दिया जाए ! इस प्रकार की प्रक्रिया को लागू करने का लाभ एक यह भी होगा कि अधिक से अधिक लोग चुनाव में भाग ले सकेंगे ! क्योंकि जितना छोटा चुनाव होता है उतना ही अधिक लोग चुनाव में भाग लेने के लिये बाहर निकलते हैं ! लोकसभा चुनाव में लोगों की बढ़ती उदासीनता का एक कारण यह है कि उसमें खड़े होने वाले पप्रत्याशियों में लोगों की रूचि घटती जा रही है ! उनसे अधिक रूचि लोगों को अपने बिधायक पद के उम्मीदवार में होती है और उससे भी अधिक रूचि ग्राम प्रधान नगर पंचायत नगर पालिका के चुनाव में खड़े होने वाले अपने प्रत्याशियों के लिए होती है ! यदि यह सब चुनाव एक साथ होंगे तो अपने अपने रूचि के लोगों को वोट देने के बहाने मतदान केंद्र पर लोगों का जाना अनिवार्य सा होगा !

# थाना में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव,

**संवाददाता नारायण तिवारी,**

कुठौंद जालौन, थाना कुठौंद में श्री कृष्णा जन्माष्टमी के दिन कुठौद थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति के द्वारा श्री कृष्णा जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया थाना में जन्म अष्टमी के पावन अवसर पर थाना परिसर के मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया तथा श्री कृष्णा की जन्मोत्सव लीला को मथुरा वृंदावन से आए हुए कलाकारों के द्वारा दिखाया गया तथा थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार के द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य,प्रधान



एवं क्षेत्रीय जनता की अपार भीड़ देखने को मिली थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार के द्वारा रात 12ः बजे भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी की आरती व पूजन किया गया इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया क्षेत्र से आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियो ने भगवान श्री कृष्ण की लीला को देखा तथा क्षेत्रीय जनता द्वारा श्री कृष्णा जन्मोत्सव को थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति के द्वारा कराए गए कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अभी तक कुठौद थाना में इतना विशाल कार्यक्रम कभी भी नहीं हुआ थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति के द्वारा कराए गए इस विशाल कार्यक्रम की सभी क्षेत्र वासियों ने सराहना की,

# शिक्षक मोमबत्ती की तरह स्वयं को जलाकर पूरी दुनिया को रोशन करने का काम करते हैं-अभिषेक राय

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद क्षेत्र के तहसील मुख्यालय के पीछे स्थित ए के इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने न केवल केक काटा खुशियां साझा कीं, बल्कि अपने गुरूजनों को अपनी स्वेच्छा से बेहतरीन उपहार भी दिए। स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान ए के इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन नेहाल अहमद खान,प्रबंध निदेशक कहकसा बेगम और उप



निदेशक नवीद नेहाल खान और प्रधानाचार्य अभिषेक राय ने शिक्षक दिवस पर देश के पहले उपराष्ट्रपति, महान शिक्षक व दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया। प्रधानाचार्य अभिषेक राय ने कहा कि हमारे देश में गुरुजनों के सम्मान की पौराणिक परम्परा रही है। हमारे देश में गुरुजनों को ईश्वर के बराबर का दर्जा दिया गया है। कहा कि शिक्षक मोमबत्ती की तरह स्वयं को जलाकर पूरी दुनिया को रोशन करने का काम करते हैं। कहा कि शिक्षक समाज का प्रेरक होता है और वह देश के नवनिर्माण और सभ्य समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। कहा कि वो हमारे भविष्य को आकार देने के साथ श्रेष्ठ एवं उत्तम करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने गुरू की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंसान की जिंदगी में उसकी कामयाबी के पीछे माता-पिता के साथ ही शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है

# जिला पंचायत पहाड़गांव की सीट पर उपचुनाव में सपा प्रत्याशी रंजनी देवी की जीत पर सपाईयों में दिखा उत्साह

माधौगढ़ (जालौन)। जनपद जालौन की पहाड़गांव जिला पंचायत सीट से भाजपा की पूनम ने जीत हासिल की थी। मगर नगर पंचायत एट से अध्यक्ष पद का चुनाव जीतने के बाद यह सीट खाली हुई थी जिस पर उप चुनाव करवाया गया था।जिसमें भाजपा से शांति देवी, बसपा से तारा देवी एवं सपा से रंजनी देवी मुख्य रूप से चुनाव मैदान थी। जिसमें समाज वादी पार्टी की प्रत्याशी रजनी देवी 11 00सौ मतों से चुनाव जीत गई हैं।जिन्होंने भाजपा की प्रत्याशी शांति देवी चुनाव मैदान में थीं जिन्हें हार का सामना करना पड़ा।पहाड़गांव जिला पंचायत सीट से सपा प्रत्याशी के जीतने पर पार्टी कार्यकताओं ने भाजपा की हार एवं सपा की जीत पर जश्न मनाया गया। वहीं घोसी में विधायक के उपचुनाव में सुधाकर



सिंह ने 63000हजार वोटो से जीत दर्ज की वहीं लखनऊ एवं मिजार्पुर बरेली जिला पंचायत के चुनाव में सपा ने जीत दर्ज की है माधवगढ़ सपा नगर अध्यक्ष आशुतोष दुबे के आवास पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं भूले दाग कर बधाई दी इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी राघवेंद्र प्रताप सिंह ,परमात्मा शरण त्रिपाठी विक्रम यादव जंग बहादुर सिंह भगवानपुरा प्रबल प्रताप सिंह अमर सिंह अध्यापक, राजकुमार प्रजापति मोहित सिंह हरौली आशुतोष दुबे कपूर यादव गजेंद्र सिंह मनोज चौधरी धर्मेंद्र काका पंकज यादव विशाल यादव बृजेश यादव अकरम खान महमूद खान, ऋषभ गुप्ता ,रामकुमार दोहरे, राजू सेंगर भारी संख्या में मौजूद रहे कार्यकर्ता

# नई दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास का एक नया मार्ग तैयार करेगा : प्रधानमंत्री

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि नई दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास का एक नया मार्ग तैयार करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णयात्मक और कार्योन्मुख रही है जहां विकासशील और गरीब देशों की विकास से जुड़ी चिंताओं को सक्रिय रूप से आवाज दी गई है। वंचितों की सेवा करने के गांधी जी के ध्येय का अनुकरण करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, माननीय प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि भारत विकास को गति देने के मानव-केंद्रित उपायों पर काफी जोर देता है। माननीय प्रधानमंत्री ने जानकारी दी कि वह 'एक धरती', 'एक परिवार' और 'एक भविष्य' पर सत्र की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें मजबूत, स्थाई, समावेशी और संतुलित विकास को आगे बढ़ाने के साथ विश्व समुदाय की मुख्य चिंताओं से जुड़े कई विषय शामिल होंगे। उन्होंने मित्रता और सहयोग के बंधन को और गहरा करने के लिए कई नेताओं और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकों के आयोजन का भी उल्लेख किया।

# आवारा कुत्तों के हमले से राष्ट्रीय पक्षी घायल

कालपी जालौन आवारा कुत्तों के हमले से राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल हो गयी। सूचना पर मौके पर पहुँचें वन विभाग के कर्मचारियों ने उसे कब्जे में लेकर इलाज शुरू करा दिया है। शुक्रवार सुबह कदौरा क्षेत्र के ग्राम बरही मे विचरण कर रहे राष्ट्रीय पक्षी मोर के झुण्ड पर आवारा कुत्तो ने हमला कर दिया था। इस दौरान एक मोर उनके शिकंजे में आ गयी थी हालाकि मौके पर मौजूद ग्रामीण ने मशक्कत के बाद उसे कुत्तो के चंगुल से बचा लिया था लेकिन तब तक वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी थी जिसपर ग्रामीणो वन विभाग को फोन कर राष्ट्रीय पक्षी के साथ



घटित घटना की जानकारी दी थी। राष्ट्रीय पक्षी के घायल होने का मामला संज्ञान में आते ही वन विभाग सक्रिय हो गया था और आनन फानन मौके पर पहुँचे वनकर्मियो ने उसे पशु अस्पताल में दाखिल कराया था जँहा उसका इलाज किया जा रहा है ।रेंजर संजय यादव के अनुसार घायल राष्ट्रीय पक्षी को इलाज के बाद विभागीय देखरेख में रखा गया है।

# जिला पंचायत सीईओ ने प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**रायसेन, 08 सितम्बर 2023**

कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा दो मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार



रथ जिले की सभी विधानसभाओं के अंतर्गत आने वाले गॉवों, नगरों में जाकर एलईडी पर वीडियो क्लिप तथा ऑडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना तथा विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगे

# आरएनएम कॉलेज में एनएसएस के द्वारा विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया।

**नव नामांकित छात्राओं को स्वागत कर एनईपी से कराया गया अवगत।**

**शिक्षा के बगैर विकास करने का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह।**

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 08 सितम्बर 2023:- जिले के हंटरगंज के रामनारायण रा मेमोरियल महा-विद्यालय में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर नव नामंकित छात्र छात्राओं को प्राचार्य एवं व्याख्याताओ और एनएसएस वालंटियरों के द्वारा स्वागत किया गया।

सबसे पहले भारतीय संस्कृति के अनुसार महान स्वतंत्रता सेनानी सह प्रथम सांसद बाबूराम नारायण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।

माल्यार्पण उपरांत महाविद्यालय प्रांगण में नव नामांकित छात्र छात्राओं को पुष्प वर्षा कर चंदन का टीका लगाकर एवं गुलाब फूल देकर सीनियर स्टूडेंट्स एवं व्याख्याताओ के द्वारा अभिनंदन किया गया।महाविद्यालय के

एनएसएस इकाई के द्वारा सेमिनार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को न्यू एजुकेशन पॉलिसी के बाबत व्यापक रूप से बताया गया।

विश्व साक्षरता दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने क्षेत्र के इतिहासिक और भौगोलिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाविद्यालय कई चालेंजों का सामना करते हुए कई अनूठे कार्य किए हैं।जो





महाविद्यालय के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। पठन पाठन से लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी का योगदान स्मरणीय है।कॉलेज के नामांकरण के बाबत बताया की बाबू राम नारायण सिंह एक कुशल राजनीतिज्ञ,समाज सेवक, समाज सुधारक,शिक्षा विद एवं प्रचंड विद्वान थे ।उन्हीं के नाम पर इस कॉलेज का नाम रामनारायण मेमोरियल कॉलेज रखा गया है जो एक यादगार के रूप में रहती दुनिया तक रहेगी। उन्होंने कहा की शिक्षा के मंदिर से ही विकास के रास्ते खुलते हैं।शिक्षा के के बगैर विकास का कोई दुसरा विकल्प नहीं है।

**इस मौके पर एनएसएस**

पीओ डा फहीम अहमद ने विश्व साक्षरता दिवस पर अपने संबोधन में कहा के वर्ष 1965 में यूनेस्को ने पुरी दुनियां मे लोगों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से विश्व साक्षरता दिवस मनाने का फैसला लिया था। 1966 में पहली बार 8 सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया।उसी दिन से पुरी दुनिया में यह दिवस मनाया जाने लगा।

दिवस मनाया गया।

इस का उद्देश्य है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अनपढ़ न रह जाए। साक्षर बनाने के लिए बहुत सारे अभियान यूनेस्को के द्वारा चलाया गया उसी का परिणाम है कि लोगो शिक्षा प्रति जागरूक हुए हैं।

इसीलिए घर-घर शिक्षा का दीप जलाने का संकल्प लेने का दिन है। मंच का संचालन सरदार सोनल सिंह और नीरज भारद्वाज संयुक्त रूप से किया।इस मौके पर व्याख्याताओं में डा रेयाजदुद्दीन अंसारी, डा सुबोध कुमार सिंह,कुमारी मंजू सिंह,स्वेता सिंह,पूजा सिंह,शिव रतन सिंह, डा रामजीत यादव,कमरुद्दीन अंसारी,फखरुद्दीन अंसारी,सरयू यादव,अनिल कुमार सिंह,ओम प्रकाश निवलेंदु के अतिरिक्त कॉलेज के सभी कर्मी और छात्र एवं छात्रऐं उपस्थित थे।

# डुमरी विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं ने दिखाएं झारखंड के जमीनी माटी की सच्चाई बेबी देवी की झोली में वोट डालकर दिलाई जीत

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)8 सितंबर 2023 :- डुमरी विधानसभा उपचुनाव चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने फिर मारी बाजी , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहली अग्नि परीक्षा में हुए फेल । बताया जाता है कि पूर्व मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो की मृत्यु के बाद डुमरी विधानसभा में उपचुनाव के तहत विधानसभा के मतदाताओं ने वोट देकर स्वर्गीय जगन्नाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है । उनकी पत्नी जो वर्तमान में अभी मध्य निषेध मंत्री बेबी देवी झारखंड विधानसभा की सदस्य बन गई हैं , इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी झामुमो की उम्मीदवार को इस उपचुनाव में 100231 वोट मिले , वहीं एनडीए की कैंडिडेट रही आजसू प्रत्याशी यसोदा देवी को लगभग 83075 वोट में ही संतोष करना पड़ा , जीत का अंतर 17156 वोटो का रहा ,बेबी देवी ने अपने पति के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए आगे बढ़ा । 2019 के विधानसभा चुनाव में जगन्नाथ महतो को महज 71128 वोट मिले थे उन्हें सबसे ज्यादा वोट 2014 में 77984 वोट मिले थे 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू को 36840 और बीजेपी के उम्मीदवार को 36013 वोट मिले थे लोगों ने एक बार फिर जगन्नाथ महतो के काम और उनके मेहनत को याद करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि देकर बेबी देवी की जीत पक्की कर दी है। इस चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार यसोदा देवी के पक्ष में भाजपा के कद्दावर नेताओं में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं और भी कई पुर्व मंत्रियों ने पूरे दम खम के साथ चुनाव मैदान में अपने प्रत्याशी के साथ जोर दिया था , लेकिन हेमंत सोरेन के चुनावी रणनीति और इंडिया गठबंधन के सहयोगी नेताओं से उनका रथ का



पहिया को काफी मजबूत बनाकर टक्कर देते हुए अपने प्रत्याशी की झोली में अधिक से अधिक वोट डालने में कामयाबी हासिल कि, बेबी देवी की जीत में सबसे बड़ा फैक्टर इलाके के कदावर नेता जग्रनाथ महतो जो लंबे समय तक इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किए बीमारी के बाद उनके निधन हो जाने से बेबी देवी ने हाथ जोड़कर सभी से वोट मांगती रहीं , और उनके पुत्र राजू अखिलेश महतो ने हर वह इमोशनल कार्ड खेला जिसे जीत सुनिश्चित की जा सके , इस चुनाव में ओवैसी भी आकर कुछ पल के लिए लोगों को उलझन में डाल दिए थे लेकिन उनका भी जादू नहीं चला । ए आई एम आई एम के उम्मीदवार अब्दुल मोमिन रिजवी को भी वोट का भरोसा था लेकिन मुस्लिम वोटरों ने भी इस बार जे एम एम पर भरोसा जताया ।और खुलकर बेबी देवी के पक्ष में वोट किया , सीएम हेमंत सोरेन का तूफानी दौरा भी लगातार इस चुनाव में काफी लोगों को अपने ओर आकर्षित किया तमाम तरह की राजनीतिक परेशानियों के बीच हेमंत सोरेन ने डूमरी में जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी , उन्होंने चुनाव से पहले अपने आप को चुनावी मोड में डाला और सरकारी परिसंपत्तियों का खूब वितरण किया , वहीं अपने भाषणों में टाइगर के नाम से मशहूर जगन्नाथ महतो को डुमरी के प्रति लगन और निष्ठा को जनता तक हमेशा पहुंचाने का काम किया सरकार के सभी मंत्री समेत इंडिया गठबंधन के तमाम विधायक डुमरी में तैनात रहे गिरिडीह सदर विधायक सुदीप कुमार सोनू और बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने भी पूरे चुनाव प्रचार के दौरान डुमरी में केम्पंन कर जीत में कोई कसर नहीं छोड़ा डुमरी उपचुनाव को नजदीक देखने वालों का कहना है कि पूरे चुनावी प्रचार में बगोदर विधायक विनोद सिंह ने मतदाताओं के बीच अपनी अलग पहचान बनाकर मतदाताओं को सच्चाई का साथ देने का नसीहत देकर वोट को बेबी देवी के पक्ष में करने का काम किया जिसकी लोगों के बीच जमकर सराहना हो रही है।

## दो वक्त की अनाज और आवास के लिए दर दर की ठोकर खा रही है चाइना चक्रवर्ती

**दैनिक समाज जागरण**

बालियापुरः रोटी कपड़ा और मकान के लिए तरस रही है बालियापुर प्रखंड के अंतर्गत गड़बड़ पंचायत की असहाय विधवा महिला चाइना चाइना चक्रवर्ती खुद दुसरे के घरों में खाना बनाकर, वर्तन धोकर दो बच्चों का पालन पोषण करती है । चाइना के पास न खुद का मकान है और नही कोई अच्छा रोजगार जिससे की वो अपना बच्चों का बेहतर परवरिश कर सके ।



चाइना चक्रवर्ती ने कहा कि मेरा पति दो साल पहले सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के कारण मेरा परिवार की स्तिथि बहुत ही दयनीय हो गई। बच्चों को अच्छा शिक्षा देने के लिए और घर चलाने के लिए सिंदरी शहरपुरा में जाकर लोगों के घरों में वर्तन धोकर, खाना बनाकर बच्चों का भविष्य बनाने के लिए हम मेहनत कर रहे है । यहां के जनप्रतिनिधि और अंचल के वीडियो साहब से विनती है कि हमे जल्द से जल्द एक आवास और राजन कार्ड बना देने का कृपा करें ताकि रात को मेरे बच्चों को भूखे नहीं सोना पड़ेगा।

## खेलो झारखंड के तहत तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय एथलीट वॉलीबॉल कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक,ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 8 सितंबर 2023 :- विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा खेलो झारखंड के तहत तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय एथलीट, वॉलीबॉल, कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी, प्रमुख जैबुन निशा, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, प्रधानाध्यापक फणीश्वर महतो, बीपीएम कुणाल कुमार, बीआरपी जलेश्वर प्रसाद के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों का शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। प्रमुख ने कहा कि खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नौकरी प्राप्त की जा सकती है। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि खेल में अपने नाम के साथ-साथ अपने देश का नाम ऊंचा किया जा सकता है। खेल में अनेक



संभावनाएं मौजूद हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनीता महतो ने किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रतियोगिता का समापन 11 सितंबर को होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के शुभारंभ में अतिथियों के द्वारा गोला फेंक कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश विद्यार्थी, लाल धन महतो, वाल्मीकि मुनि, बबीता कुमारी, ललित महतो, विनोद महतो, समेत खेल में शामिल बालक बालिकाएं शामिल थे।

## भुताही मुरगांवों में भव्य तरीके से मनाया गया जन्माष्टमी

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 8 सितंबर 2023 :- विष्णुगढ़ के भुताही मुरगांवो के राधा श्याम सुंदर मंदिर परिसर में भव्य कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंगल आरती, गुरु पूजा, भजन संध्या से हुई। कार्यक्रम में भागवत कथा के माध्यम से प्रभु की महिमा के बारे में सुनाया गया। जहां भक्तों ने कथा सुनकर भाव विभोर हो गए। जहां एक और बच्चों ने बाल लीला आधारित नाटक का मंचन किया वहीं दूसरी ओर बच्चों के द्वारा आकर्षक झांकी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। श्रोताओं ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में महा आरती किया गया तथा महाप्रसाद का वितरण किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन ग्राम वासियों की ओर से की गई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंदिर के संचालक सीताराम मंडल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष महादेव मंडल, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी, सुखदेव मंडल, बाल कलाकार के रूप में अंशु कुमारी मधु कुमारी, आराध्या कुमारी, राजनंदनी कुमारी, खुशी कुमारी, निधि कुमारी, अदिति चौरसिया, तेजस कुमार तथा शेखर कुमार शामिल थे।

## मजदूर के समस्या को लेकर एम. ओ. सी. पी में हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण**

तिसरा। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक एम ओ सी पी पार्टी कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक में मजदूर समस्या पर चर्चा की गई। क्षेत्रीय सचिव शिवकुमार सिंह ने कहा कि प्रबंधन मजदूरों के समस्या पर गंभीर नहीं है वर्षों से कम करने के बाद भी उनका प्रमोशन नहीं हो रहा है। गोल्डन पहाड़ी मैं पानी की समस्या है लोग जूझ रहे हैं लेकिन



कोई समाधान नहीं हो रहा है डिपार्टमेंटल परियोजना को आउटसोर्सिंग को देने के लिए प्रबंधन कमर कस ली है। बरारी जयलगोरा शाखा का वार्षिक सम्मेलन 9 सितंबर को गेस्ट हाउस जेलगोरा में संपन्न होगा। नॉर्थ तीसरा कमेटी की ओर से मजदूर समस्या को लेकर आंदोलन करने की भी रणनीति बनाई गई। अध्यक्षता अवनी कुमार महतो ने किया। बैठक में नॉर्थ तिसरा के शाखा सचिव मनोज कुमार पासवान ललन कुमार, सिदाम चन्द्र महतो, सुभाष महतो, शंकर रविदास, मुन्नीलाल रविदास, नरेश राम, विनय पासवान, मेघु महतो, मृत्युंजय बाउरी, रतन रजवार आदि थे।

## जन्माष्टमी के अवसर पर संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला ब्यूरो चीफ चतरा**

चतरा(झारखंड)08सितम्बर 2023:-जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा मे जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर जन्माष्टमी पूजा समिति के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम सह श्री कृष्णा जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे स्थानीय कलाकारो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। ग्रामीणों और समिति के सहयोग से हर संभव प्रयास कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कृष्णदेव ठाकुर ने किया कार्यक्रम का प्रारम्भ कृष्णा वंदना से करने के बाद स्थानीय कलाकार भोजपुरी



सिंगर विवेक तिवारी "छोटन " जो अपनी मधुर आवाज मे बहुत सारे भोजपुरी गाने गाये है उनके द्वारा एक से बढ़ कर एक भक्ति गीत गाये और स्थानीय बच्चियों मे तनु कुमारी ने कृष्णा भजन पे नृत्य प्रस्तुत किया जिसको उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम के बींच मे जब कृष्णा जन्मोत्सव का समय आया तो सभी ने भगवान् कृष्णा के भजन पर झूमते हुए कृष्णा जन्मोत्सव का भरपुर आनंद लिया। अंततः कृष्णा भजन पर झूमते हुए पूजा समिति और ग्रामीणों के उपस्थिति मे स्थानीय कलाकारो द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## पलायन को त्याग कर स्वरोजगार को अपनाया मडमो केनीलकंठ महतो ने

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक,ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 8 सितम्बर 2023 ;- विष्णुगढ़ प्रखंड में पलायन एक बड़ी गंभीर समस्या है इसे ध्यान में रखते हुए मडमो निवासी नीलकंठ महतो पिता स्वर्गीय पूरन महतो ने स्वरोजगार को अपनाते हुए सूचना लघु उद्योग का स्थापना कर दोना , पत्तल का निर्माण कर रोजगार से जुड़ने का बीड़ा उठाया गुरुवार को पत्तल निर्माण का मशीन लगाकर पूजा अर्चना व फिता काटकर स्वरोजगार व्यवसाय का शुभारंभ



पंचायत समिति सदस्य बहराम हंसदा उपमुखिया पूनम कुमारी अजय मिर्धा सांसद प्रतिनिधि सुखदेव महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया इस अवसर पर संचालक ने कहा कि मैं पहले रोजी रोजगार के लिए महानगर का रुख अपनाते थे लेकिन कोविड-19 ने अपने ही मातृभूमि में रहकर रोजगार के लिए कदम उठाए हैं । मौके पर घनश्याम महतो निलेश कुमार सत्यम कुमार ललिता कुमारी महतो दिनेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## गठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर जश्न

**दैनिक समाज जागरण**

तिसरा।डुमरी विधानसभा सीट पर ( इंडिया ) महागठबंधन की प्रतयाशी स्व जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी के जीत की खुशी में जयरामपुर मोड़ स्थित झामुमो कार्यालय के समीप लड्डू का वितरण कर जश्न मनाया। इस



अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई और बधाई दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने खूब आतिशबाजी भी की. झामुमो के वरिष्ठ नेता युधेश्वर सिंह ने कहा कि डुमरी विधानसभा उप चुनाव में महागठबंधन ने दोबारा अपना सीट को बरकरार रखा। इस उप चुनाव ने जाहिर कर दिया कि हेमंत सरकार के काल में अच्छा काम हो रहा है। लोग महागठबंधन की सरकार को समर्थन कर रहे हैं। एनडीए गठबंधन की पोल खुल गई . डुमरी विधानसभा की जनता केंद्र के मोदी सरकार के झूठे वादे व छलावे से नहीं भ्रमित हुई. हेमंत सरकार के सुशासन व विकास की जीत हुई है. मौके पर विजय सिंह अशोक सिंह हराधन महतो प्राण राय दिलीप सिंह हराधन मोदक प्रभास सिंह,कन्हाई सिंह,फलाली सिंह, लक्ष्मी सिंह, परितोष मंडल आदि उपस्थित थे

## जीटीवी के रियलिटी शो, सारेगामा के टॉप 25 में अरगड़ा के शालिनी दुबे को शामिल किया गया है - प्रदीप शर्मा

**दैनिक समाज जागरण , अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ बिहार झारखंड प्रदेश / धनश्याम पाठक ब्यूरोचीफ, हजारीबाग/ विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

8 सितंबर 2023, झारखंड प्रदेश के रामगढ, जिला के अरगडा निवासी शालिनी दुबे का चयन जीटीवी के रियलिटी शो, सारेगामा के टॉप 25 में शामिल किया गया है . शालिनी दुबे को अपने गायिकी पर पूरा भरोसा है, उसे टॉप 12 में चयन होने की उम्मीद है, उसके परिवार वाले भी इसका इन्तजार कर रहे है, टॉप 12 का चयन शनिवार को होगा, शालिनी दुबे ने सारेगामा के लिए पहला ऑडिशन कोलकाता और दूसरा ऑडिशन मुम्बई मे दिया था, वह अपनी गायिकी से संगीत के क्षेत्र में कई मुकाम हासिल कर चुकी है,



वह भोजपुरी रियलिटी शो सुर संग्राम तथा बिग मैजिक गंगा के सारेगामापा मे रनर अप रह चुकी है, शालिनी संगीत के क्षेत्र में शोहरत व नाम कमा चुकी है, शालिनी दुबे के पिता विश्वनाथ दुबे सरस्वती विद्या मंदिर सिरका मे संगीत शिक्षक है, उनकी माता सुचित्रा दूबे व बहन शेया दुबे है. उन्हे संगीत की शुरूआती शिक्षा अपने पिता विश्वनाथ दुबे से मिली है, दिल्ली से संगीत मे मास्टर की डिग्री मिली है शालिनी दुबे की गायिकी से रामगढ जिले के लोगो व ब्राह्मण समाज को काफी उम्मीद है,पहले भी कई बार ब्राह्मण समाज के द्वारा सम्मानित की गई है, विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा व जिला अध्यक्ष महेश मिश्र, श्याम शर्मा, नवीन पाठक ने सयुंक्त रूप से शुभ कामनाएँ व्यक्त किया है.

## डुमरी विधानसभा उपचुनाव की जीत की खुशी में बगोदर में निकल गए विजय जुलूस

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड ) 8 सितंबर 2023 :- डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर बगोदर बाजार में लोगों ने मनाई विजय जुलूस निकालकर खुशियां। बताया जाता है जब से चुनाव की सर गर्मी तेज हुई है डुमरी से सटे बगोदर होने के कारण बगोदर का भी राजनीति तापमान बढ़ा हुआ है । वह इंडिया गठबंधन के नेता हों या एनडीए गठबंधन के सभी लोगों ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में अपना



पावर लगाया था ,और आज मतगणना होने के बाद रिजल्ट जारी होने के पश्चात चुनाव जीतने वाले गठबंधन के नेताओं का चेहरा खुशी से झूम उठा जिससे बगोदर बाजार में जुलूस के शक्ल में अबिर ,गुलाल लेकर निकल पड़े । और सबों ने मिलकर खुशियाँ मनाई विजय जुलूस में शामिल माले नेता परमेश्वर महतो , संतोष रजक , संदीप जयसवाल ,पूरण कुमार महतो , एवं झामुमो से शत्रुघ्न मंडल समेत काफी संख्या में शामिल थे

## कृषक मित्र महासंघ का हुआ बैठक, मानदेय को लेकर दिया गया बल।

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा( (झारखंड) 08 सितम्बर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा पंचायत सचिवालय में गुरुवार को कृषक मित्र महासंघ का बैठक किया गया।इस बैठक में हंटरगंज प्रखंड एवं प्रतापपुर प्रखंड के कृषक मित्र उपस्थित थे।बैठक में मुख्य अतिथि कृषक मित्र के जिला अध्यक्ष सत्यानंद दुबे के द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें मुख्य रूप से कृषक मित्रो का मानदेय के लिए संघ को मजबूती पर बल दिया गया।

## एन एच 32 के चौड़ीकरण संवेदक की लापरवाही के कारण हो सकता है जानलेवा दुघर्टना

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह : एन एच 32 के चौड़ीकरण संवेदक की लापरवाही के कारण नीमडीह प्रखंड मुख्यालय जानेवाली पहुंच पथ एवं नीमडीह मोड़ पर परमदा जानेवाली पहुंच पथ पर कभी भी जानलेवा दुघर्टना हो सकता है। दोनों जगह पर पहुंच पथ को संवेदक द्वारा मिट्टी डाला गया है। मिट्टी डालने से पहुंच पथ के एन एच 32 को जोड़ने वाली जगह पर गड्ढे हो गया है। जिसके कारण बारिश होने पर कीचड़ और धूप खिलने पर धूल उड़ने लगती है। आए दिन बारिश में कीचड़ होने के कारण मोटरसाइकिल सवार और पैदल



चलने वाले राहगीर गिर कर घायल होते हैं। दोनों ही पहुंच पथ सीधा एन एच 32 को जोड़ती है। ये सड़क काफी व्यस्त रहता है। नीमडीह प्रखंड मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उच्च विद्यालय, कॉलेज आदि तक पहुंचने का नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी, मुरू, जुगीलोंग, पुरियारा, पांड़कीडीह, लाकड़ी, बागड़ी, अण्डा, हुटु, कल्याणपुर, काशीपुर, नीमडीह, दुमदुमी, केतुंगा, घुटियाडीह, मधुपुर, बाड़ेदा, भंगाट, माकुला, बामनी, चालियामा, सामानपुर, लुपुंगडीह, पाथरडीह, पितकी, तनकोचा, बातकमकोचा आदि सैकड़ों गांवों का मुख्य मार्ग है।

## झारखंड प्रदेश के पलामू जिले का सतबरवा प्रखण्ड कार्यालय में जमीन सत्यापन का मामला हैं लंबित !

***फिर भी दबंगई को दिखाते हुए अवैध तरीके से पत्रकार के जमीन पर निर्माण कार्य हैं जारी ।***

***पत्रकार गजेन्द्र शर्मा ने अंचला अधिकारी सतबरवा को पत्रकार के जमीन पर अनैतिक रूप से हो रहे निर्माण कार्य का दिया सूचना, कार्रवाई करना उचित नहीं समझे सीओ, आखिर क्यों ?***

***पत्रकार के पास उक्त पैतृक जमीन का मालिकाना हक का विश्वनीय साक्ष्य /दस्तावेज है,***

***पत्रकार के जमीन पर गैरकानूनी तरीके से हो रहे निर्माण कार्य का विरोध करने पर परिवार के सदस्यों के साथ गाली गलौज वा मारपीट किया गया - गजेन्द्र शर्मा***

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ ,बिहार झारखंड प्रदेश।**

बिहार प्रदेश के गया जिले का पीड़ित पत्रकार गजेन्द्र कुमार ने सोशल मीडिया के माध्यम से पत्रकारों के बीच आपबीती को शेयर करते हुए बताया कि झारखंड प्रदेश के पलामू जिले के सतबरवा अंचल कार्यालय के लोहारचक पोखरी गांव में पत्रकार के पैतृक खेतिहर जमीन हैं जिसका खाता नम्बर 31 प्लॉट 350 रखवा 2 एकड़ 50 डिसमिल है । धावाडीह पंचायत मुखिया रिंकी यादव के संरक्षण में मनोज शर्मा पिता विलास मिस्त्री निवासी ग्राम लोहारा पोखरी के द्वारा दबंगई करते हुए अवैध रूप से उपरोक्त उल्लेखित जमीन पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पत्रकार गजेंद्र कुमार ने कहा है कि स्थानीय पुलिस एवं अंचल अधिकारी के संरक्षण में दवंगों द्वारा उक्त उल्लेखित सम्पति को गैर कानूनी तरीकों से हड़पने का तरीका अपनाया गया है और मेरे परिवार चाचा शिव शर्मा के द्वारा विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी जाती है । उपरोक्त सम्बन्ध में पत्रकार गजेन्द्र शर्मा द्वारा थाना प्रभारी गौतम कुमार को सूचना दिया गया तो बताया गया की सीओ हमको कुछ लिखकर देंगे तो हम कार्रवाई करेंगे और अंचला अधिकारी को दिया गया तो पीड़ित पक्ष को बताया गया की आज छुट्टी हैं कल हम देखते हैं, अंचला अधिकारी के द्वारा कार्रवाई में कोताही क्यों? क्या विपक्षियों से साठ गांठ रखते हुए पत्रकार गजेन्द्र कुमार एवम् परिवार के लोगो को हत्या करा कर पैतृक जमीन को दखल कराना चाहते हैं। लगातार छः माह से मनोज शर्मा द्वारा कभी सरकारी योजना का हवाला देते हुए, तो कभी अपने जमीन का हवाला देते हुए पत्रकार के जमीन को हड़पने का खेल चलता आ रहा है लेकिन आज तक अंचला अधिकारी द्वारा जमीन का सत्यापन करने में कोताही बरती जा रही है ?

# 50 लाख का चुना लगाने व ब्लैंक चेक चोरी करने का मामला में एक गया जेल

**दैनिक समाज जागरण शेखर सुमन**

सराइकेला ( झारखण्ड ) ईचागढ़ - सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में फर्जी कंपनी बनाकर करोड़ रूपए का रड सीमेंट लेकर ठगी करने का एक सनसनीखेज मामला का खुलासा हुआ है। जिला के पुलिस अधीक्षक डाक्टर बिमल कुमार के निर्देश पर व एसडीपीओ संजय कुमार सिंह के सहयोग से ईचागढ़ पुलिस द्वारा मामले पर कार्रवाई करते हुए एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। झारूआ स्थित मेसर्स सोमवारी महतो के दुकान से फर्जी कंपनी के नाम पर करीब 54 लाख का रड , सीमेंट लेकर गबन करने व ब्लैंक चेक चोरी करने के खिलाफ बिहार के बक्सर जिला के ढकाईच सीमरी के अजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को सरायकेला जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार झारूआ स्थित मेसर्स सोमवारी महतो सहित रघुनाथपुर,आदित्यपुर व जमशेदपुर के कई व्यवसायियों से आयरन ट्रींगल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से विभिन्न राष्ट्रीय उच्च पथों में निर्माण कार्य में लगाने के नाम पर फर्जी वर्क ओर्डर देकर करोड़ों का रड , सीमेंट का आपूर्ति कराया गया है। अजय कुमार यादव, उर्फ संजय कुमार तिवारी उर्फ टुनटुन हर जगह रड सीमेंट व्यवसायियों से संबंध स्थापित कर अगस्त 2022 से फर्जी वर्क ओर्डर देकर समानों का आपूर्ति कराया गया है। बताया जा रहा है कि मानगो जमशेदपुर के बिल्डर बताकर के के सिंह उर्फ मिथलेश




कुमार को अजय कुमार यादव द्वारा समानों का आपूर्ति कराकर ठगी किया गया है। वहीं अजय कुमार यादव उर्फ संजय कुमार तिवारी उर्फ टुनटुन मेसर्स सोमवारी महतो के दुकान स्थित कार्यालय से दो हस्ताक्षरित ब्लैक चेक भी चोरी कर आदित्यपुर के रड सीमेंट दुकानदार को चेक देकर रड सीमेंट आपूर्ति कराया गया है। वहीं मेसर्स सोमवारी महतो के पति सदानन्द महतो द्वारा फर्जी ढंग से समान आपूर्ति कराने,गबन करने व चेक चोरी करने के खिलाफ ईचागढ़ थाना में मामला दर्ज कराया गया है , जिससे सरायकेला एसपी द्वारा जाल बिछाकर झारूआ से अजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। अनुसंधानकर्ता एस आई शिवा यादव ने कहा कि पुलिस द्वारा पुछताछ करने पर अजय कुमार यादव अपना जुर्म कबूल करते हुए विभिन्न व्यवसायियों से रड, सीमेंट लेकर केके सिंह उर्फ मिथलेश कुमार को आपूर्ति करने व फर्जी कंपनी के नाम से ठगी करने का मामला स्वीकार किया है। पुलिस फर्जी कंपनी बनाकर ठगी करने का गिरोह का भी पता लगाया जा रहा है एवं फजीर्वाड़ा में सामिल अन्य लोगों का भी पता लगाने व धरपकड़ करने में जुटी है। वहीं मेसर्स सोमवारी महतो के पति सदानन्द महतो ने पुलिस प्रशासन से अजय कुमार यादव व अन्य फजीर्वाड़ा में सामिल सभी को कड़ी कार्रवाई करने व रुपए दिलाने का मांग किया है।

# कुल्हाड़ी से हमला करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजा जेल

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 08 सितंबर 2023ःझ सरायकेला जिले के आरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते 7 सितंबर को मिरूडीह में गुरुवा मुंडा पर हुए जानलेवा हमला मामले का 24 घंटे के भीतर पुलिस खुलासा करते हुए अभियुक्त प्रभु सहाय हंस को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर लिया है.

इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सागर लाल महथा ने बताया कि कांड की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था. टीम के सम्मिलित प्रयास तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के दौरान 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.



उन्होंने बताया कि अभियुक्त मूल रूप से कुचाई थाना क्षेत्र के हलुमंदडिहा का रहनेवाला है. पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि गुरुवा मुंडा का उस्की पत्नी के साथ नाजायज संबंध था. घटना के दिन उसने दोनों को संदिग्ध अवस्था में पाया था, जिसके बाद गुरुवा मुंडा के साथ गाली-गलौज होने लगा और गुरुवा उसके साथ मारपीट करने लगा. इसी दौरान गुस्से में आकर गुरुवा मुंडा पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गया. गुरुवा का इलाज फिलहाल रांची रिम्स में चल रहा है. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है. जिसे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है.

# ईचागढ़ थाना प्रभारी ने चलाया वाहन जांच अभियान

**दैनिक समाज जागरण शेखर सुमन ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ : शुक्रवार को ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक में वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर में वाहन जांच,वाहन चालकों को अवैध हथियार आदि का तलाशी प्रारंभ किया गया।ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक में बैरियर लगाकर जांच किया गया। ईचागढ़ थाना के थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में गहन जांच अभियान के साथ चालकों व वाहनों का गहन तलाशी लिया गया। थाना प्रभारी ने खुद वाहनों को रोककर डिक्की,ड्राइविंग,लाइसेंस,हथियार, हेलमेट आदि का गहन जांच किया। उन्होंने कहा कि अवैध हथियार आदि का तलाशी लिया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में कोई भी अवैध हथियार लेकर घुमने वालों का धर पकड़ किया जा सके। वहीं हेलमेट लाइसेंस आदि का जांच किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार वाहन जांच, पुलिस गस्ती किया जाएगा। कहा कि बीना हेलमेट पहने बाईक चालकों के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टिकोण से लोगों को हेलमेट पहनकर ही बाईक चलाने का कपिल किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता के साथ कड़ाई भी जरूरी है। किसी भी हाल में हेलमेट पर छुट नहीं दिया जाएगा।



वहीं ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने कुछ जरुरत मंदों को अपने स्तर से हेलमेट भी दिया। उन्होंने सभी को सड़क पर दो पहिए वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील किया। उन्होंने कहा कि दुघर्टना किसी भी समय पर हो सकता है, हेलमेट पहनना से दुर्घटना से बचा जा सकता है। थाना प्रभारी के इस व्यवहार से लोग काफी खुश दिखे। पुलिस के इस तरह नेक कार्य को लोगों ने खुब सराहना किया।

# पटमदा के लावा गांव में ट्रांसफॉर्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा प्रखंड मुख्यालय से सटे लावा गांव में शुक्रवार की सुबह दोनों खराब ट्रांसफॉर्मर के बदले नया ट्रांसफॉर्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।



करीब 4 दिनों तक अंधेरे में रहने के बाद काली मंदिर के समीप 100 केवीए एवं पेट्रोल पंप के पास 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगने से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली। इस संबंध में ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने बताया कि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के प्रयास से ही 4 दिनों के अंदर ट्रांसफॉर्मर लग गया। उन्होंने इस कार्य के लिए विधायक मंगल कालिंदी का आभार जताया है।मौके पर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, विजय कुमार पंडित, सरकार कालिंदी, मिलन दास, संजय मल्लिक, आलोक सिंह, महादेव मल्लिक, लक्ष्मण सिंह, कालू सिंह, प्रदीप कुंभकार, बिजली विभाग के कर्मचारी सुरेश रजक व मोहम्मद महमूद आदि मौजूद थे

# पटमदा में कई जगहों पर झामुमो ने मनाया जश्न, बांटे गए लड्डू

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सह राज्य सरकार में झामुमो कोटे से मंत्री बेबी देवी की भारी मतों से हुई जीत की खुशी में झामुमो कार्यकताओं ने पटमदा एवं बोड़ाम में कई जगहों पर जश्न मनाया।



पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू के नेतृत्व में झामुमो कार्यकताओं ने साथ गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकालकर जमकर आतिशबाजी की एवं लोगों के बीच लड्डू का वितरण किया। मौके पर बीस सूत्री सदस्य कालीपद महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, दिवाकर टुडू, जामिनी प्रमाणिक, संजय सिंह, जितुलाल मुर्मू, सुजीत महतो, सिजेन हेम्ब्रम, बीरबल सिंह, साधु दास, मिलन दास, विपिन कुंभकार, राजू कर्मकार व कांग्रेस नेता विश्वामित्र दास समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

दूसरी ओर झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष समीर महतो ने कमलपुर थाना क्षेत्र के तिलाबनी, चड़कपाथर व माहलीपाड़ा गांव में सैकड़ों लोगों के बीच लड्डू का वितरण किया और खुशियों का इजहार किया।

# चांडिल डैम का बढ़ता जलस्तर के कारण कई गांव जलमग्न, लोगों के बीच दहशत

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिलः लगातार हो रही बारिश से चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। जलस्तर बढ़ने के बाद चांडिल डैम के डूब क्षेत्र के दर्जनों विस्थापित गांव जलमग्न हो गए हैं। डैम का जलस्तर बढ़ने के बाद विस्थापितों की परेशानी बढ़ गई है. लोग अपने घरों में दहशत के साथ रह रहे हैं। डैम का जलस्तर बढ़ने के बाद 12 रेडियल गेट खोल दिये गये हैं. इनमें सात रेडियल गेट को एक-एक मीटर और पांच रेडियल गेट को आधा-आधा मीटर खोला गया है। शुक्रवार की सुबह डैम का जलस्तर 181.90 मीटर दर्ज किया गया है. गुरुवार की रात डैम का जलस्तर 181.80 मीटर दर्ज किया गया था. लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे पांच रेडियल गेटों को एक साथ खोल दिया गया।

जलमग्न हुए डूब क्षेत्र के गांव चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने के साथ डैम के किनारे डूब क्षेत्र में स्थित दर्जनों विस्थापित गांवों में पानी घुस गया है. डैम के पानी से जलमग्न विस्थापित गांवों में रहने वाले विस्थापित परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को हो रही है। ईचागढ़ गांव के विद्यार्थियों को नाव का सहारा लेकर घर से गांव के बाहर



तक निकलना पड़ रहा है। वहीं रोजमर्रा के काम से गांव से बाहर जाने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वैसे बारिश होते ही विस्थापितों की दिल की धड़कन बढ़ जाती है. तेज बारिश होने पर डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ता है। जिसके कारण डैम के किनारे बसे डूब क्षेत्र के गांवों में डैम का पानी घुस जाता है।डूब क्षेत्र के गांवों में रहने वाले विस्थापितों ने कहा कि बगैर संपूर्ण मुआवजा और पुनर्वास सुविधा दिए विस्थापित परिवारों को डुबाना असंवैधानिक है. परियोजना प्रशासन पहले विस्थापित परिवारों को संपूर्ण मुआवजा का भुगतान करे और सभी को संपूर्ण पुनर्वास की सुविधा दे.उसके बाद डैम में जल भंडारण करे. प्रतिवर्ष डूब क्षेत्र के गांव जलमग्न होते हैं, जिससे विस्थापित परिवारों की परेशानी बढ़ जाती है. बताया जाता है कि विस्थापित होने के बाद परियोजना प्रशासन की ओर से संपूर्ण मुआवजा और पुनर्वास की सुविधा नहीं मिलने के कारण सैकड़ों की संख्या में विस्थापित परिवार अब भी अपने पुराने गांव में ही रहते हैं।

# बोड़ाम में खेलो झारखंड प्रतियोगिता आयोजित, सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**नंदा रजक , दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : प्रखंड शिक्षा परिवार की ओर से शुक्रवार को खेलो झारखंड के तहत बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए विद्यार्थियों का प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन बांकादा फुटबॉल मैदान में हुआ। समापन समारोह में बेलडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि परिमल सिंह, ग्राम प्रधान भ्रमर सिंह, पंसस प्रतिनिधि प्रबोध महतो, वार्ड सदस्य पशुपति सिंह, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने विभिन्न खेलों मे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया

मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक विकास होता है और उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित



करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधनों से छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया और उन्हें जिला एवं राज्य स्तर पर प्रखण्ड का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दीं।

इसमें बालक/बालिका वर्ग में अंडर-14, अंडर-17, अंडर -19 आयु वर्ग के लिए 100, 200, 400, 600 एवं 800 मीटर दौड़, 4100 रीले, ऊंची कूद, लम्बी कूद, शॉटपुट थ्रो, डिस्कस थ्रो, जैवलीन, तीरंदाजी एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय खेलो झारखण्ड 2023-24 में भाग लेंगे।आयोजन को सफल बनाने में प्रखंड साधन सेवी मनोरंजन महतो, शिक्षक राजेश कुमार, रवि नरेश प्रसाद, जगदीश चंद्र महतो, प्रबोध महतो, मधुसूदन प्रसाद, जनार्दन गोराई, जगदीश प्रसाद मंडल, रामपद महतो, पंचानन महतो, चन्द्रभानु गुप्ता, विजय सिंह, संचिता सिन्हा, परेश नाथ महतो, जीवन गोप, मुकेश प्रसाद, शांतुनु मिश्रा व गोपेश्वर रजक के साथ अन्य शिक्षकों का महत्वपुर्ण योगदान रहा

# पटमदा व बोड़ाम की सेविकाओं ने विधायक प्रतिनिधि को सौंपा मांगपत्र

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार को पटमदा डाकबंगला भवन परिसर में संपन्न हुई। बैठक में सेविका व सहायिकाओं को अपना लंबित मानदेय समेत



अन्य समस्याओं से विधायक मंगल कालिंदी को अवगत कराना था। लेकिन दूसरे कार्यक्रम में व्यस्त रहने के कारण बैठक में वे शामिल नहीं हो सके।विधायक के निर्देश पर प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने उपस्थित होकर चर्चा की। इस दौरान सेविकाओं ने जनवरी से अगस्त तक बकाया मानदेय दिलाने, गैस सिलेंडर व रिफिल राशि का जल्द से जल्द भुगतान करवाने के लिए विधायक के नाम प्रतिनिधि को एक मांगपत्र सौंपा। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि सेविकाओं द्वारा जो समस्याओं की जानकारी दी गई उससे विधायक को अवगत करा दिया गया है। इस दौरान झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, सेविका छाया रानी महतो, शीतला महतो, द्रोपदी व इंद्रा महतो आदि उपस्थित थे।

# वायु सेना उप प्रमुख ने उड़ाया हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर एचटीटी-40

वायु सेना उप प्रमुखएयर मार्शल आशुतोष दीक्षित एवीएसएम वीएम वीएसएम ने आज बेंगलुरु में बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर एयरक्राफ्ट - 40 (एचटीटी-40) उड़ाया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित, विमान स्वदेश में डिजाइन किया गया है और एचएएल के विमान अनुसंधान एवं डिजाइन केन्द्र द्वारा विकसित किया गया है। यह भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर आधारित है।



एचटीटी-40 एक पूरा एरोबेटिक विमान है, जो चार ब्लेड वाले टर्बो-प्रोप इंजन द्वारा संचालित है। यह एक अत्याधुनिक ग्लास कॉकपिट, आधुनिक एवियोनिक्स और जीरो-जीरो इजेक्शन सीट सहित नवीनतम सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित है। ट्रेनर की अधिकतम गति 450 किलोमीटर प्रति घंटा और अधिकतम सर्विस सीलिंग छह किलोमीटर है। एचटीटी-40 ने पहली बार 31 मई 2016 को उड़ान भरी और 06 जून 2022 को सिस्टम स्तर का प्रमाणपत्र प्राप्त किया। सैन्य उड़ान योग्यता और प्रमाणन केन्द्र की मंजूरी से पूरा विमान अभी चल रहा है।

भारतीय वायु सेना ने 70 विमानों की आपूर्ति के लिए एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसका प्रवेश 15 सितम्बर 2025 को शुरू होगा और 15 मार्च 2030 तक जारी रहेगा। एचटीटी-40 भारतीय सशस्त्र बलों के प्रारंभिक पायलटों की प्रशिक्षण गुणवत्ता को बढ़ाएगा। खरीद में विमान के लिए एक पूर्ण मिशन सिम्युलेटर भी शामिल होगा जो हवाई प्रशिक्षण का पूरक होगा, जिससे पायलटों को उड़ान से पहले जमीन पर विभिन्न अभ्यास कर सकेगें । एचटीटी-40 सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत'की कल्पना के अनुरूप रक्षा और विमानन क्षेत्र में अधिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में एक और कदम है।

# यह समझौता ज्ञापन उद्योग जगत और शिक्षाविदों के सहयोग से नई शिक्षा नीति को और ज्यादा मजबूत करेगा

वडोदरा में भारतीय रेलवे की गति शक्ति यूनिवर्सिटी (जीएसवी) और एयरबस ने आज भारतीय विमानन क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस संदर्भ में, आज नई दिल्ली के रेल भवन में श्री रेमी मेलार्ड (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया) और प्रोफेसर मनोज चौधरी (कुलपति, गति शक्ति विश्वविद्यालय) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू पर हस्ताक्षर रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में किया गया, जो गति शक्ति विश्वविद्यालय के पहले कुलपति भी हैं। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री जया वर्मा सिन्हा और रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित हुए। हाल ही में एयरबस और टाटा ने गुजरात के वडोदरा में भारत में सी-295 विमान का डिजाइन, नवाचार, निर्माण और विकास के लिए एक साझेदारी की घोषणा की थी। एयरबस दुनिया में वाणिज्यिक विमानों का सबसे बड़ा निमार्ता है और हेलीकॉप्टरों, रक्षा एवं अंतरिक्ष उपकरणों का एक प्रमुख निमार्ता है। इस कंपनी का भारत के साथ पुराना संबंध है। कंपनी भारत को एक विश्व स्तरीय वाणिज्यिक विमानन केंद्र और प्रतिभा और संसाधनों के केंद्र के रूप में देखती है। कंपनी देश में पूरी तरह से एकीकृत विमान विनिर्माण व्यवसाय प्रणाली विकसित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। मेक इन इंडिया सिद्धांत एयरबस की व्यावसायिक रणनीति के मूल में है और कंपनी धीरे-धीरे वैश्विक विनिर्माण में देश के योगदान को बढ़ा रही है।

इस अवसर पर श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ह्लजीएसवी प्रबल उद्योग-अकादमिक साझेदारी पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। इसके सभी कोर्स उद्योग के सहयोग से तैयार किए जाएंगे। जीएसवी में अध्ययन करने वाले छात्र उद्योग के लिए तैयार होंगे। परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में रोजगार के लिए उनकी अत्यधिक मांग होगी। एयरबस के साथ आज का समझौता ज्ञापन इस लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।ह्व

इस अवसर पर श्री रेमी मेलार्ड, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया ने कहा, ह्लएक कंपनी के रूप में जो कि भारत में एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, हम मानव पूंजी विकास में निवेश करने की अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। गति शक्ति विश्वविद्यालय के साथ हुई यह साझेदारी देश में कुशल कार्यबल की एक मजबूत तंत्र विक-




सित करेगी, जो भविष्य में अपने देश में तेजी से बढ़ते एयरोस्पेस क्षेत्र की सेवा के लिए तैयार होगी। यह उद्योग-शैक्षणिक साझेदारी, नियमित छात्रों और कामकाजी पेशेवरों के लिए क्षेत्र-प्रासंगिक कौशल पाठ्यक्रमों एवं कार्यक्रमों, संकाय के लिए संयुक्त अनुसंधान एवं औद्योगिक अनुभव, छात्रों के लिए इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट और छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के सह-विकास और सह-वितरण को सक्षम बनाएगा। यह उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरुप छात्रों के लिए नौकरी के अवसर उत्पन्न करेगा। यह उम्मीद की जाती है कि एयरबस भारतीय परिचालन में 15,000 छात्रों को नौकरियों के अवसर प्रदान करेगा।

गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) वडोदरा की स्थापना 2022 में संसद के एक अधिनियम द्वारा पूरे परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों के लिए सर्वश्रेष्ठ श्रेणी की जनशक्ति एवं प्रतिभा का निर्माण करने के लिए किया गया था। यह केंद्रीय विश्वविद्यालय रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है और रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव इसके पहले कुलपति हैं।

परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए, जीएसवी "अपनी तरह का पहला" विश्वविद्यालय है, जिसका उद्देश्य रेलवे, शिपिंग, बंदरगाहों, राजमार्गों, सड़कों, जलमार्गों और विमानन आदि में राष्ट्रीय विकास योजनाओं (पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान 2021 और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति 2022) के जनादेश को पूरा करना है। भारतीय रेलवे के सभी केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थानों के मांग-संचालित पाठ्यक्रम और अत्याधुनिक अवसंरचना का लाभ उठाते हुए, जीएसवी प्रौद्योगिकी, अर्थशास्त्र, प्रबंधन एवं नीति में पेशेवरों का एक संसाधन पूल तैयार करेगा, जिसमें बहु-विषयक शिक्षण (स्नातक/ मास्टर/ डॉक्टरेट), कार्यकारी प्रशिक्षण और अनुसंधान शामिल हैं। जीएसवी भारतीय रेलवे परिवीक्षाधीनों और सेवारत अधिकारियों को प्रशिक्षण की सुविधा भी प्रदान करेगा।

जीएसवी एक उद्योग-संचालित और नवाचार-आधारित विश्वविद्यालय है और इस कारण वह पहले से ही दुनिया के अग्रणी संस्थानों और उद्योगों के साथ कई प्रकार के सहकार्यों में शामिल है।

# भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णयात्मक और कार्योन्मुख रही है

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि नई दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास का एक नया मार्ग तैयार करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णयात्मक और कार्योन्मुख रही है जहां विकासशील और गरीब देशों की विकास से जुड़ी चिंताओं को सक्रिय रूप से आवाज दी गई है।

वंचितों की सेवा करने के गांधी जी के ध्येय का अनुकरण करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, माननीय प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि भारत विकास को गति देने के मानव-केंद्रित उपायों पर काफी जोर देता है।

माननीय प्रधानमंत्री ने जानकारी दी कि वह 'एक धरती', 'एक परिवार' और 'एक भविष्य' पर सत्र की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें मजबूत, स्थाई, समावेशी और संतुलित विकास को आगे बढ़ाने के साथ विश्व समुदाय की मुख्य चिंताओं से जुड़े कई विषय शामिल होंगे। उन्होंने मित्रता और सहयोग के बंधन को और गहरा करने के लिए कई नेताओं और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकों के आयोजन का भी उल्लेख किया।

माननीय प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि महामहिम राष्ट्रपति 9 सितंबर 2023 को नेताओं के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगी। सम्मानित नेतागण 10 सितंबर 2023 को राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। उसी दिन समापन समारोह में जी 20 नेता एक स्वस्थ, 'एक पृथ्वी' के लिए 'एक परिवार' की तरह मिलकर स्थाई और निष्पक्ष 'एक भविष्य' के लिए अपने सामूहिक दृष्टिकोण को साझा करेंगे।

**एक्स पर एक थ्रेड साझा करते हुए माननीय प्रधानमंत्री ने कहा:**

ह्लभारत को 9-10 सितंबर 2023 को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है। यह भारत द्वारा आयोजित होने वाला पहला जी-20 शिखर सम्मेलन है। मैं अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा की आशा करता हूं। यह मेरा दृढ़ विश्वास है कि नई दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास का एक नया मार्ग तैयार करेगा।